सूर्योदय 6:44 सूर्यास्त 5:25

आज का तापमान

शिमला	8.4 न्यू	19 अधि
धर्मशाला	14 न्यू	23 अधि

बाजार

सेंसेक्स	83,871
निफ्टी	25,695
सोना 1,24,147	चांदी 1,54,338

www.anantgyaan.in

अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 12 नवंबर 2025 | 28 कार्तिक, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 315, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

VIVEKANAND SUPER-SPECIALITY HOSPITAL PALAMPUR

New Additions
- Department of Neurology
- Department of Urology
- Department of Pulmonology
- Department of Nephrology & Dialysis
- Department of Critical Care& Emergency

Facilities
- Lab (All Blood Test)
- Bronchoscopy.
- Angiography, Angioplasty
- Joint Replacement (Knee & HIP)
- Plastic Surgeries.
- EEG, MRI.
- Laser Lithotripsy, PCNL, URSL.
- Device Implantation (Pacemaker, AICD, CRTD)
- All Laparoscopic Surgeries.

24 X 7 EMERGENCY & TRAUMA CARE

Vivekanand Medical Institute, Mohal Holta, Palampur, Kangra, HP-176062
01894-236010/12, 98177-86177, www.vmipalampur.com

ECHS & TPA FACILITY AVAILABLE

SRI SAI GROUP OF INSTITUTES
Transforming Dreams into Reality
B.Tech (AI & ML) with IBM Innovation Centre for Education
PATHANKOT-PUNJAB
www.srisaigroup.in
84271 84271, 9417050602

गृह मंत्रालय ने एनआईए को सौंपी दिल्ली ब्लास्ट मामले की जांच

पुलवामा से डॉ. उमर का दोस्त डॉ. सज्जाद गिरफ्तार, 40 और लोग हिरास्त में

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली में सोमवार शाम हुए कार ब्लास्ट की जांच करीब 20 घंटे बाद एनआईए को सौंप दी गई। इस बीच ब्लास्ट में मरने वालों की संख्या मंगलवार को बढ़कर 12 हो गई, इनमें 2 महिलाएं हैं। अब तक दो शवों की पहचान हो पाई है, बाकी की पहचान डीएनए टेस्ट से होगी। 20 घायलों का इलाज जारी है।

लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-एक के पास सोमवार शाम करीब 6.52 बजे हुए ब्लास्ट में जिस सफेद आई20 कार का इस्तेमाल हुआ, उसका सीसीटीवी फुटेज मंगलवार को सामने आया। मेट्रो स्टेशन की पार्किंग से निकल रही कार में काला मास्क पहने एक शख्स बैठा दिखाई दिया।

पुलिस के मुताबिक कार में बैठे शख्स का नाम डॉ. मोहम्मद उमर नबी है। वह पुलवामा का रहने वाला है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक उसने विस्फोटकों से खुद को उड़ा लिया था। उसके डीएनए टेस्ट के लिए जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पुलवामा में उसके माता-पिता और दो भाइयों समेत को हिरासत में लिया है। पुलवामा से ही उमर के दोस्त डॉ. सज्जाद को भी हिरासत में लिया गया। उसकी एक दिन पहले ही शादी हुई है। इधर, हरियाणा के फरीदाबाद से एक महिला डॉ. शाहीन शाहिद की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस के मुताबिक शाहीन भारत में जैश-ए-मोहम्मद की महिला विंग 'जमात-उल-मोमीनात' की हेड थी। पाकिस्तान में आतंकी अजहर मसूद की बहन सादिया इसी चीफ है। (अनंत ज्ञान)

डॉ. उमर और डॉ. सज्जाद।

दिल्ली ब्लास्ट पर भूटान में भावुक हुए पीएम मोदी

थिम्पू। पीएम मोदी ने दिल्ली में हुए ब्लास्ट को लेकर कहा कि इस घटना में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। मोदी 2 दिन के दौरे पर मंगलवार को ही भूटान पहुंचे हैं। उन्होंने स्पीच देते हुए कहा कि वे यहां पर भारी मन से आए हैं।

कहा- दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा

कल शाम दिल्ली में हुई भयावह घटना से सभी के मन को दुखी कर दिया है। मोदी ने आगे कहा कि इस साजिश के पीछे जो भी लोग हैं उन्हें बख्शा नहीं जाएगा, जो भी जिम्मेदार हैं, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। हमारी एजेंसियां इस साजिश की तह तक जाएंगी।

सेना सीमावर्ती क्षेत्रों में 20 स्थानों पर स्थापित करेगी विंड टरबाइन परियोजनाएं

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को भारतीय सेना की सेंट्रल कमांड के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर हिमाचल प्रदेश में सेना द्वारा चल रही विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की ओर से इन परियोजनाओं के सुचारु क्रियान्वयन के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

बैठक में जानकारी दी गई कि भारतीय सेना सीमावर्ती क्षेत्रों में 20 स्थानों पर विंड टरबाइन परियोजनाएं स्थापित करने पर विचार कर रही है। इस संबंध में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा चुकी है। अनुमान है कि इन टरबाइन से प्रतिवर्ष 68,000 से 80,000 किलोवाट घंटे ऊर्जा का उत्पादन होगा, जो लगभग 120 से 160 घरों की बिजली आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल न केवल ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम है, बल्कि सीमांत क्षेत्रों के सतत विकास में भी सहायक सिद्ध होगी।

सीएम ने कहा कि राज्य सरकार और भारतीय सेना द्वारा संयुक्त रूप से शुरू की गई सीमा पर्यटन पहल से उल्लेखनीय परिणाम देखने को मिले हैं। सीमावर्ती इलाकों में पर्यटकों की आमद में तेजी से वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2024 में जहां लगभग 21,000 पर्यटक पहुंचे थे, वहीं 2025 में यह संख्या बढ़कर 70,000 से अधिक हो गई है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीमावर्ती क्षेत्रों में आने वाले पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं ताकि उनका समग्र अनुभव और अधिक आकर्षक बन सके।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने शिपकी-ला दर्रे के माध्यम से भारत-चीन सीमा व्यापार को फिर से शुरू करने के संबंध में केंद्र सरकार को पत्र लिखा है और इस दिशा में सकारात्मक संकेत मिले हैं। भारत और चीन दोनों ने लिपुलेख दर्रे, शिपकी-ला दर्रे और नाथू-ला दर्रे के माध्यम से व्यापार को पुनः आरंभ करने पर सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि इससे सीमा क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियां तेज होंगी और स्थानीय लोगों को नए अवसर प्राप्त होंगे।

उन्होंने रंगरिक में प्रस्तावित हवाई अड्डे की प्रगति की भी समीक्षा की और सेना के अधिकारियों से परियोजना पर तेजी से कार्य सुनिश्चित करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस हवाई अड्डे के निर्माण से क्षेत्र में पर्यटन और संपर्क दोनों को बढ़ावा मिलेगा।

सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ परियोजनाओं की समीक्षा बैठक करते हुए।

न्यूज शॉर्ट्स

ईशा देओल बोलीं- धर्मेंद्र के निधन की खबरें गलत

एजेंसी, मुंबई। अभिनेता धर्मेंद्र (89) की बेटी ने उनके निधन की खबर को गलत बताया है। ईशा ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि मीडिया पूरी तरह गलत खबरें फैला रहा है। पापा की हालत स्थिर है और वे रिकवर कर रहे हैं। वहीं, हेमा मालिनी ने भी निधन की खबरें सामने आने के बाद नाराजगी जताते हुए लिखा कि जो हो रहा है, वह माफ करने लायक नहीं है। जिम्मेदार चैनल किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में झूठी खबरें कैसे फैला सकते हैं, यह बेहद असम्मानजनक और गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार है। (अनंत ज्ञान)

ट्रंप की बीबीसी पर 8400 करोड़ के मुकदमे की धमकी

एजेंसी, वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिटेन के प्रमुख मीडिया संगठन बीबीसी पर एक अरब डॉलर (करीब 8,400 करोड़ रुपए) का मानहानि मुकदमा करने की धमकी दी है। उनके वकीलों ने बीबीसी को कानूनी नोटिस भेजा है, जिसमें माफी और आर्थिक मुआवजे की मांग की गई है। विवाद अक्तूबर 2024 में रिलीज हुई पैनोरमा डॉक्यूमेंट्री को लेकर है, जिसमें ट्रंप की 6 जनवरी 2021 की स्पीच के हिस्सों को जोड़कर दिखाया गया था। इस मामले के बाद बीबीसी के डायरेक्टर जनरल और न्यूज सीईओ ने इस्तीफा दे दिया। (अनंत ज्ञान)

तुर्किये का सैन्य मालवाहक विमान जॉर्जिया में दुर्घटनाग्रस्त

एजेंसी, अंकारा। अजरबैजान की सीमा के पास जॉर्जिया में मंगलवार को तुर्किये का एक सैन्य मालवाहक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। तुर्किये और जॉर्जिया के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। तुर्किये के समाचार चैनलों पर प्रसारित वीडियो फुटेज में विमान को नीचे की ओर गिरते हुए तथा सफेद धुंआ छोड़ते हुए दिखाया गया है। यह स्पष्ट नहीं है कि विमान में चालक दल के कितने सदस्य सवार थे। (अनंत ज्ञान)

भड़काऊ भाषण केस में आजम खां बरी

एजेंसी, नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां को भड़काऊ भाषण मामले में मंगलवार को राहत मिली। एमपी-एमएलए कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में उन्हें बरी कर दिया। अदालत ने विवेचक के खिलाफ कार्रवाई का आदेश भी दिया। 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान दर्ज यह मामला चुनाव आचार संहिता उल्लंघन से जुड़ा था। कोर्ट से बाहर आजम खां ने कहा कि पुलिस ने सच छिपाने की पूरी कोशिश की थी, पर न्याय मिला। (अनंत ज्ञान)

अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- लवी मेला एकता व सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक: राज्यपाल -पेज 3
- स्कूटी बिजली के पोल से टकराई एक युवक की मौत, दूसरा घायल -पेज 5
- निर्माणाधीन श्मशानघाट को लेकर हो निष्पक्ष जांच -पेज 7
- रियायती यात्रियों के लिए 'हिम बस कार्ड' प्रक्रिया शुरू -पेज 10
- सपरून में अधूरा फुटपाथ राहगीरों के लिए खतरा -पेज 12

यौन उत्पीड़न मामले में विधायक हंसराज को मिली अग्रिम जमानत

ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान

भरमौर। यौन उत्पीड़न के आरोपों में घिरे भाजपा एमएलए हंसराज चंबा न्यायालय से अग्रिम जमानत मिल गई है। इस मामले को लेकर अगली सुनवाई 22 नवंबर को होगी। इसको लेकर विधायक हंसराज के वकील की ओर से सोमवार को चंबा की अदालत में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी। याचिका पर मंगलवार को दोपहर बाद जिला अदालत में सुनवाई हुई, जिसमें विधायक हंसराज को यौन उत्पीड़न मामले में गिरफ्तारी को लेकर बड़ी राहत मिली है। इससे पहले चंबा पुलिस ने हंसराज को पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन वह पेश नहीं हुए। इस दौरान पुलिस ने मामले में साक्ष्य जुटाने का काम किया है।

22 नवंबर को होगी अगली सुनवाई

चूंकि मामले में युवती ने अपने नाबालिग होने के दौरान यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज की है, लिहाजा डॉ. हंसराज पर पॉक्सो एक्ट के तहत भी धारा लगी है। ऐसे में गिरफ्तारी से बचने के लिए अग्रिम जमानत याचिका लगाई गई थी।

बीजापुर में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़

एजेंसी, बीजापुर। छत्तीसगढ़ के जिला बीजापुर में मंगलवार शाम माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच जोरदार मुठभेड़ हुई। यह घटना तारलागुड़ क्षेत्र के अन्नाराम जंगलों में हुई। माओवादी गतिविधियों को रोकने के लिए वनांचल और अंतर्राज्यीय सीमा क्षेत्रों में लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में यह मुठभेड़ हुई। सुरक्षा बलों ने सर्च अभियान के दौरान मुठभेड़ स्थल से एक घायल माओवादी को जिंदा पकड़ा। उसे तुरंत हिरासत में लेकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। साथ ही उससे पूछताछ भी शुरू कर दी गई है। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ से महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। अभियान में शामिल सुरक्षा बलों में जिला पुलिस, डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) और सीआरपीएफ की टीमें शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

प्रदूषण के बीच दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-3 लागू

एजेंसी, नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हवा में जहर का लेवल पिछले कुछ दिनों से लगातार बढ़ती जा रही है। केंद्र ने राष्ट्रीय राजधानी की एयर क्वालिटी 'गंभीर' कैटेगरी में पहुंचने के बाद मंगलवार को दिल्ली-एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी-3) के तीसरे चरण के तहत कड़े प्रतिबंध लागू किए। कमिशन ऑफ एयर क्वालिटी मैनेजमेंट (सीएक्यूएम) ने कहा कि यह निर्णय दिल्ली के औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) के सोमवार के 362 से बढ़कर मंगलवार सुबह 425 हो जाने के बाद लिया गया।

दिल्ली की एयर क्वालिटी धीमी गति से हवा चलने स्थिर वातावरण और प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण बिगड़ी है। तीसरे चरण के प्रतिबंधों में गैर-आवश्यक निर्माण कार्य पर रोक और पत्थर तोड़ने वाली मशीनों तथा खनन गतिविधियों पर रोक शामिल हैं। यह ग्रैप के पहले और दूसरे चरण के तहत उठाए गए उपायों के अतिरिक्त हैं। तीसरे चरण के तहत पांचवीं तक के स्कूल को हाइब्रिड रूप से संचालित किया जाएगा। अभिभावकों और छात्रों के पास जहां भी उपलब्ध हों, ऑनलाइन क्लासेस को चुनने का विकल्प है। तीसरे चरण के अंतर्गत दिल्ली और आसपास स्थित एनसीआर के जिलों में बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल कारों (चार पहिया वाहनों) का उपयोग प्रतिबंधित है। दिव्यांग व्यक्तियों को इससे छूट दी गई है।

सर्दियों के दौरान दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में ग्रैप के तहत प्रतिबंध लागू होते हैं, जो एयर क्वालिटी को चार चरणों में बांटता है। चरण-1 (खराब, एक्यूआई 201-300), चरण -2 (बहुत खराब, एक्यूआई 301-400), चरण-3 (गंभीर, एक्यूआई 401-450), और चरण-4 (गंभीर, एक्यूआई 450 से ऊपर)।

एक्यूआई 400 पार

आज से शुरू होगा सनवारा टोल बैरियर

पुष्पेंद्र, अनंत ज्ञान

शिमला। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने बहुप्रतीक्षित सनवारा टोल बैरियर को आज से शुरू करने की अनुमति दे दी है। कोर्ट के इस फैसले के साथ सोलन से शिमला तक एनएच-5 पर टोल वसूली का रास्ता साफ हो गया है। पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया था कि जब तक राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और राज्य सरकार सोलन से शिमला तक सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्सों को समयबद्ध रूप से दुरुस्त नहीं कर देते, तब तक टोल वसूली शुरू नहीं की जा सकेगी।

हाईकोर्ट ने दी अनुमति

मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश जिया लाल भारद्वाज की खंडपीठ ने एनएचएआई व राज्य सरकार को दस दिन की अवधि में सभी आवश्यक सुधार कार्य पूरे करने के निर्देश दिए थे। कोर्ट ने बालूगंज यू-टर्न क्षेत्र में सुधार कार्य शीघ्र पूर्ण करने और शिमला नगर निगम को भी यातायात सुगमता के लिए आवश्यक कदम उठाने का आदेश दिया था। निर्देशों का पालन होने के बाद कोर्ट ने अब टोल बैरियर शुरू करने की अनुमति दे दी है।

निठारी कांड के दोषी सुरेंद्र कोली को सुप्रीम कोर्ट ने किया बरी

एजेंसी, नई दिल्ली। निठारी हत्याकांड के दोषी ठहराए गए सुरेंद्र कोली को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। मंगलवार को उच्चतम न्यायालय ने कोली की क्यूरेटिव याचिका स्वीकार कर ली, जिसके बाद अब वह जेल से बाहर आ सकेंगे, क्योंकि बाकी सभी मामलों में वह पहले ही बरी हो चुके हैं। यह आदेश मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ ने दिया, जिसने कोली की याचिका पर खुले कोर्ट में सुनवाई की थी। अदालत ने कोली की सजा को रद्द करते हुए कहा कि अगर वह किसी और मामले में वांछित नहीं हैं, तो उन्हें तुरंत रिहा किया जाए। यह फैसला उन परिवारों और कानूनी हलकों के लिए अहम है, जो पिछले 18 वर्षों से इस मामले पर नजर रखे हुए थे। (अनंत ज्ञान)

पीएम मोदी और भूटान नरेश ने ऊर्जा, संपर्क रक्षा सहित कई क्षेत्रों में सहयोग पर की चर्चा

एजेंसी, थिंपू

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने ऊर्जा, क्षमता निर्माण, कनेक्टिविटी, प्रौद्योगिकी, रक्षा और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग सहित विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की।

प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत के बाद दोनों नेताओं ने भारत और भूटान की ओर से संयुक्त रूप से विकसित 1020 पुनात्सांगछू-2 जलविद्युत परियोजना का उद्घाटन किया। मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भूटान नरेश महामहिम जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के साथ बहुत अच्छी बैठक हुई। हमने भारत-भूटान संबंधों के संपूर्ण आयाम पर चर्चा की।

उन्होंने लिखा कि हमने ऊर्जा, क्षमता निर्माण, कनेक्टिविटी, प्रौद्योगिकी, रक्षा और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की। भारत को भूटान की विकास यात्रा में एक प्रमुख भागीदार होने पर गर्व है। मोदी भूटान की दो दिवसीय यात्रा पर मंगलवार सुबह थिंपू पहुंचे। भारत और भूटान के बीच संबंध लगातार प्रगाढ़ हो रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

हिमाचल में चार आईपीएस अधिकारियों के तबादले

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश सरकार ने मंगलवार को चार आईपीएस अधिकारियों के तबादले और पदस्थापन के आदेश जारी किए हैं। गृह विभाग सेक्शन-डी की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि ये आदेश लोकहित में तत्काल प्रभाव से लागू होंगे। आदेशों पर मुख्य सचिव संजय गुप्ता के हस्ताक्षर हैं।

आईपीएस अरविंद दिग्विजय नेगी बैच 2011 को पुलिस उप महानिरीक्षक के पद पर पदोन्नति के बाद नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, सीआईडी शिमला में डीआईजी के रूप में नियुक्त किया गया है।

आईपीएस रोहित मालपानी बैच 2012, जो अभी तक कमांडेंट, प्रथम एचपीएपी जुन्गा के पद पर कार्यरत थे और पुलिस अधीक्षक साइबर अपराध, शिमला का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रहे थे, उन्हें अब पुलिस अधीक्षक, साइबर अपराध, शिमला के पद पर स्थायी रूप से नियुक्त किया गया है।

आईपीएस डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन बैच 2014, जो वर्तमान में पुलिस अधीक्षक कुल्लू के पद पर थे और अनिवार्य प्रतीक्षा में रखे गए थे, को अब कमांडेंट, तृतीय भारतीय रिजर्व बटालियन (आईआरबी), पंडोह, जिला मंडी के पद पर तैनात किया गया है। आईपीएस पदम चंद बैच 2015, जो अब तक कमांडेंट, तृतीय आईआरबी पंडोह के पद पर तैनात थे, को कमांडेंट, प्रथम एचपीएपी जुन्गा, जिला शिमला के पद पर भेजा गया है।

पोल ऑफ पोल्स एनडीए को 154 सीटों के साथ बहुमत; महागठबंधन को सिर्फ 84 सीटें, पीके की जनसुराज बेअसर

एग्जिट पोल में बिहार में फिर एनडीए सरकार

एजेंसी, पटना

बिहार चुनाव के एग्जिट पोल में एनडीए की बड़ी बढ़त के संकेत मिले हैं। 13 एजेंसियों के पोल ऑफ पोल्स में एनडीए को 154 सीटें मिलने का अनुमान है। महागठबंधन 84 सीटों पर सिमटता दिख रहा है, जबकि अन्य के खाते में 5 सीटें जा सकती हैं।

पहली बार चुनाव में उतरी प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी बेअसर नजर आ रही है। उसे 3-5 सीटें मिलने का अनुमान है। पिछले चुनाव में एनडीए को 125, महागठबंधन को 110 और अन्य को 8 सीटें मिली थीं। यानी इस बार एनडीए को करीब 29 सीटों का फायदा, जबकि महागठबंधन को 28 सीटों का नुकसान होता दिख रहा है।

राज्य में 243 सीटों पर 2 फेज में चुनाव हुआ। पहले फेज में 121 सीटों पर 65 प्रतिशत वोटिंग हुई है। वहीं, दूसरी फेज में रिकॉर्ड 67 प्रतिशत मतदान हुआ है रिजल्ट 14 नवंबर को आएगा। (अनंत ज्ञान)

बिहार चुनाव-2025

न्यूज चैनल/एजेंसी	एनडीए	महागठबंधन	अन्य
दैनिक भास्कर	145-160	73-91	5-10
मैट्रिक-आईएएनएस	147-167	70-90	00
पीपुल पल्स	133-159	75-101	2-13
चाणक्य	130-138	100-108	3-5
टाइम्स नाउ	143	95	05
न्यूज 24	152	84	07
टीआईएफ रिसर्च	145-163	76-95	3-6

पिछले 2 चुनावों में गलत साबित हुए थे एग्जिट पोल

पिछले 3 विधानसभा चुनावों (2010, 2015, 2020) के एग्जिट पोल्स के रुझान बताते हैं कि सर्वे एजेंसियां वोटर्स का मूड ठीक से पकड़ नहीं पाईं। 2015 में ज्यादातर एग्जिट पोल्स ने एलडीए यानी भाजपा+ को बढ़त दी थी, जबकि नतीजों में महागठबंधन (आरजेडी, जेडीयू, कांग्रेस) ने स्पष्ट बहुमत हासिल किया। वहीं, 2020 में तस्वीर उलटी रही। इस बार कई एजेंसियों ने महागठबंधन की जीत का अनुमान लगाया, लेकिन परिणामों में एनडीए ने 125 सीटें जीतकर सरकार बनाई, यानी ज्यादातर पोल्स फिर गलत साबित हुए।

न्यूज ब्रीफ

महल स्कूल के मेधावी छात्र किए सम्मानित

अनंत ज्ञान, भोरंज। उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, महल में एक भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर वीरेंद्र कुमार मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने की। मुख्य अतिथि ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया और उन्हें भारतीय सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि देशभक्ति जीवन का मूलमंत्र होना चाहिए, क्योंकि यही राष्ट्र की सच्ची सेवा है। ब्रिगेडियर कुमार ने विद्यालय की एनसीसी यूनिट व 4 एचपी बटालियन एनसीसी हमीरपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जीपी सिंह के योगदान की सराहना की। समारोह में स्कूल स्टाफ, पूर्व सैनिक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

एनएचएआई ने छात्राओं को दिए ट्रैक सूट

अनंत ज्ञान, नादौन। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एनएचएआई ने जांडू कंस्ट्रक्शन लिमिटेड के सहयोग से अपनी कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) योजना के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सनाही, नादौन की छात्राओं को ट्रैक सूट वितरित किए। यह कार्यक्रम भूपेंद्र सिंह, प्रबंधक एनएचएआई, रवि सिंगल, सहायक प्रबंधक एनएचएआई व सुमित धुंदवाल, प्रतिनिधि जांडू कंस्ट्रक्शन लिमिटेड द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने छात्राओं को शिक्षा, अनुशासन और शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया।

नादौन कॉलेज की सांस्कृतिक टीम रवाना

शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन। सिद्धार्थ राजकीय महाविद्यालय नादौन की सांस्कृतिक टीम हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज यूथ फेस्टिवल (ग्रुप-3) में भाग लेने के लिए रवाना हुई। टीम में 15 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं शामिल हैं, जो प्रतियोगिता में हिमाचली लोक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देंगे। टीम का नेतृत्व प्रो. आदिका और प्रो. राजेश कर रहे हैं। रवाना होने से पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार बस्सी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने में सहायक होती हैं। उन्होंने टीम से उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

साहिल बने एबीवीपी चकमोह इकाई के अध्यक्ष

अनंत ज्ञान, बड़सर। एबीवीपी चकमोह महाविद्यालय इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री अभिलाष शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से साहिल शर्मा को चकमोह महाविद्यालय इकाई का अध्यक्ष चुना गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों का जोश, संगठन के प्रति समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना स्पष्ट झलक रही थी। अध्यक्ष बनने के बाद साहिल शर्मा ने कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, उस पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि वे छात्र हितों की रक्षा और कॉलेज के विद्यार्थियों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत और 'चलो चलें भारत मां के लाल' के जयघोष के साथ हुआ।

सुजानपुर कॉलेज के होनहार किए सम्मानित

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टिहरा में क्रैक एकेडमी चंडीगढ़ द्वारा 'मेरे शहर के 100 रत्न' कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उन विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए जिन्होंने क्रैक एकेडमी की परीक्षा में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। क्रैक एकेडमी ने यह भी घोषणा की कि शत-प्रतिशत अंक पाने वाले छात्रों को संघ लोक सेवा आयोग, हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग और कर्मचारी चयन आयोग जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निःशुल्क अध्ययन सामग्री दी जाएगी। कार्यक्रम महाविद्यालय के करियर परामर्श प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित किया गया और विद्यार्थियों को भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं एवं करियर विकल्पों के प्रति मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया।

शैक्षणिक भ्रमण कर लौटे तकनीकी विवि के छात्र

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के एमबीए पर्यटन के पहले सेमेस्टर के विद्यार्थी दो से दस नवंबर तक गुजरात और दीव का शैक्षणिक भ्रमण कर लौटे हैं। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान एमबीए पर्यटन विभाग के पहले सेमेस्टर के 26 विद्यार्थियों ने गुजरात प्रदेश और दीव के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर जाकर उसके महत्व और ऐतिहासिक पहलुओं को जाना। भ्रमण में विद्यार्थियों के साथ गए प्राध्यापक डॉ विनित कुमार और अजय कुमार ने कहा कि इस दौरान उपरोक्त क्षेत्रों की जीवंत संस्कृति विरासत, पर्यटन और अन्य पर्यटन को लेकर सतत विकास के अपनाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी हासिल की।

स्नेक मैन हिमाचल बने बैडमिंटन विजेता

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। भटेड़ सनूंह गांव में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य बलवीर सिंह द्वारा करवाई गई स्व गंगाराम गढ़वाल बैडमिंटन कोंबो 70 प्लस केटेगरी प्रतियोगिता में आलमपुर के स्नेक मैन हिमाचल के नाम से जाने वाले माथुर धीमान व उनके पार्टनर मोहित धीमान विजेता रहे। इस राज्यस्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा में 16 टीमों ने भाग लिया।

राजपूत महासभा करेगी रंजना के परिवार की मदद

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। जिला राजपूत महासभा हमीरपुर के सदस्यों ने सासन गांव में रंजना के परिवार को सांत्वना और हर संभव सहयोग देने के लिए दौरा किया। महासभा ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर घटना की त्वरित कार्रवाई की मांग की। सदस्यों ने मृतक रंजना देवी के मानसिक और शारीरिक रूप से विकलांग बेटे के लिए मासिक पेंशन व आर्थिक सहायता की भी गुहार लगाई। राज्य और केंद्र सरकार से जाति आधारित कड़ाई और अनुसूचित जाति जनजाति एक्ट के दुरुपयोग रोकने की भी मांग की गई।

जालंधर में राजीव राणा का भव्य स्वागत

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ सेवा संघ, किशनपुरा जालंधर द्वारा बाबा बालक नाथ की स्मृति में आयोजित भव्य धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम में हिमाचल वासियों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में 14वां विशाल जागरण एवं भंडारा भी भक्तिभाव से संपन्न हुआ। हिमाचल प्रदेश असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस (के.के.सी.) के प्रदेश चेयरमैन राजीव राणा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। जालंधर पहुंचते ही उन्हें हिमाचलियों और सेवा संघ के पदाधिकारियों ने ढोल-नगाड़ों और पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया। मशहूर गायक सोनू सैनी ने बाबा बालक नाथ की महिमा का गीत प्रस्तुत किया। राजीव राणा ने कहा कि बाबा बालक नाथ जी की भक्ति समाज में प्रेम, एकता और सेवा का प्रतीक है।

बेटियों ने सिंथेटिक ट्रैक पर लहराया परचम

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल की देन, हमीरपुर और धर्मशाला में स्थापित अंतरराष्ट्रीय स्तर के सिंथेटिक ट्रैक की उपयोगिता अब पूरी दुनिया के सामने है। राष्ट्रीय स्तर की पदक विजेता बेटियां मनीता और शबनम ने इसी ट्रैक पर प्रशिक्षण प्राप्त कर जिले, प्रदेश और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी श्रेष्ठता का परचम लहराया। भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र अत्री ने उन्हें उनके गांव में सम्मानित किया और कहा कि इस ट्रैक से हमारी बेटियां गरीब और सामान्य परिवारों से होकर भी खेलों में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। धर्मशाला में अंडर-14 स्कूली एथलेटिक्स प्रतियोगिता में मनीता ने 400 मीटर और 4म100 मीटर रिले में दो स्वर्ण पदक जीते, जो समाज में सकारात्मक बदलाव का जीवंत उदाहरण है।

नादौन में पुराने भवनों की खुली बोली 25 को

अनंत ज्ञान, नादौन। खंड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय नादौन के पुराने आवासीय भवनों, प्रयोगशाला भवन, भंडार कक्ष और अन्य भवनों को गिराने तथा इनके मैटिरियल को उठाने के लिए खुली बोली 25 नवंबर को सुबह दस बजे निर्धारित की गई है। यह जानकारी देते हुए सीएमओ राजेश भारद्वाज ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति 25 नवंबर को सुबह दस बजे तक खंड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय नादौन में दस हजार रुपए का बैंक ड्राफ्ट या एफडीआर जमा करवाकर इस बोली में भाग ले सकते हैं।

लैपटॉप-टैबलेट योजना में निजी स्कूलों के मेधावियों को बाहर करने का विरोध

प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने सरकार से पुनर्विचार की मांग की

विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान

हमीरपुर। लैपटॉप-टैबलेट योजना से निजी स्कूलों के मेधावी छात्रों को बाहर करने के निर्णय का हिमाचल प्रदेश प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने कड़ा विरोध किया है। संगठन ने कहा कि अधिकारियों ने केवल सरकारी स्कूलों की जानकारी लेकर योजना को सीमित किया है और निजी स्कूलों के मेधावी छात्रों को इससे अलग करना पूरी तरह अनुचित है।

एसोसिएशन ने बताया कि पिछले 18 वर्षों से यह योजना सरकारी और निजी, दोनों स्कूलों के मेधावी छात्रों को समान रूप से लाभ पहुंचाती रही है। इस फैसले से निजी स्कूलों के छात्रों का सम्मान प्रभावित होगा। एसोसिएशन के राज्य अध्यक्ष

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए जगजीत ठाकुर और अन्य अधिकारी।

जगजीत ठाकुर ने कहा कि हिमाचल की शिक्षा रैंकिंग में निजी स्कूलों का भी बड़ा योगदान है और मेरिट में शामिल बच्चों के साथ भेदभाव किसी भी तरह न्यायोचित नहीं है।

उन्होंने आरोप लगाया कि निजी स्कूलों के छात्रों के साथ भेदभाव केवल योजना तक ही सीमित नहीं है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी निजी स्कूलों के छात्रों के लिए डाइट मनी का खर्च स्कूलों से लिया जाता है, जबकि सरकारी स्कूलों के छात्रों का खर्च सरकार वहन करती है।

जगजीत ठाकुर ने शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री से जल्द बैठक की मांग करते हुए कहा कि यदि निजी स्कूलों के छात्रों के हक में कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया, तो एसोसिएशन आंदोलन करने को मजबूर होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मेधावी छात्र सभी स्कूलों में समान सम्मान के हकदार हैं।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे, जिनमें देवराज वर्मा (जिलाध्यक्ष हमीरपुर), अमित ठाकुर (प्रदेश सचिव), राजेश सिंह (प्रदेश महासचिव), अनिल ठाकुर (प्रदेश कोषाध्यक्ष), निष्पक्ष भारती (प्रदेश मीडिया कोऑर्डिनेटर), पंकज लखनपाल (जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष), ललित मोहन (भोरंज ब्लॉक अध्यक्ष), संजय कुमार (सुजानपुर ब्लॉक अध्यक्ष), दीप धीमान (बिझड़), और दिनेश ब्यास शामिल थे।

महिला सम्मान समारोह के बहाने राजनीतिक ताकत बटोरने के लिए जोर-आजमाइश

अनंत ज्ञा ब्यूरो, हमीरपुर

सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में हुए कार्यक्रम के तीन दिन बाद अब हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के लंबलू में आज होने वाले कार्यक्रम को लेकर पार्टी के संगठनात्मक ढांचे में ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है। कार्यक्रम को महिला सम्मान समारोह की संज्ञा दी गई है। लेकिन इसके आयोजन में योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन का बैनर तय किया गया है। अब क्योंकि प्रोग्राम राजनीतिक ही है, इसीलिए पार्टी के जिला संगठन के लोग इसमें जाएंगे या नहीं? इसी पर सब की नजरें टिकी हुई हैं। कारण यह है कि विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर इसमें विशेष अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इसलिए कार्यक्रम से पार्टी के पदाधिकारी कितनी दूरी बनाकर रखेंगे? इसका पता तो बुधवार को ही चलेगा, मगर सुजानपुर के बाद अब हमीरपुर विस में इस तरह के कार्यक्रमों का यह सिलसिला जिस मरहले में पहुंच गया है, पार्टी के भीतरी ढांचे में खूब चर्चाएं हो रही हैं। कारण यह भी है कि नेताओं की आपसी गुटबाजी की वजह से कार्यकर्ता और पदाधिकारी मायूसी के आलम में हैं। कौन किसके कार्यक्रम में जाएगा, इस पर अलग तरह की बहस शुरू हो चुकी है। इन कार्यक्रमों का आयोजन अचानक आखिर क्यों होने लगा है? इसकी भी चर्चा हो रही है।

चर्चा एक ही हो रही है कि हमीरपुर बेहद महत्वपूर्ण जिला है और पार्टी के भीतर जिस तरह की बड़ी दरार पैदा हो चुकी है, उसका फायदा आखिर होगा किसे? कार्यकर्ता बंटाधार में फंस चुके हैं। अब दरअसल में अपनी डफली अपना राग अलापने का भाजपा के भीतर जो बीड़ा नेताओं ने उठा लिया है, दरअसल में उसका अंजाम क्या होगा? यहां देखने को बाकी है।

जिला योगासन खेल संघ की अध्यक्ष स्वाति शर्मा जो यहां के विधायक आशीष शर्मा की पत्नी हैं, उन्हीं के हवाले से निमंत्रण गया है।

अब देखना यही होगा, क्योंकि महिलाओं को इस कार्यक्रम में सम्मानित करने की आयोजकों की योजना है। इसमें भाजपा की महिला शक्ति यानी पार्टी की पदाधिकारी यहां पहुंचती हैं या नहीं? जिला संगठन के पदाधिकारी भी सकते हैं।

राजनीति को चमकाने के लिए समाजसेवा के मंच का उपयोग दुर्भाग्यपूर्ण : डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

कांग्रेस नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा कि राजनीति को चमकाने के लिए समाजसेवा के मंच का इस्तेमाल करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। मंगलवार को सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान के नाम पर भीड़ जुटाई जा रही है, जबकि वास्तविक सम्मान उनकी प्राथमिकता में नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिनके मंचों पर महिलाओं का सम्मान किया जा रहा है, उनके नेता खुद महिलाओं के प्रति कितने सम्मानजनक हैं, यह जनता भलीभांति जानती है।

डॉ. वर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पर तीखा हमला करते हुए कहा कि अपने कार्यकाल में उन्होंने हमीरपुर की पूरी तरह अनदेखी की। पांच साल तक जयराम ठाकुर ने हमीरपुर की ओर ध्यान नहीं दिया और अब वही लोग यहां राजनीति चमकाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक एनजीओ के मंच से मुख्यमंत्री व

सरकार पर निराधार आरोप लगाए जा रहे हैं, जबकि राजनीति में संयम आवश्यक है।

वर्तमान सुक्खू सरकार की सराहना करते हुए वर्मा ने कहा कि कठिन आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद जनता को राहत दी गई है। 58 वर्ष की नौकरी बहाल की गई है, जबकि वन मित्र, रोगी मित्र और बिजली मित्रों को चार साल बाद घर नहीं भेजा जाएगा। जयराम सरकार 75 हजार करोड़ रुपये का कर्ज छोड़कर गई थी, जिसकी भरपाई आसान नहीं है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने आपदा प्रभावितों की सहायता राशि बढ़ाकर 8 लाख रुपये कर दी है तथा

कहा- सुक्खू सरकार ने कठिन हालात में भी जनता को दी राहत

हिमकेयर योजना में चल रही धांधलियों पर रोक लगाई है। उन्होंने केंद्र सरकार से अपील की कि प्रधानमंत्री मोदी हिमाचल के लिए 1500 करोड़ रुपये की विशेष सहायता दें और राज्य के फंसे हुए जीएसटी के हजारों करोड़ रुपये जल्द जारी करें। स्टाफ चयन बोर्ड पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि अब भर्तियां पारदर्शी ढंग से हो रही हैं और भाजपा शासनकाल के रुके रिजल्ट घोषित किए जा चुके हैं।

'पहचान' संस्था देगी गोलू को सहारा

सासन गांव में रंजना के बेटे को पहचान संस्था ने लिया गोद

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

जिला के सासन गांव में हुई बेहद दुखद घटना से रंजना के अक्षम बेटे को देखकर हर किसी की आंखे पसीज रही हैं। सभी लोग रंजना के परिवार को आर्थिक सहायता व अन्य प्रकार की सहायता देने की बात कर रहे हैं, लेकिन दिनभर अपनी मां को ढूंढ रहा अक्षम गोलू की सहायता कैसे की जाए। इसी बात को सोचकर हर कोई सहम जाता है।

रंजना के पति भी इतने सक्षम नहीं हैं कि वे अपने 18 वर्षीय बेटे गोलू का अच्छे से ख्याल रख सकें। गोलू को उसकी मां तो नहीं मिलेगी, लेकिन पहचान संस्था ने गोलू को गोद लेकर संस्था के ध्येय सिद्व कर दिया है। पहचान संस्था विशेष बच्चों की देखभाल से लेकर, पढ़ाई करवाने, रोजमर्रा की जरूरतें सिखाने और अन्य गतिविधियों में भागीदारी निभाने में विशेष भूमिका निभा रही है। वर्तमान में पहचान संस्था 67 विशेष बच्चों को पढ़ा रही है और समाज में अन्य बच्चों की तरह काबिल भी बना रही है। पहचान संस्था की अध्यक्ष चेतना

संस्था की अध्यक्ष चेतना शर्मा ने घर जाकर गोलू को दिया सहारा

अब स्कूल में रहेगा, संस्था करेगी दोपहर का भोजन व आने जाने की सुविधा

वर्तमान में 67 विशेष बच्चों को पढ़ा रही संस्था

अनंत ज्ञान फॉलोअप

शर्मा गोलू के घर पहुंची तो गोलू उसे देखकर बहुत खुश हुआ।

इससे पहले भी गोलू 2016 से 2020 तक पहचान संस्था में आता था, लेकिन कोरोना काल के बाद उसने आना बंद कर दिया था। हालांकि इसके बाद भी गोलू 7-8 महीने आया और फिर आना बंद कर दिया। पहचान संस्था की चेतना शर्मा ने बताया कि जैसे ही गोलू जिसका वीरेंद्र है उसने मुझे देखा तो आई कार्ड के बारे में पूछने लगा। उन्होंने परिवार की स्थिति को देखते हुए गोलू को गोद लेने का प्रस्ताव रखा जिसे परिवार ने मान लिया है। उन्होंने बताया कि कुछ दिनों के बाद गोलू 9 से 4 बजे तक पहचान स्कूल में आएगा जिसका सारा खर्च संस्था वहन करेगी।

इसके अलावा दोपहर का खाना और गाड़ी से स्कूल तक आने जाने का खर्च भी संस्था ही उठाएगी। इसी के साथ स्कूल की वर्दी व अन्य चीजें भी संस्था ही उपलब्ध करवाएगी। उन्होंने बताया कि गोलू में इतनी समझ है कि जो बोला जाता था उसे वह करता है। उन्होंने बताया कि परिवार की ऐसी स्थिती में संस्थाएं तो आगे आ रही है, लेकिन गोलू को संभालना सबसे बड़ी मुश्किल बन रहा था। इसलिए संस्था ने गोलू को गोद लेने का फैसला लिया है। उन्होंने बताया कि दिन भर स्कूल में रहेगा तो अपनी मां को भी कम याद करेगा।

सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी देने वालों की जांच कर रही पुलिस

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। थाना सदर हमीरपुर में पंजीकृत हत्या के अभियोग के संदर्भ में सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी व अफवाहों के संबंध में जिला पुलिस हमीरपुर के संज्ञान में आया है कि कुछ व्यक्तियों द्वारा यह भ्रामक प्रचार किया जा रहा है। 4 नवंबर को पंजीकृत हत्या के प्रयास का अभियोग जो बाद में 8 नवंबर को हत्या के अपराध में परिवर्तित हुआ है। हत्या के आरोपी की पहचान सार्वजनिक किए जाने के संबंध में कुछ मीडिया संस्थानों के अलावा कुछ व्यक्तियों पर ही कार्यवाही संभावित है जो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आरोपी की पहचान उजागर कर रहे हैं या उसकी उम्र के बारे में भ्रामक अथवा अधूरी जानकारी प्रसारित कर रहे हैं। साथ ही यह भी स्पष्ट किया जाता है कि आरोपी की वास्तविक उम्र 14 वर्ष 02 माह है न कि 24 वर्ष जैसा कि सोशल मीडिया पर गलत तरीके से प्रचारित किया जा रहा है। इसलिए जिला पुलिस हमीरपुर आम जनता से पुनः निवेदन करती है कि इस मामले में किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक जानकारी सोशल मीडिया पर न फैलाएं अन्यथा ऐसा करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी प्रावधानों के तहत नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया पर झूठी अफवाह फैलाने वालों की पुलिस जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि अभी 15 से 20 ऐसी साइट जिनकी पुलिस जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें, सत्यापित तथ्यों पर ही विश्वास करें और सामाजिक सौहार्द एवं जनहित बनाए रखने में सहयोग करें।

सीनियर सिटीजन काउंसिल ने 7 बेघर परिवारों को दिए 50-50 हजार के चेक

सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर के सदस्य आपदा प्रभावित परिवारों को राहत राशि के चेक देने के बाद।

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर ने आपदा में मकान खो चुके सात परिवारों को मंगलवार को आपदा प्रभावित सात परिवारों को 50-50 रुपए के चेक प्रदान किए गए। इससे पहले भी सीनियर सिटीजन काउंसिल अधिक आपदा से प्रभावित परिवारों को 30 लाख से राशि का वितरण कर चुकी है। अब तक आपदा प्रभावितों को 35 लाख की राशि दी जा चुकी है। राहत राशि प्रताप सिंह पुत्र मोहन सिंह गांव चैतड़ा, ईश्वर दास गांव तुखानी तहसील भोरंज, आशा देवी पत्नी स्व. रवि कुमार गांव चमयोग तहसील भोरंज, पवन कुमार पुत्र दुर्गा दास गांव दाड़ी, टौणी देवी, अमरनाथ कौशल गांव भियाड़ तहसील भोरंज, प्रकाश चंद निवासी गांव अणु सियूनी जिला हमीरपुर, शादी लाल पुत्र बसंत राम गांव बैहरड़ तहसील नादौन जिला हमीरपुर को 50-50 हजार रुपए की राहत राशि के चेक वितरित किए गए।

सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर के अध्यक्ष विजय पुरी ने बताया कि मंगलवार के दिन आपदा प्रभावित सात परिवारों को साढ़े तीन लाख की सहायता राशि दी गई है। प्रति परिवार 50-50 हजार रुपए के चेक प्रदान किए गए हैं। अब तक काउंसिल आपदा प्रभावितों को 35 लाख की राशि वितरित कर चुकी है। कुछ आवेदन प्राप्त हुए हैं तथा उन्हें भी राशि का जल्द वितरण किया जाएगा। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओपी शर्मा, सचिव कुलदीप कमल, वरिष्ठ सलाहकार भगवान दास शास्त्री, श्रीधर गुलजार, सुरेश शर्मा, दीप चंद शर्मा तथा हेमराज शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

अब 3 दिसंबर तक बंद रहेगी हार सुकराला सड़क

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। नादौन उपमंडल में हार सुकराला सड़क की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य के चलते इस सड़क पर यातायात अब 3 दिसंबर तक बंद कर दिया गया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि हार सुकराला सड़क की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य के चलते इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही 3 नवंबर तक बंद की गई थी। लेकिन, इसका कुछ कार्य अभी भी शेष है। इसलिए, अब यह सड़क 3 दिसंबर तक बंद की गई है, ताकि शेष कार्य को पूर्ण किया जा सके। उन्होंने बताया कि इस दौरान छोटे वाहन चालक रंगस से बल्ह चैक-रैल सड़क और बड़े एवं छोटे वाहन रंगस से बल्ह चैक-बाबे दी कुटिया सड़क को वैकल्पिक रूट के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। जिलाधीश ने सभी वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है।

मॉकड्रिल में 365 छात्रों ने लिया भाग

अनंत ज्ञान, नादौन। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जलाड़ी में मंगलवार को अग्निशमन केन्द्र नादौन द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमें 365 छात्र-छात्राओं और स्कूल स्टाफ ने भाग लिया। उप अग्निशमन अधिकारी देवेंद्र सिंह भाटिया ने छात्र-छात्राओं और स्टाफ को अग्नि सुरक्षा संबंधी जानकारी दी और अग्निशामक यंत्रों के प्रयोग का व्यावहारिक अभ्यास कराया। इसके अलावा मिड डे मील कर्मचारियों को रसोई गैस का सुरक्षित उपयोग और आपात स्थिति में बचाव के तरीके भी समझाए गए। भाटिया ने बताया कि किसी भी आपदा की संभावना होने पर तुरंत विभाग को सूचित करना चाहिए ताकि समय रहते नुकसान से बचा जा सके। स्कूल प्रिंसिपल बालक राम ने बच्चों और स्टाफ को सुरक्षा प्रशिक्षण देने के लिए उप अग्निशमन अधिकारी देवेंद्र सिंह भाटिया का धन्यवाद किया। यह मॉक ड्रिल न केवल छात्रों की सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने में मददगार साबित हुई, बल्कि स्कूल स्टाफ और कर्मचारियों को आपात स्थिति में प्रभावी प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार किया।

पढ़ाई के साथ-साथ कल्चर एक्टिविटी में भी बढ़ चढ़कर भाग लें स्कूली बच्चें: ढटवालिया

अनंत ज्ञान, बड़सर। स्कूली बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ कल्चर एक्टिविटी में भी बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। मनोरंजन से बच्चों का बौद्धिक विकास होता है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धंगोट के वार्षिक पारितोषिक समारोह में मुख्य अतिथि सुभाष ढटवलिया ने कहीं। बच्चों ने रोहड़ू जाना मेरी अम्मी नाटी पर खूब तालियां बटोरी। बड़सर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घंगोट के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान ढटवालिया ने विद्यार्थियों के प्रोत्साहन के लिए अपनी ओर से googlepay के माध्यम से 5100 की धनराशि प्रदान की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेंद्र सोनी, कुलवंत ठाकुर, कैप्ट केवल कृष्ण शर्मा, पूर्व प्रधान केवल कृष्ण शर्मा, होशियार सिंह, उद्धो राम, समरसेन, वीरेंद्र पटियाल, दीवान सिंह, हुकम सिंह आदि मौजूद रहे(

शरारती तत्वों ने कड़ साई में शिलान्यास स्थल पर की तोड़फोड़, पुलिस जांच में जुटी

एके शर्मा, अनंत ज्ञान, गलोड़। कड़साई में शरारती तत्वों ने मुख्यमंत्री द्वारा 8 नवंबर को प्राइमरी हेल्थ सेंटर पर किए गए शिलान्यास स्थल पर तोड़फोड़ कर दी। उन्होंने लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित दिवार को तहस-नहस कर दिया। शिलान्यास के समय लगाई गई पटिका पहले ही आयोजकों ने हटा ली थी। मुख्यमंत्री ने क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए यह स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किया था और स्थानीय लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। समाजसेवी कमलेश चंद शर्मा ने कहा कि कुछ लोगों को विकास कार्य रास नहीं आ रहा है, लेकिन विकास की रफ्तार जारी रहेगी। उन्होंने शरारती तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घटना के बाद जांच शुरू कर दी है। डीएसपी लालमन शर्मा ने मौके का निरीक्षण कर सभी पहलुओं से जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों को कतई बख्शा नहीं जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एचपीयू इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में चार खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण पदक

हमीरपुर महाविद्यालय की लड़कियों की ताइक्वांडो टीम पहली बार बनी विजेता

अनिल कुमार, अनंत ज्ञान

हमीरपुर। राजकीय कन्या महाविद्यालय शिमला में आयोजित हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की अंतर-महाविद्यालय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्रॉफी अपने नाम की।

हमीरपुर महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा के प्राध्यापक डॉ. पवन कुमार वर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में हमीरपुर महाविद्यालय की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक जीते और हमीरपुर महाविद्यालय की लड़कियों की टीम पहली बार विजेता ट्राफी जीत कर आई है। यह सभी खिलाड़ी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि आने वाली प्रतियोगिताओं में भी हमीरपुर महाविद्यालय के खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन करेंगे और ओवरआल ट्राफी जीत कर लाएंगे। उन्होंने कहा कर 49 किलोग्राम भार वर्ग में ज्योति चैहान ने

स्वर्ण पदक, 53 किलोग्राम भार वर्ग में शीतल ने कांस्य पदक, 57 किलोग्राम भार वर्ग में मुस्कान ने स्वर्ण पदक, 62 किलोग्राम भार वर्ग में सोनिका चैहान ने स्वर्ण पदक, 73 किलोग्राम भार वर्ग में महक ठाकुर ने स्वर्ण पदक, तथा 73 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में प्रियंका ने कांस्य पदक जीतकर महाविद्यालय को विजेता ट्रॉफी दिलवाई। वहीं पुरुष वर्ग में प्रशांत चैहान ने 54 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। महाविद्यालय लौटने पर सभी खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। प्राचार्य डॉ. सतीश सोनी ने खिलाड़ियों को मिठाई खिलाकर और फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि महाविद्यालय में खेलों को प्राथमिकता दी जाए

लवी मेला एकता व सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक : राज्यपाल

शिव प्रताप शुक्ल ने रामपुर बुशहर में किया अंतरराष्ट्रीय लवी मेले का शुभारंभ

आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान

रामपुर बुशहर। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने मंगलवार को शिमला जिला के ऐतिहासिक नगर रामपुर बुशहर में चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय लवी मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लवी मेला हिमाचल की गौरवशाली परंपराओं और व्यापारिक संस्कृति का जीवंत प्रतीक है।

उन्होंने स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में ही इस मेले को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली। राज्यपाल ने कहा कि लवी मेला केवल व्यापार का आयोजन नहीं, बल्कि यह लोगों की सामूहिक भावना और एकता का प्रतीक है।

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय लवी मेले का शुभारंभ करते हुए।

राज्यपाल ने कहा कि इस तरह के आयोजन पारंपरिक कला, संगीत और शिल्प को बढ़ावा देने का माध्यम हैं, जो हमारी सांस्कृतिक धरोहर को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने नशे के बढ़ते खतरे पर चिंता जताते हुए कहा कि समाज को एकजुट होकर चिट्टा जैसी बुराई के खिलाफ अभियान चलाना होगा।

कार्यक्रम में राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक नंद लाल ने कहा कि लवी मेला ऊनी वस्त्रों और स्थानीय उत्पादों के व्यापार के लिए प्रसिद्ध है और अब इसमें खेलकूद गतिविधियां भी युवाओं के आकर्षण का केंद्र बन रही हैं। उपायुक्त एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष अनुपम कश्यप ने राज्यपाल का स्वागत करते हुए मेले की रूपरेखा से अवगत कराया। इस मौके पर हिमाचल के विभिन्न क्षेत्रों के कलाकारों ने लोक नृत्य और गीतों के माध्यम से समृद्ध परंपराओं का जीवंत प्रदर्शन किया।

दिल्ली धमाके के बाद हिमाचल में बढ़ाई सुरक्षा

जगह-जगह वाहनों की चेकिंग, संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना देने का आग्रह

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

शिमला। राजधानी दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास कार में हुए विस्फोट के बाद देशभर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। दिल्ली-एनसीआर, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, मुंबई और उत्तराखंड सहित कई राज्यों में हाई अलर्ट जारी किया गया है। इसी कड़ी में हिमाचल प्रदेश में भी पुलिस और खुफिया एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। शिमला के प्रवेशद्वार शोघी सहित प्रदेश के अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों में वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है। पुलिस ने संभावित सुरक्षा खतरे को देखते हुए नागरिकों से सतर्क रहने और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना देने की अपील की है।

जानकारी के अनुसार प्रदेश पुलिस ने सभी जिलों में सुरक्षा प्रबंधों को और मजबूत किया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार सीमावर्ती इलाकों में चेकपोस्ट पर जवानों की तैनाती बढ़ाई गई है और आने-जाने वाले सभी वाहनों की रूटीन जांच की जा रही है। रेलवे स्टेशन, बस अड्डों, धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी पुलिस ने निगरानी बढ़ा दी है। खुफिया इकाइयों को सतर्क रहने और संदिग्ध वस्तुओं या लावारिस सामान की तुरंत जांच करने के निर्देश दिए गए हैं।

पुलिस द्वारा जारी एडवाइजरी में नागरिकों से शांति और सहयोग की अपील की गई है। एडवाइजरी के अनुसार किसी भी संदिग्ध वस्तु, वाहन या व्यक्ति की जानकारी तुरंत पुलिस को दी जाए। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि अफवाहों से बचें और सोशल मीडिया पर अपुष्ट जानकारी साझा न करें। सतर्कता और सामूहिक सहयोग से ही प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित किया जा सकता है।

पुलिस ने कहा है कि किसी भी परिस्थिति में घबराने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि विवेकपूर्ण व्यवहार और समय पर दी गई सूचना से कई संभावित घटनाओं को रोका जा सकता है। इसी बीच सोशल मीडिया पर फैली अफवाहों के बीच हिमाचल पथ परिवहन निगम हमीरपुर डिपो ने स्पष्ट किया है कि उनके चालक तिलक राज, जिनका नाम दिल्ली विस्फोट से जोड़ा जा रहा था, सुरक्षित हैं और हादसे में घायल नहीं हुए हैं। निगम ने बताया कि चालक उस दिन अस्वस्थ होने के कारण ड्यूटी पर नहीं गए थे। यह स्पष्ट किया गया कि सोशल मीडिया पर चल रही खबरें पूरी तरह गलत हैं और जनता से अपील की गई कि वे केवल सत्यापित जानकारी पर ही भरोसा करें।

पुलिस किसी भी स्थिति से निपटने को तैयार

प्रदेश के नूरपुर उपमंडल के कंडवाल में भी पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। पंजाब सीमा से लगे इस क्षेत्र में पुलिस जवानों की संख्या बढ़ाई गई है और सभी वाहनों की बारीकी से जांच की जा रही है। डीएसपी नूरपुर चंद्रपाल ने बताया कि कंडवाल पुलिस चौकी के जवान पूरी सतर्कता से ड्यूटी दे रहे हैं और अब तक जांच के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि हिमाचल की सभी सीमाएं सील हैं और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार है।

- संभावित सुरक्षा खतरे को देखते हुए नागरिकों से सतर्क रहने की अपील
- अफवाहों से बचें व सोशल मीडिया पर अपुष्ट जानकारी साझा न करें

न्यूज ब्रीफ

वन अपराधों पर पुलिस और वन विभाग की शक्तियों का होगा स्पष्ट निर्धारण: हाईकोर्ट

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने भारतीय वन अधिनियम, 1927 के अंतर्गत पुलिस और वन अधिकारियों की शक्तियों को लेकर एक महत्वपूर्ण कानूनी प्रश्न पर वृहद पीठ से राय मांगी है। अदालत ने माना है कि इस अधिनियम की व्याख्या में अब तक विरोधाभास रहे हैं, जिन्हें स्पष्ट करना ज़रूरी है ताकि राज्य में लंबित सैकड़ों वन अपराध मामलों की कानूनी स्थिति साफ़ हो सके। यह मामला हिमाचल प्रदेश राज्य बनाम प्रेम चंद व अन्य से जुड़ा है, जिसमें न्यायमूर्ति राकेश कैंथला ने कहा कि अधिनियम की धारा 64 पुलिस को बिना वारंट गिरफ्तारी की शक्ति देती है, इसलिए वन अधिनियम के अंतर्गत अपराधों को गैर-संज्ञेय नहीं माना जा सकता। उन्होंने यह भी इंगित किया कि वर्ष 2009 के सतपाल सिंह बनाम राज्य मामले में इस प्रावधान पर विचार नहीं किया गया था। अदालत ने कहा कि धारा 64 की मौजूदगी में यह स्पष्ट है कि ऐसे अपराधों में पुलिस और वन अधिकारियों दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण है, और इसलिए इस पर वृहद पीठ की राय आवश्यक है। अब बड़ी पीठ यह तय करेगी कि क्या भारतीय वन अधिनियम की धारा 42 के तहत दंडनीय अपराध, हिमाचल प्रदेश वन उपज पारगमन नियमों के साथ पढ़े जाने पर गैर-संज्ञेय माने जा सकते हैं या नहीं।

कल कसुम्पटी विस के प्रवास पर मंत्री अनिरुद्ध

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह 13 नवंबर को कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे क्षेत्र में विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। जानकारी के अनुसार मंत्री सुबह 11.20 बजे ग्राम पंचायत कुफरी के डाक बंगला हिमरी से चौकी सड़क का शिलान्यास कर जनसभा को संबोधित करेंगे और महिला मंडल भवन कुफरी का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वे दोपहर 12.30 बजे मूलकोटी में कंडा से मूलकोटी वाया मझारी सड़क का शिलान्यास कर जनसभा करेंगे तथा घोरना से कंडा सड़क का शिलान्यास करेंगे। दोपहर 2 बजे वे कनोला में शुएला से मतेन सड़क का शिलान्यास कर जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके उपरांत वे फरीदकोट से घड़शी सड़क, शुहावल से द्रबला सड़क तथा क्रेगनेनो शराई से सधोड़ा सड़क की आधारशिला रखेंगे।

प्राइवेट बसों के अवैध संचालन से रोष

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। राजधानी टैक्सी-मैक्सी वेलफेयर सोसाइटी ने परिवहन विभाग से प्राइवेट (निजी) बसों के अवैध टूरिस्ट संचालन पर तुरंत रोक लगाने की मांग की है। सोसाइटी के प्रधान जितेंद्र ठाकुर ने बताया कि कई निजी बसें अपने निर्धारित रूट से हटकर कुफरी, फागू, छराबड़ा जैसे पर्यटन स्थलों तक पर्यटकों को ले जा रही हैं, जिससे स्थानीय टैक्सी-मैक्सी ऑपरेटरों का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि ये बसें नियमों की अनदेखी करते हुए अधिक किराया वसूलती हैं और टूरिस्टों को भ्रमित करती हैं।

शिमला में चलती बस में युवती से छेड़छाड़

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। राजधानी शिमला में एक बार फिर शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। ओल्ड बस स्टैंड से संजौली जा रही एक निजी बस में युवक ने युवती के साथ छेड़छाड़ की। पीड़िता ने बताया कि युवक बगल वाली सीट पर बैठा और यात्रा के दौरान उसने गलत हरकत की। असहज महसूस होने पर युवती ने तत्काल विरोध किया और आरोपी का हाथ हटा दिया। घटना की शिकायत युवती ने छोटा शिमला थाना में दर्ज करवाई, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ धारा 74 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि राजधानी शिमला में यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी ढली क्षेत्र में बस में ऐसी ही वारदात हो चुकी है। सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं से छेड़छाड़ की बढ़ती घटनाएं अब चिंता का विषय बनती जा रही हैं।

झनियार अग्निकांड पर प्रतिभा ने जताया दुःख

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने कुल्लू जिला के बंजार उपमंडल की तीर्थन घाटी स्थित नोहांडा ग्राम पंचायत के झनियार गांव में गत रात हुए भीषण अग्निकांड पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने इस घटना में प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना जताते हुए जिला प्रशासन से उन्हें हरसंभव राहत और सहायता प्रदान करने की मांग की है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि आगजनी से प्रभावित लोगों की सहायता में कोई कोताही नहीं बरती जानी चाहिए।

खलटूनाला-रामनगर मार्ग 4 माह से बंद: डोगरा

अनंत ज्ञान, कोटखाई। कोटखाई क्षेत्र की दो पंचायतों को जोड़ने वाला खलटूनाला-रामनगर-गोलो-कराल मार्ग पिछले चार महीनों से बड़े वाहनों के लिए बंद पड़ा है, जिससे ग्रामीणों और बागवानों को भारी परेशानी हो रही है। कोटखाई नावर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुंदर डोगरा ने शिक्षा मंत्री पर आरोप लगाया कि वे पहले से बनी सड़कों को आधा-अधूरा करवा कर पास दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गवालठ-लाकली, बघेड़ी-बढौण, रैवट-रामनगर और कुईनल सड़कों की हालत भी खराब है और सेब सीजन में बागवानों को भारी नुकसान झेलना पड़ा। डोगरा ने मंत्री विक्रमादित्य सिंह से मार्ग की शीघ्र मरम्मत कर बड़े वाहनों के लिए चालू करने की मांग की है।

जुग्गर गांव के लिए पेयजल योजना की मांग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। कसुंपटी विधानसभा क्षेत्र में बीते 25 वर्षों से कांग्रेस का प्रतिनिधित्व होने के बावजूद भी जुग्गर गांव के लोगों को आज तक पीने के पानी की सुविधा नहीं मिल सकी है। यह आरोप कसुंपटी भाजपा नेत्री एवं सक्षम गुड़िया बोर्ड की उपाध्यक्ष रूपा शर्मा, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र भोटका व शंशांक अत्री सहित कई पदाधिकारियों ने लगाया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि यह हैरानी की बात है कि क्षेत्र से लगातार तीन बार विधायक और वर्तमान में काबीना मंत्री रहने के बावजूद भी जुग्गर गांव के लिए कोई ठोस पेयजल योजना नहीं बनी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जल जीवन मिशन के तहत हर घर में नल और हर नल में जल उपलब्ध करवाने के लिए पर्याप्त धन दे चुकी है, लेकिन राज्य सरकार की लापरवाही के कारण लोग अब भी पानी के लिए तरस रहे हैं। गांव के बुजुर्ग बुद्धि सिंह और रव्याली राम जैसे लोगों ने पूरी उम्र पानी ढोने में बिता दी, लेकिन आज भी हालात नहीं बदले।

अब रोहड़ू में होगा वीरभद्र की प्रतिमा का अनावरण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। छह बार प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का एक और अनावरण होने जा रहा है। इससे पहले उनकी प्रतिमा का अनावरण शिमला के रिज मैदान स्थित दौलत राम पार्क में सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी की मौजूदगी में किया गया था। अब रोहड़ू में ओल्ड बस स्टैंड पर वीरभद्र सिंह की दूसरी प्रतिमा लगाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। रोहड़ू के विधायक मोहन लाल ब्राकटा ने बताया कि 17 नवंबर को प्रतिमा अनावरण समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्ति विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

प्रदेश विश्वविद्यालय और भारतीय सेना के बीच अनुसंधान सहयोग के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की उपस्थिति में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला और भारतीय सेना के बीच सहयोगात्मक अनुसंधान एवं विकास पहलों को बढ़ावा देने के लिए आज एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। भारतीय सेना की ओर से ब्रिगेडियर अनुराग पांडे और विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रोफेसर महावीर सिंह ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। मुख्यमंत्री ने इस समझौते को भारतीय सेना और प्रदेश विश्वविद्यालय के बीच एक नई सहक्रियात्मक साझेदारी की शुरुआत बताया, जो विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास को नई दिशा देगी।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि इस समझौते के तहत भारत-तिब्बत संबंधों पर संयुक्त ऐतिहासिक शोध, सीमावर्ती क्षेत्रों के आर्थिक और विकासात्मक अध्ययन, ड्रोन तकनीक और ड्रोन-रोधी उपायों की खोज, साइबर सुरक्षा के उन्नत अभ्यासों का विकास, तथा हरित ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण के लिए पहलें की जाएंगी। इसके अलावा, संकाय और कर्मचारियों के आदान-प्रदान, संयुक्त संगोष्ठियों, कार्यशालाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन से ज्ञान-साझेदारी को भी बढ़ावा मिलेगा।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की उपस्थिति में भारतीय सेना और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर करते अधिकारी।

सेना के कर्मियों को विवि में शिक्षा का अवसर

इस एमओयू के माध्यम से भारतीय सेना के कर्मियों को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में शैक्षणिक पाठ्यक्रम करने का अवसर प्राप्त होगा, जिससे शिक्षा और सेवा के बीच सेतु निर्माण होगा।

मंडी में एक्सिस बैंक बनाएगा 57 मौसम-रोधी आश्रय स्थल, प्रभावित परिवारों को मिलेगा सुरक्षित आवास

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

एक्सिस बैंक ने मंडी जिले में आपदा प्रभावित परिवारों के लिए 57 मौसम-रोधी आश्रय स्थलों के निर्माण की पहल की है। बैंक के उत्तरी क्षेत्र प्रमुख अभिषेक पाराशर और राज्य प्रमुख वरुण शर्मा ने आज मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से ओक ओवर में भेंट कर यह प्रस्ताव प्रस्तुत किया। यह योजना निगमित सामाजिक दायित्व के तहत सिराज विधानसभा क्षेत्र सहित मंडी के प्रभावित इलाकों में लागू की जाएगी।

बैंक द्वारा बनाए जा रहे आश्रय स्थलों में तापरोधी इन्सुलेशन, पीसीसी फर्श, रसोई स्लैब और बुनियादी विद्युत फिटिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी ताकि विस्थापित परिवारों को सुरक्षित और सम्मानजनक आवास मिल सके। साथ ही, एक्सिस बैंक 15 सामुदायिक शौचालय इकाइयां भी स्थापित करेगा। प्रत्येक इकाई तीन से छह परिवारों को सुविधा प्रदान करेगी और इनमें पानी की टंकियां, स्टेनलेस स्टील सिंक तथा सीपीवीसी पाइप की फिटिंग की जाएगी।

वृद्धों, बच्चों और दिव्यांगों पर विशेष ध्यान

एक्सिस बैंक इस परियोजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए लॉजिस्टिक और प्रशासनिक सहयोग भी देगा। इसमें लाभार्थियों की पहचान, पर्यवेक्षण और मूल्यांकन शामिल रहेगा। बैंक ने वृद्धजनों, बच्चों, दिव्यांगजनों और कमजोर समूहों पर विशेष ध्यान केंद्रित करने का निर्णय लिया है ताकि राहत और पुनर्वास प्रक्रिया अधिक संवेदनशील और समावेशी हो सके।

सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जताया आभार

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस सामाजिक पहल के लिए एक्सिस बैंक का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस तरह के प्रयास आपदा की विपरीत परिस्थितियों में प्रभावित परिवारों को नई उम्मीद देंगे। उन्होंने कहा कि यह परियोजना न केवल वर्तमान राहत के लिए उपयोगी होगी बल्कि भविष्य की आपात स्थितियों में भी सहायक सिद्ध होगी।

महिला उत्पीड़न रोकना ही समाज की सामूहिक जिम्मेदारी: विजया किशोर

शिमला में पोश अधिनियम पर आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ करतीं राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया किशोर।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया किशोर रहाटकर ने कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं के प्रति किसी भी प्रकार के उत्पीड़न को रोकना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जागरूकता और संवेदनशीलता ही पोश अधिनियम, 2013 के सफल क्रियान्वयन की कुंजी है। रहाटकर बचत भवन, शिमला में आयोजित शिमला मंडल स्तर की एकदिवसीय कार्यशाला की अध्यक्षता कर रही थीं, जो कार्यस्थल पर महिलाओं के प्रति लैंगिक उत्पीड़न निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष अधिनियम, 2013 विषय पर केंद्रित थी। रहाटकर ने कहा कि आयोग का उद्देश्य केवल शिकायतों का निवारण नहीं, बल्कि एक सुरक्षित और संवेदनशील कार्यसंस्कृति का निर्माण है, जहां महिलाएं आत्मविश्वास के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। उन्होंने प्रतिभागियों से अपने-अपने कार्यालयों में पोश नीति को सशक्त रूप से लागू करने और महिला कर्मचारियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने सभी समितियों को एक सप्ताह के भीतर बैठक आयोजित करने और उसकी रिपोर्ट एडीसी कार्यालय के माध्यम से राष्ट्रीय महिला आयोग को भेजने के निर्देश दिए।

हाईकोर्ट से ग्राम सेवकों को बड़ी राहत, नए अनुबंध पर लगी रोक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश में पंचायतों में कार्यरत ग्राम रोजगार सेवकों को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। ग्रामीण विकास विभाग ने सितंबर में एक आदेश जारी किया था, जिसके तहत ग्राम सेवकों से उनकी नौकरी को लेकर नए अनुबंध साइन करवाने को कहा गया था। इस आदेश के खिलाफ ग्राम सेवकों ने अदालत का रुख किया था, जिस पर अब हाईकोर्ट ने हस्तक्षेप करते हुए विभागीय आदेश पर रोक लगा दी है।

हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संदीप शर्मा ने इस मामले की सुनवाई करते हुए ग्राम सेवकों की मांग को स्वीकार किया और 8 सितंबर को जारी सरकारी आदेश पर रोक लगा दी। अदालत ने ग्रामीण विकास विभाग को नोटिस जारी करते हुए चार सप्ताह में जवाब देने के निर्देश दिए हैं। कुल 130 ग्राम सेवकों ने इस मामले में संयुक्त रूप से याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने अनुबंध रद्द करने और बतौर पंचायत सचिव नियमित करने की मांग उठाई है।

नियमितीकरण की मांग पर सरकार की नजर: ग्राम सेवकों का कहना है कि वे कई वर्षों से पंचायत स्तर पर योजनाओं को लागू कर रहे हैं और तकनीकी कार्यों की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। ऐसे में बार-बार अनुबंध बदलने से उनकी नौकरी अस्थिर हो रही है। उन्होंने सरकार से नियमित नियुक्ति की मांग की है। अब अदालत की इस रोक के बाद सभी की निगाहें सरकार के जवाब पर टिकी हैं, जो आने वाले हफ्तों में स्थिति स्पष्ट करेगा।

हिमुडा में प्रशासनिक फेरबदल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

- 35 अधिकारियों के तबादले 7 एक्जीक्यूटिव इंजीनियरों को नई जिम्मेदारी
- तीन साल से जमे अफसरों पर गिरी गाज

प्रदेश शहरी विकास प्राधिकरण में एक बार फिर बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। तीन साल से अधिक समय से एक ही पद या स्थान पर तैनात सात एक्जीक्यूटिव इंजीनियर समेत कुल 35 अधिकारियों को स्थानांतरित किया गया है। सीईओ-कम-सचिव डॉ. सुरेंद्र कुमार वशिष्ठ ने तबादला आदेश जारी किए हैं। यह तबादले चरणबद्ध तरीके से लागू किए जाएंगे ताकि विकास कार्यों पर असर न पड़े। सूत्रों के अनुसार, कई अधिकारी लंबे समय से एक ही डिवीजन में कार्यरत थे, जिससे कार्य प्रणाली में सुस्ती आने लगी थी।

तबादले की सूची में सात एक्जीक्यूटिव इंजीनियरों को नए स्थानों पर जिम्मेदारी दी गई है। इनमें राजकुमार शर्मा को कसुम्पटी, दिनेश वर्मा को मुख्यालय निगम विहार, कुशल शर्मा को परवाणू, ललित कुमार को धर्मशाला, राजेश ठाकुर को घुमारवीं, गिरीश शर्मा को निगम विहार और अनिल सूद को मंडी डिवीजन भेजा गया है। बताया जा रहा है कि हिमुडा मुख्यालय ने अधिकारियों के प्रदर्शन और कार्यकाल को देखते हुए यह फेरबदल किया है।

11 एसडीओ व 17 जेई भी हुए ट्रांसफर

एक्जीक्यूटिव इंजीनियरों के बाद अब 11 एसडीओ और 17 जूनियर इंजीनियरों के भी तबादले किए गए हैं। इनमें वीरेंद्र कुमार, संजय कुमार, मुनीश राज, विपिन कुमार, संदीप ठाकुर, अनूप सूद, प्रदीप जसवाल, बोधराज, रवि कुमार, सरिता कुमारी और रूप कुमार शामिल हैं। इसके साथ ही 17 जेई को भी नई तैनाती दी गई है। सूत्रों के मुताबिक, अब अगला चरण सुपरवाइजर और क्लेरिकल स्टाफ के तबादलों का होगा, जिसकी सूची जल्द जारी की जा सकती है।

मंत्री नेगी ने केंद्र को घेरा-चुनावी समय पर दिल्ली धमाकों की टाइमिंग पर उठाए सवाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

दिल्ली में लाल किले के पास हुए कार ब्लास्ट पर हिमाचल प्रदेश के मंत्री जगत सिंह नेगी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं हमेशा चुनाव के समय ही क्यों होती हैं, यह गंभीर सवाल है। नेगी ने कहा कि देश में जब भी कोई बड़ी आतंकी या संदिग्ध घटना होती है, तब या तो चुनाव नजदीक होते हैं या किसी राज्य में मतदान की प्रक्रिया चल रही होती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पुलवामा और पहलगाम जैसे हमलों के वक्त भी यही स्थिति थी, और अब बिहार चुनाव से पहले यह धमाका हुआ है। उन्होंने कहा कि ऐसे में शक की सुईं कहीं भी घूम सकती हैं।

जगत सिंह नेगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह देश की सबसे बड़ी विडंबना है कि जब भी देश पर कोई संकट आता है या कोई बड़ा हादसा होता है, उस वक्त प्रधानमंत्री विदेश दौरों पर रहते हैं। नेगी ने कहा कि सामान्य स्थिति में तो देशभर में अलर्ट जारी किया जाता है और प्रशासन उसी के अनुसार कार्रवाई करता है, लेकिन जब हर बार धमाके चुनाव से पहले हों, तो लोगों के मन में सवाल उठना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि जनता समझदार है और अब देश में सिर्फ दिखावे की राजनीति से काम नहीं चलेगा।

मीडिया से बात करते हुए मंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के हालिया बयान पर भी पलटवार किया। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर बहुत विचलित हैं और उनका मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। नेगी ने बताया कि मंडी में आपदा प्रभावितों को राहत राशि दी गई, चेक वितरित किए गए और खातों में पैसे जमा कराए गए, लेकिन भाजपा नेता अब इसे भी झूठ बता रहे हैं। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि अगर झूठ बोलने का ओलिंपिक हो, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कप्तान होंगे और जयराम ठाकुर टीम के सदस्य, दोनों पदक लेकर आएंगे।

बैठक शिक्षा मंत्री ने शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

रोहित ने शिक्षकों के युक्तिकरण पर की चर्चा

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

शिमला। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने मंगलवार को शिमला सचिवालय में शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में शिक्षकों के युक्तिकरण, स्कूलों में विद्यार्थियों की घटती संख्या और आपदा से प्रभावित संस्थानों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई। शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को शिक्षण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी व संतुलित बनाने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान 11वीं और 12वीं कक्षा के साइंस शिक्षकों के युक्तिकरण से जुड़ी फाइलों की समीक्षा की गई। मंत्री ने कहा कि जिन स्कूलों में छात्रों की संख्या सीमित है, वहां शिक्षकों की तैनाती को तार्किक और आवश्यकतानुसार किया जाए ताकि संसाधनों का सही उपयोग सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों की सुविधा और गुणवत्ता आधारित शिक्षा विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

बैठक में विभाग ने जानकारी दी कि प्रदेश के 400 सरकारी स्कूल ऐसे हैं जहां विद्यार्थियों की संख्या 20 से भी कम है। मंत्री ने इस पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा विभाग को ऐसे स्कूलों की स्थिति का विस्तृत विश्लेषण करना चाहिए और स्थानीय समुदायों के सहयोग से बच्चों के नामांकन को बढ़ाने के प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा का प्रसार तभी सार्थक होगा जब हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचे।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर सचिवालय में शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

आपदा से 1400 स्कूलों को नुकसान

बैठक में यह जानकारी भी साझा की गई कि हालिया प्राकृतिक आपदाओं में प्रदेश के करीब 1400 स्कूलों को नुकसान पहुंचा है, जिसका अनुमानित मूल्य 121 करोड़ रुपये है। मंत्री ठाकुर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन स्कूलों की मरम्मत और पुनर्निर्माण के लिए शीघ्र प्रस्ताव तैयार कर वित्त विभाग को भेजे जाएं ताकि प्रभावित विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित न हो।

सीबीएसई स्कूलों पर भी लिया अपडेट

बैठक में सीबीएसई स्कूलों की तैयारियों और व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। मंत्री ने कहा कि इन स्कूलों में बेहतर शिक्षण पद्धति, पौष्टिक आहार और छात्रों के समग्र विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि हिमाचल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए विभाग लगातार सुधारात्मक कदम उठा रहा है।

न्यूज ब्रीफ

भाषण प्रतियोगिता में तानिया ने मारी बाजी

कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर। शाहपुर कॉलेज में आयोजित तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत 10 नवंबर को भाषण और 11 नवंबर को काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. भावना के दिशा-निर्देशन में किया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तानिया, द्वितीय श्रुति, तृतीय अंशुला, तथा प्रोत्साहन पुरस्कार निधि एवं चंदन को प्राप्त हुआ। काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम वंशिका, द्वितीय हितेश, तथा तृतीय स्थान कोमल एवं समीर ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में बेबी कुमारी, प्रो. आशा शर्मा, डॉ. सुरेंद्र अत्रि, प्रो. संजीव कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों के उत्साह और सक्रिय भागीदारी की सराहना की।

एनसीसी कैडेट्स ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

अनंत ज्ञान, पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की एनसीसी कैडेट्स मुस्कान, एकता कुमारी और प्रिया ने मामून मिलिट्री स्टेशन पठानकोट में 21 राजपूत रेजीमेंट द्वारा आयोजित 12 दिवसीय आर्मी अटैचमेंट कैंप में भाग लिया। 27 अक्तूबर से 7 नवंबर तक चले इस शिविर में हिमाचल, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ की 85 गर्ल कैडेट्स शामिल हुईं। कैडेट्स ने ड्रिल, हथियार प्रशिक्षण, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट और जीवन रक्षक तकनीकें सीखीं। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट रेणु डोगरा ने कहा कि शिविर का उद्देश्य सैन्य जीवन का अनुभव और अनुशासन सिखाना था। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने कैडेट्स को बधाई दी।

गरली में तंबाकू बेचा तो होगी कड़ी कार्रवाई

रक्षपाल, अनंत ज्ञान, गरली। ग्राम पंचायत गरली ने तंबाकू कारोबारियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। प्रधान शशिलता ने स्पष्ट किया कि अब पंचायत में कोई भी दुकानदार खुले में बीड़ी, सिगरेट या तंबाकू नहीं बेच सकेगा। स्कूलों से 100 गज के दायरे में तंबाकू बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित होगी। दिसंबर तक लाइसेंस न बनवाने पर दुकानें सील की जाएंगी। सड़क और सार्वजनिक जगहों पर तंबाकू का सेवन करने वालों पर भी कार्रवाई होगी। पंचायत का उद्देश्य गरली को तंबाकू मुक्त बनाना और युवाओं को नशे से बचाना है। प्रधान शशिलता ने कहा कि अब सड़क पर या सार्वजनिक जगहों पर बीड़ी-सिगरेट पीते हुए कोई भी नजर आया तो उस पर भी कार्रवाई होगी। स्थानीय लोग इस कदम को युवाओं को नशे से बचाने की ठोस शुरुआत मान रहे हैं। पंचायत ने साफ कहा है कि अब गरली की गलियों में धुआं नहीं, जागरूकता उठेगी।

पीरसलूही स्कूल में एनएसएस शिविर का शुभारंभ

शिवम शर्मा, अनंत ज्ञान, परागपुर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पीरसलूही में मंगलवार को एनएसएस इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ पंचायत प्रधान रवि कांत ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधान ने कहा कि एनएसएस युवाओं में जिम्मेदारी, नेतृत्व और सेवा भाव को मजबूत करता है। शिविर में छात्र-छात्राओं ने स्वच्छ गांव और सशक्त युवा का नारा बुलंद किया। प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार, कार्यक्रम अधिकारी सतीश कुमार और पूर्व स्वयंसेवक भीम सिंह रेकवाला ने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण, नशा उन्मूलन और जल संरक्षण पर प्रेरित किया। छात्रों ने जनजागरण रैली निकालकर ग्रामीणों को स्वच्छता और पौधारोपण का संदेश दिया।

पंचरुखी की बेटी नम्रता ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

अनंत ज्ञान, पालमपुर। पंचरुखी की बेटी नम्रता ठाकुर, टटैहल निवासी सुरेश ठाकुर की पुत्री, अब दिल्ली की आईटीआई में बतौर कोपा इंस्ट्रक्टर अपनी सेवाएं प्रदान करेंगी। नम्रता ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा स्थानीय ज्ञानदीप स्कूल पंचरुखी से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने मेडिकल विषय से +2 पूर्ण करने के बाद आईटीआई सत्याणा से कोपा (कंप्यूटर आपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट) ट्रेड में प्रशिक्षण लिया। तत्पश्चात उन्होंने क्राफ्ट इंस्ट्रक्टर ट्रेनिंग स्कीम (सीआईटीएस) का प्रशिक्षण एनएसटीआई, बेंगलुरु (पूर्व में एफटीआई बेंगलुरु) से पूर्ण किया। वह दिल्ली में एक सरकारी विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षके रूप में भी सेवाएं दे चुकी हैं। हाल ही में उनकी नियुक्ति डीटीटीई विभाग-दिल्ली तकनीकी शिक्षा एवं प्रशिक्षण निदेशालय में हुई है, जिसके अंतर्गत अब वह जीएनसीटी (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार) दिल्ली में नियमित कोपा प्रशिक्षक के रूप में कार्यरत रहेंगी। नम्रता ठाकुर ने अपनी इस सफलता का संपूर्ण श्रेय अपने परिवार एवं गुरुजनों को समर्पित किया है।

मार्कशीट्स में स्कूल स्तर के कोड को यूडाइज कोड से रिप्लेस करने की योजना

बोर्ड की इस पहल से माइग्रेट होने वाले स्टूडेंट के स्कूल की मिलेगी जानकारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं व बारहवीं के बच्चों की मार्कशीट्स को स्कूल स्तर के कोर्ड को यूडाइज कोड से रिप्लेस करने की योजना है। बोर्ड की इस पहल से माइग्रेट होने वाले स्टूडेंट के स्कूल की जानकारी यूडाइज कोड के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेगी।

यूडाइज कोड की व्यवस्था राष्ट्रीय स्तर पर की गई है। हर सरकारी व निजी स्कूल को यूडाइज कोड जारी किया जाता है, जिसके चलते हर स्कूल का यूडाइज कोड होता है। इस पहल का फायदा यह होगा कि यदि किसी राज्य का बच्चा अपने माता-पिता की नौकरी की वजह से दूसरे राज्य में जाता है तो उसके स्कूल संबंधी जानकारी यूडाइज कोड के माध्यम से उपलब्ध हो पाएगी। उधर, स्कूल बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि यूनिक कोड स्कूल शिक्षा बोर्ड अपनी तरफ से जारी नहीं करने जा रहा है, बल्कि हर सरकारी व निजी स्कूलों को यूडाइज कोड पहले से जारी किया गया होता है। यह व्यवस्था राष्ट्रीय स्तर पर की गई है, जिसके तहत हर स्कूल का अपना यूडाइज कोड होता है। शिक्षा बोर्ड का प्रपोजल है कि शिक्षा बोर्ड द्वारा दसवीं व बारहवीं के बच्चों की मार्कशीट्स में स्कूल स्तर के कोड को यूडाइज कोड से रिप्लेस किया जाएगा, जिससे बच्चा राष्ट्रीय स्तर पर जहां भी जाए, यूडाइज कोड के माध्यम से उसके पिछले स्कूल की पहचान हो सके। जो बच्चे एक राज्य से दूसरे राज्य में जाते हैं तो यूडाइज कोड की वजह से स्कूल संबंधी हर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

'रट्टा' प्रथा के बजाय बच्चों की याद क्षमता बढ़ाने पर जोर

- तीसरी कक्षा से ही हिमाचल में कंपीटेंसीबेस्ड तैयारी
- बोर्ड के तीसरी के प्रश्नपत्रों में शामिल किए बहुविकल्पीय प्रश्न

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। स्कूल शिक्षा बोर्ड विद्यार्थियों को तीसरी कक्षा से ही विद्यार्थियों को कंपीटिशन की तैयारी कर करवा रहा है। प्रश्नपत्रों में तीसरी कक्षा के प्रश्नपत्र से ही बहुविकल्पीय प्रश्नों को शामिल किया गया है। बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि प्रदेश के विद्यार्थियों को रट्टा प्रथा के बजाय, अब याद रखने की क्षमता के आधार पर पढ़ाई करवाने पर जोर दिया जा रहा है। बोर्ड तीसरी कक्षा से ही प्रश्नपत्रों में बहुविकल्पीय प्रश्नों को शामिल कर विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार कर रहा है। बोर्ड ने यह बदलाव तीसरी कक्षा से किया है। इस बदलाव के तहत परीक्षाओं में बहुविकल्पीय प्रश्नों (एमसीक्यूएस) पर अधिक जोर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हाल ही में शिक्षा बोर्ड मुख्यालय में कंपीटेंसी बेस्ड प्रश्नपत्र तैयार करने को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई है। परख के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में शिक्षकों को पढ़ाने के तरीके में बदलाव करने पर विषय विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन दिया है।

दिल्ली आतंकी हमले के बाद बॉर्डर पर हाई अलर्ट

- संसारपुर टैरेस में हर वाहन की हो रही तलाशी

अनंत ज्ञान, डाडासीबा। दिल्ली में हुए आतंकी हमले के बाद पूरे देश में सुरक्षा एजेंसियां चौकन्नी हो गई हैं। इसी क्रम में हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में भी सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। संसारपुर टैरेस बॉर्डर पर पुलिस ने नाकाबंदी कर वाहनों की सघन जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक देहरा के दिशा-निर्देशों के तहत संसारपुर टैरस थाना प्रभारी संजय शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार राज्य में प्रवेश करने वाले वाहनों की जांच-पड़ताल कर रही है। संजय शर्मा ने बताया कि दिल्ली में आतंकी वारदात के बाद हिमाचल की सीमाओं पर सुरक्षा और सतर्कता बढ़ा दी गई है। हर आने-जाने वाले वाहन की कड़ी जांच की जा रही है, ताकि कोई भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति राज्य में प्रवेश न कर सके। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस थाना में दें।

साथ ही उन्होंने कहा कि झूठी अफवाहों से बचें और शांति बनाए रखें। पुलिस ने आम नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है, और ऐसे समय में सतर्क रहना ही सबसे बड़ी देशभक्ति है।

करियर प्वॉइंट अकादमी के तीन होनहारों ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

- आदर्श और अनमोल का एचपी पुलिस में चयन, नीतीश बने एम्स हॉस्पिटल अटेंडेंट

पिंकी, अनंत ज्ञान

करियर प्वॉइंट अकादमी डाडासीबा परिसर में चयनित छात्रों सम्मानित किया।

डाडासीबा। मेहनत, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम हमेशा सफलता होती है, इसका उदाहरण करियर प्वॉइंट अकादमी डाडासीबा के छात्रों ने पेश किया है।

अकादमी के छात्र आदर्श ठाकुर और अनमोल ठाकुर का चयन हिमाचल प्रदेश पुलिस में हुआ है, जबकि नीतीश कुठियाल ने एम्स में हॉस्पिटल अटेंडेंट के पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अकादमी के संचालक इंजीनियर मनोज कुमार ने बताया कि इस बार एचपी पुलिस भर्ती में अकादमी का फाइनल रिजल्ट 40 प्रतिशत रहा है। पांच में से दो छात्रों ने अंतिम चयन सूची में स्थान बनाया। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी अकादमी के अनेक विद्यार्थी एचपी पुलिस, जेओए (आईटी), हायर एजुकेशन, एचपी सचिवालय, पीडब्ल्यूडी, आर्मी, पैरामिलिट्री फोर्सेस और बैंकिंग क्षेत्र में सेवाएं दे रहे हैं। मनोज ने कहा कि अकादमी में विद्यार्थियों को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जा रही है, जिससे संपूर्ण हिमाचल के छात्र इस मंच से जुड़ रहे हैं। अकादमी परिसर में चयनित छात्रों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां छात्रों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

धर्मशाला में बाल दिवस पर होगा राज्यस्तरीय समारोह

विद्यार्थी, शिक्षाविदों और शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले लोग होंगे सम्मानित: डॉ. राजेश

- स्कूल शिक्षा बोर्ड मुख्यालय में होगा आयोजन
- पंडित जवाहरलाल नेहरू पर आधारित पुस्तक का होगा विमोचन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

धर्मशाला में प्रेसवार्ता करते स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा।

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला में 14 नवंबर को राज्यस्तरीय बाल दिवस का आयोजन होगा। इस दौरान स्कूल शिक्षा बोर्ड विद्यार्थियों, शिक्षाविदों और शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित करेगा।

यह बात हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बोर्ड मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कही। उनके साथ बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती के उपलक्ष्य पर 14 नवंबर को राज्यस्तरीय बाल दिवस समारोह का आयोजन बोर्ड परिसर में होगा। इसमें पंडित नेहरू की नीतियों मुख्यत: शिक्षा, युवा व रोजगार पर भाषण, निबंध व कला प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदेश व्यापी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन स्कूलों में किया गया है। इन प्रतियोगिताओं में पहले तीन स्थान हासिल करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू पर आधारित एक पुस्तक का भी विमोचन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में 70 से 80 के करीब विद्यार्थियों और शिक्षा विदों सहित अन्य लोगों को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि बाल दिवस के उपलक्ष्य पर विभिन्न स्कूलों को कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश जारी किए गए हैं, जिनमें विजेता स्टूडेटस को राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

पंचकर्म सेवाओं को जन जन तक पहुंचाने पर चर्चा

अनंत ज्ञान, बैजनाथ। एसडीएम कार्यालय बैजनाथ में वेलनेस पंचकर्म कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार और इसे पर्यटन गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पर्यटन अधिकारी विनय धीमान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। इस दौरान पंचकर्म सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने और पर्यटकों को आकर्षित करने की रणनीति पर चर्चा हुई। एसडीएम बैजनाथ ने कहा कि वेलनेस पंचकर्म हिमाचल की आयुर्वेदिक परंपरा और प्राकृतिक सौंदर्य का अनूठा संगम है, जिससे पपरोला वेलनेस टूरिज्म का केंद्र बन सकता है। उन्होंने होटल एसोसिएशन से आग्रह किया कि पर्यटकों को पंचकर्म और आयुर्वेदिक उपचारों की जानकारी दें। निर्णय लिया गया कि सेवाओं का प्रचार ब्रोशर, पोस्टर, सोशल मीडिया और ट्रैवल एजेंसियों के माध्यम से किया जाएगा। बैठक में राजीव गांधी आयुर्वेदिक कॉलेज से दलीप कुमार शर्मा, डॉ. चारु सपहिया, और बीड़-बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग शर्मा सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

शिक्षा स्वयं को निखारने व क्षमताओं को पहचानने का माध्यम : डॉ. नवीन

गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज, राजपुर में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया गया

अजय पाल, अनंत ज्ञान

पालमपुर। गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज, राजपुर में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान नवाचार परिषद के तत्वावधान में एक विशेष शैक्षणिक व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के शिक्षा विभाग से सहायक प्राध्यापक डॉ. नवीन शर्मा मुख्य अतिथि वक्ता रहे।

डॉ. शर्मा ने शिक्षा के इतिहास और आधुनिक परिप्रेक्ष्य पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि 'शिक्षा केवल ज्ञान का अर्जन नहीं, बल्कि आत्मविकास और क्षमताओं की पहचान का माध्यम है।' उन्होंने विद्यार्थियों को प्रश्न पूछने और आलोचनात्मक सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यक्तित्व और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है तथा सहानुभूति के साथ सम्मानानुभूति विकसित करना आज की आवश्यकता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि संस्थान नवाचार परिषद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर रचनात्मक गतिविधियां आयोजित करती है। परिषद की अध्यक्ष डॉ. शिल्पी ने बताया कि शिक्षा दिवस पर 'शिक्षा और नवाचार१ विषय पर क्विज और निबंध लेखन प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। कार्यक्रम का संचालन अनुराग शर्मा ने किया, जबकि डॉ. अरविंद कुमार ने अतिथि वक्ता का परिचय दिया, जबकि सहायक प्राध्यापक एवं समन्वयक बीबीए विभाग अनुराग शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस अवसर पर संस्थान नवाचार परिषद के सदस्य डॉ. राधिका, डॉ. ज्योति, नेहा तथा डॉ. मानेश्वर ठाकुर शामिल रहे।

कृषि विभाग करवाएगा किसानों के खेतों का डिजिटल क्रॉप सर्वे : डॉ. कुलदीप

- कहा- प्राइवेट सर्वेयरों से आवेदन आमंत्रित

अनंत ज्ञान, पालमपुर। कांगड़ा जिले में विभिन्न फसलों के तहत आने वाले क्षेत्रफल का सही आकलन करने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा प्रत्येक गांव में किसानों के खेतों का डिजिटल क्रॉप सर्वे करवाया जाएगा। उप कृषि निदेशक डॉ. कुलदीप धीमान ने बताया कि इस कार्य के लिए विभाग ने प्राइवेट सर्वेयरों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे के माध्यम से रबी और खरीफ मौसम में फसलों के उत्पादन का सटीक अनुमान लगाया जा सकेगा। इससे न केवल उत्पादन के आंकड़े स्पष्ट होंगे, बल्कि विपणन और मूल्य निर्धारण से संबंधित निर्णय जिला और राज्य स्तर पर अधिक प्रभावी ढंग से लिए जा सकेंगे। इससे किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। डॉ. धीमान ने किसानों से अपील की कि जब सर्वेयर उनके घर या खेत पर आएं, तो वे अपनी फसलों की सही जानकारी उपलब्ध करवाएं।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक सर्वेयर को अपलोड किए गए डाटा के अनुसार कमीशन दिया जाएगा। 18 वर्ष से अधिक आयु के पटवारी, पंचायत प्रतिनिधि, सहकारी समिति सचिव, आत्मा परियोजना के एटीएम/बीटीएम, कृषि सखी, पशु सखी या बेरोजगार कृषि स्नातक इस कार्य के लिए आवेदन कर सकते हैं।

विद्यार्थियों ने नाटक से दिया शिक्षा के महत्व का संदेश

केंद्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग ने धौलाधार परिसर-1 में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के शिक्षा विभाग की ओर से धौलाधार परिसर-1 में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया गया। यह दिवस भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती की स्मृति में मनाया जाता है, जिन्होंने भारत में आधुनिक शिक्षा की नींव रखी थी।

कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षा संकाय के अधिष्ठाता एवं अध्यक्ष प्रो. विशाल सूद तथा अन्य संकाय सदस्यों द्वारा दीप प्रज्जवलन से हुआ। इसके पश्चात शोधार्थी पारूल, प्रेरणा, वनीता, विरंजन, हीना एवं लोबजांग ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इसके बाद मौलाना अबुल कलाम आजाद के शिक्षा क्षेत्र में योगदान पर आधारित एक लघु डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित की गई। एमए एजुकेशन प्रथम सेमेस्टर के छात्र गौरव ने शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका विषय पर विचार प्रस्तुत किए। शोधार्थी स्वाति ने मां -बच्चे एवं समाज की पहली शिक्षिका शीर्षक से कविता पाठ किया। इस अवसर पर प्रो. विशाल सूद, डॉ. राजिंदर सिंह (सह-प्रोफेसर एवं कार्यक्रम संयोजक), डॉ. नवनीत शर्मा एवं डॉ. प्रकृति भार्गव (सहायक प्रोफेसर) ने राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के महत्व एवं शिक्षण-अधिगम में नवाचार की आवश्यकता पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर शोधार्थियों, एमए एजुकेशन तथा पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन गाइडेंस एंड काउंसिलिंग (पीजीडीजीसी) के विद्यार्थियों द्वारा शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय पर प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों द्वारा निर्मित रचनात्मक मॉडल और चार्ट प्रस्तुत किए गए।

सौगात विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही प्रदेश सरकार का लक्ष्य : किशोरी लाल

बंडियां पंचायत में किया विकास कार्यों का लोकार्पण

अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल

विधायक किशोरी लाल ने ग्रामीणों की जनसमस्याएं भी सुनीं और अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए।

बैजनाथ। विधायक बैजनाथ किशोरी लाल ने बंडियां पंचायत में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान 15 लाख 50 हजार रुपए की लागत के विकासात्मक कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने क्षेत्र के विकास को जनसहभागिता से जोड़ते हुए कहा कि राज्य सरकार की नीतियां अब गांव-गांव तक सशक्त रूप से लागू हो रही हैं एवं गांवों के उत्थान के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और ग्रामीण क्षेत्रों को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना है। किशोरी लाल ने वार्ड नंबर 1 में 4 लाख 50 हजार रुपए की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया।

साथ ही उन्होंने वार्ड नंबर 2 में 5 लाख रुपए की लागत से निर्मित नव-निर्मित कॉमन सर्विस सेंटर एवं 6 लाख रुपए की लगत से निर्मित पंचायत भवन के मीटिंग हॉल का भी लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह भवन स्थानीय लोगों के सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि भवन परिसर में शेड एवं शौचालय निर्माण का प्रारूप शीघ्र तैयार कर कार्रवाई आरंभ की जाए, ताकि भवन का उपयोग और भी सुविधाजनक एवं जनहितकारी हो सके।

विधायक ने ग्रामीणों की जनसमस्याएं भी सुनीं और संबंधित विभागीय अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण जनता की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निपटारा करना और प्रत्येक पंचायत में विकास कार्यों को गति देना है। उन्होंने ग्रामीणों से विकास कार्यों में सहयोग करने और जनहित योजनाओं की जानकारी अन्य लोगों तक पहुंचाने का भी आह्वान किया।

राज्यस्तरीय जुडो स्पर्धा में गुरदासपुर जिला बना ओवरआल चैंपियन

अनंत ज्ञान, पठानकोट। पंजाब स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित 69वें अंतर जिला प्रदेश स्तरीय अंडर-19 लड़कों के जुडो मुकाबले का समापन विद्या मंदिर सीनियर सेकंडरी स्कूल, पठानकोट में हुआ। प्रतियोगिता में जिला गुरदासपुर ने ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीता, जबकि जिला जालंधर दूसरे और मोहाली तीसरे स्थान पर रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीईओ (सेकेंडरी) राजेश कुमार ने की और संचालन जिला खेल को-ऑर्डिनेटर अरुण कुमार ने किया।

मुख्य अतिथि के रूप में सतीश महेंद्रू, अभी शर्मा, तथा विशेष अतिथि के रूप में रमेश चौधरी और विनोद महाजन उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत विजयन्त शर्मा और लीना शर्मा ने किया। अंत में विजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। अब 12 से 13 नवंबर तक अंडर-19 लड़कियों के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे।

प्रताप वर्ल्ड स्कूल के शूटर्स ने किया 27वीं ऑल इंडिया इंटर स्कूल शूटिंग चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान

- चार स्टूडेंट्स ने राज्यस्तर पर किया शानदार प्रदर्शन

पठानकोट। प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट ने खेल उत्कृष्टता के क्षेत्र में एक और उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय के चार प्रतिभाशाली निशानेबाजों ने अपनी शानदार प्रदर्शन के दम पर प्रतिष्ठित 27वीं ऑल इंडिया इंटर स्कूल शूटिंग चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया है।

इन छात्रों ने 25वीं पंजाब राज्य इंटर स्कूल शूटिंग चैंपियनशिप में अपने बेहतरीन प्रदर्शन से विद्यालय और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। चयनित खिलाड़ी अभिनव ठाकुर, मिलन सिंह, आयुष्मान लूथरा व मोहम्मद जुबैर ने सराहनीय प्रदर्शन किया है। इस उपलब्धि पर डायरेक्टर सनी महाजन ने कहा कि यह सफलता हमारे उस संकल्प का प्रमाण है, जिसके तहत हम विश्वस्तरीय सुविधाओं और प्रोफेशनल मेंटरशिप के माध्यम से युवा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करते हैं। हमें अपने शूटर्स पर गर्व है और हम उनके राष्ट्रीय स्तर पर निरंतर सफलता की कामना करते हैं।

डायरेक्टर ओशिन महाजन ने कहा कि प्रताप वर्ल्ड स्कूल में हम समग्र शिक्षा में विश्वास रखते हैं, जिसमें शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ खेलों को भी समान महत्व दिया जाता है। ऐसे उपलब्धियां अन्य छात्रों को भी अपने जुनून को समर्पण और अनुशासन के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती हैं। प्रधानाचार्य शुभ्रा रानी ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है कि सही मार्गदर्शन और लगन से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। हम अपने शूटर्स और उनके प्रशिक्षकों को इस शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई देते हैं।

प्रताप वर्ल्ड स्कूल खेल और शिक्षा दोनों में नए मानक स्थापित करता जा रहा है, जिससे उसके विद्यार्थी हर क्षेत्र में ऊंचा लक्ष्य साधने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित होते हैं।

न्यूज ब्रीफ

पुनर्मूल्यांकन व पुनर्निरीक्षण का परिणाम घोषित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने बोर्ड द्वारा जुलाई, 2025 में संचालित की गई दसवीं व जमा दो कक्षा के नियमित परीक्षार्थियों की अनुपूरक परीक्षा, अतिरिक्त विषय, श्रेणी सुधार परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन व पुनर्निरीक्षण के लिए जिन परीक्षार्थियों ने आवेदन किया था, उनका पुनर्मूल्यांकन व पुनर्निरीक्षण का परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया। शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि संबंधित परीक्षार्थी पुनर्मूल्यांकन व पुनर्निरीक्षण का परिणाम शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।

दुर्गा माता (पंजपीरी) मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा 8 को

अनंत ज्ञान, पालमपुर। कैलाश आश्रम में धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण आयोजन के तहत दुर्गा माता (पंजपीरी) मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा 18 नवंबर 2025 को प्रातः संपन्न होगी। श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया है कि वे माता का स्वागत करने और कलश स्थापना समारोह में भाग लें। बेंगलुरु गुरुकुल स्थित देवी मंदिर से शीतला माता 16 नवंबर को कैलाश आश्रम पहुंचेगी। भक्तों को प्रतिदिन देवी के दर्शन और आशीर्वाद हेतु आमंत्रित किया गया है

बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने का दिया संदेश

अनंत ज्ञान, कांगड़ा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ब्लॉक कांगड़ा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें शिक्षा विभाग के केंद्र मुख्य अध्यापक, पर्यवेक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल हुए। बाल विकास परियोजना अधिकारी संजीव बग्गा ने बेटियों को आत्मनिर्भर और शिक्षित बनाने का संदेश दिया। खंड शिक्षा अधिकारी सुरजन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मनमोहन चौधरी ने चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, बाल अधिकारों, साइबर सुरक्षा, नशा रोकथाम और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।

विद्यार्थियों को दी सड़क सुरक्षा की जानकारी

अनंत ज्ञान, कांगड़ा। राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गाहलियां के एनएसएस के सात दिवसीय शिवर के विद्यार्थियों ने सरकार द्वारा बनाए जा रहे एटीएस संस्थान कांगड़ा स्थित गाहलियां में जाकर वहां संचालित गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। संस्थान के एमडी सुलमान अंसारी तथा वनीत अग्निहोत्री ने एनएसएस विद्यार्थियों मोटर वाहन अधिनियम तथा सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर विद्यालय के उपप्रधानाचार्य अजय चौहान, एनएसएस प्रभारी संजीव कुमार शर्मा, मीनाक्षी, पंकज, राजीव डोगरा इत्यादि उपस्थित रहें।

भारतीय पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों पर रखे विचार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। केंद्रीय हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में एमएमटीटीसी द्वारा भारतीय ज्ञान प्रणाली विषय पर आयोजित अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन विशेषज्ञों ने भारतीय बौद्धिक परंपरा की वैज्ञानिक, दार्शनिक और सांस्कृतिक गहराई पर विचार साझा किए। पहले सत्र में प्रो. आशीष अरोड़ा ने भारतीय गणितीय परंपरा और इसके वैश्विक योगदान पर प्रकाश डाला। दूसरे सत्र में प्रो. योगेंद्र कुमार भानु ने भारतीय ज्ञान परंपरा की प्रासंगिकता पर जोर देते हुए कहा कि यह अनुभव, तर्क और समग्रता पर आधारित है।

बैठक में तंबाकू नियंत्रण पर की चर्चा

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रूबी भारद्वाज की अध्यक्षता में नगरोटा बगवां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में खंड स्तरीय कोटपा फ्लाइंग स्कॉड की बैठक हुई। बैठक में तंबाकू उत्पादों के सेवन और बिक्री पर कानून के प्रभावी पालन पर जोर दिया गया। निर्णय लिया कि प्रतिबंधित क्षेत्रों में तंबाकू उत्पाद बेचने और खुले में सेवन करने वालों के खिलाफ नियमित निरीक्षण और चालान कार्रवाई होगी। इसके साथ ही विद्यालयों और पंचायतों में जागरूकता अभियान भी चलाए जाएंगे।

बारी-सांबा सड़क आज से रहेगी अवरुद्ध

अनंत ज्ञान, डरोह। हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग, भवारना के सहायक अभियंता राजेश कुमार चोपड़ा ने बताया कि बारी से सांबा सड़क का अपग्रेडेशन प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत चल रहा है। यह कार्य 12 से 20 नवंबर तक किया जाएगा, इसलिए सड़क सभी प्रकार के वाहनों के लिए अवरुद्ध रहेगी। लोग वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करके आवागमन कर सकते हैं ताकि सड़क सुरक्षित और कार्य सुचारू रूप से पूरा हो सके।

कंवर दुर्गा चंद कॉलेज में रसोई बागवानी कार्यक्रम

अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर। कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय, जयसिंहपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में रसोई बागवानी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. अरुण चंद्र ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर विभिन्न प्रकार के बीजों की बिजाई की। कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण एवं स्वावलंबन का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. हरजिंदर सिंह और प्रो. शिवानी द्वारा किया गया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को 'एक छात्र-एक पौधा' के संकल्प को आगे बढ़ाने का संदेश दिया।

विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास पर दें जोर: संजय

अनंत ज्ञान, डरोह। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के प्रयासों से हिमाचल प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में देश के शीर्ष पांच राज्यों में शामिल हो गया है। नेशनल अचीवमेंट सर्वे 2025 में यह दर्ज है कि 2021 में राज्य 21वें स्थान पर था। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घराणा के वार्षिक पारितोषिक समारोह में मुख्यातिथि संजय चौहान ने कहा कि शिक्षक नई-नई पहल करें और विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के लिए मेहनत करें। उन्होंने प्रदेश सरकार की शिक्षा सुधार योजनाओं की सराहना की।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का महत्व समझाया

अनंत ज्ञान, पालमपुर। शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय, पालमपुर की एनएसएस इकाई ने हिल्दारी एनजीओ के सहयोग से महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान आयोजित किया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों और कर्मचारियों में स्वच्छता, अपशिष्ट पृथक्करण और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। हिल्दारी के सदस्यों ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का महत्व समझाया। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने कहा कि स्वच्छता केवल कार्य नहीं बल्कि जीवनशैली और सामाजिक कर्तव्य है, और सभी को अपने परिसर व आस-पास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

किशोरियों ने लिया 'संवाद से बदलाव' का संकल्प

अनंत ज्ञान, गगल। जागोरी रूरल चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा जागोरी कैंपस रक्कड़ में दो दिवसीय किशोरी उत्सव का आयोजन किया गया। इस वर्ष उत्सव का विषय था संवाद से बदलाव की ओर। कार्यक्रम में कांगड़ा जिले के धर्मशाला, कांगड़ा, रैत, नगरोटा बगवां और नगरोटा सूरियां से आई कुल 62 किशोरियों ने भाग लिया। दो दिनों तक उन्होंने सीख, अभिव्यक्ति और अनुभवों से भरी एक प्रेरणादायक यात्रा तय की।

स्कूटी बिजली के पोल से टकराई एक युवक की मौत, दूसरा घायल

धर्मशाला के पास सेल्फी प्वाइंट में पेश आया हादसा, दोनों एकडमी में करते थे पढ़ाई

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

पुलिस थाना धर्मशाला के तहत एक हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसका मेडिकल कॉलेज टांडा में उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार, धर्मशाला-पालमपुर रोड पर पुलिस लाइन धर्मशाला के पास सेल्फी प्वाइंट में स्कूटी बिजली के पोल से टकरा गई। दोनों युवक धर्मशाला की एक एकेडमी में पढ़ाई कर रहे थे।

मंगलवार को सुबह तड़के करीब तीन बजे स्कूटी बिजली के खंभे से टकरा गई। हादसे में स्कूटी के परखच्चे उड़ गए तथा उस पर सवार एक 16 साल के युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक बुरी तरह से घायल हो गया। घायल हुए युवक को पहले धर्मशाला अस्पताल ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मृतक युवक की पहचान देहरा निवासी के रूप में हुई है। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक जिला चंबा का बताया जा रहा है। हादसे को लेकर पुलिस थाना धर्मशाला में मामला दर्ज किया गया है। एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर ने बताया कि सुबह तड़के तीन बजे हुए इस हादसे में स्कूटी, बिजली के खंभे से टकरा गई। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका उपचार मेडिकल कॉलेज टांडा में चल रहा है।

कमरे में मिला व्यक्ति का शव

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। पुलिस थाना धर्मशाला के तहत एक व्यक्ति की मौत का मामला सामने आया है। पड़ोसियों ने कमरे में व्यक्ति का शव मिलने के बाद इसकी सूचना पार्षद को दी। सूचना मिलते ही पुलिस थाना धर्मशाला की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में साक्ष्य जुटाए। जानकारी के अनुसार दाडनू निवासी हरबंस सिंह दाडनू में फास्ट फूड की दुकान करता था। उसकी पत्नी करीब तीन दिन पहले बड़ोल में अपने मायके गई हुई थी। मंगलवार को पड़ोसियों ने देखा कि उसके कमरे का दरवाजा थोड़ा खुला हुआ था। एक-दो दिनों से वह दिखाई नहीं दिया था और न ही उसकी स्कूटी वहां थी। पड़ोसियों ने जब दरवाजा खोला तो कमरे में उसका शव मिला तथा साथ में खून भी पड़ा मिला। इसके बाद पार्षद के माध्यम से पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को जोनल अस्पताल स्थित शवगृह में रखा है तथा बुधवार का शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। एएसपी कांगड़ा बीर बहादुर ने बताया कि शव को मोर्चरी में रखा गया है तथा बुधवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

थुरल में पिकअप से देसी शराब की 200 पेटियां बरामद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। जिला कांगड़ा पुलिस के नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत भवारना थाना पुलिस ने एक बोलेरो पिकअप (अस्थायी नंबर) से 200 पेटियां देसी शराब की बरामद की हैं। यह वाहन सुदर्शन कुमार पुत्र कश्मीर सिंह, निवासी बोदा (पालमपुर) चला रहा था। आरोपी ने शराब की पेटियों को ढककर रखा था, ताकि किसी को शक न हो, लेकिन पुलिस टीम की सतर्कता से यह अवैध खेप पकड़ ली गई।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर वाहन और शराब को कब्जे में ले लिया है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने कहा कि नशे व अवैध शराब कारोबार में लिप्त किसी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि नशे के सौदागरों की सूचना पुलिस को तुरंत दें, आपकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

बेटियों को सुदृढ़ व शिक्षित करना मुख्य दायित्व: आरएस बाली

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां

प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली ने मंगलवार को रजियाना में बन रहे वुमन वर्किंग हॉस्टल के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने हॉस्टल के कार्य का अधिकारियों से विवरण लिया और इस कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

वर्किंग वुमन हॉस्टल के कार्य का किया निरीक्षण

उन्होंने कहा कि इस वर्किंग वुमन हॉस्टल के बन जाने से अनेकों महिलाओं को इसका फायदा होगा। महिलाएं अपने कार्यों को और अच्छे से करने में सक्षम होंगी। उन्हें रहने के लिए एक बेहतर परिवेश मिलेगा। उन्होंने कहा महिलाओं की समाज को मजबूत बनाने में अहम भूमिका है महिलाओं का सुदृढ़ होना अत्यंत आवश्यक है इसके लिए सरकार द्वारा अनेकों योजनाएं चलाई गई हैं। उन्होंने कहा हमें बेटियों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के पूरे अवसर उनको देने चाहिए। उन्होंने कहा आज महिलाएं हर क्षेत्र में प्रदेश और देश का नाम ऊंचा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हमें पुरुषों के समान ही महिलाओं को अवसर प्रदान करने चाहिए। उन्होंने कहा सरकार द्वारा महिलाओं को सशक्त करने के लिए आर्थिक योजनाएं, बेटियों की शिक्षा के लिए शिक्षा से संबंधित योजनाओं जैसी अनेकों योजनाएं शुरू की गई हैं। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश की तरक्की तभी संभव है कि यदि वहां की महिलाएं सुदृढ़ और सशक्त होंगी।

बिना आवेदन पर्चियों के आधार पर देहरा के 67 महिला मंडलों को बांटे 50-50 हजार: होशियार

कहा- आचार संहिता के दौरान केसीसी बैंक से ट्रांसफर किए 33.50 लाख

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

देहरा के पूर्व विधायक होशियार सिंह ने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि 2024 में देहरा का चुनाव छल, कपट और झूठ के बल पर जीता गया। उन्होंने बताया कि सरकार के दबाव में कांगड़ा सहकारी बैंक समिति (केसीसीबी) ने आदर्श चुनाव आचार संहिता के दौरान बिना किसी आवेदन पत्र के केवल पर्चियों के आधार पर 67 महिला मंडलों के बैंक खातों में 50-50 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। यह राशि 20 जून से 10 जुलाई 2024 के बीच भेजी गई, जबकि रिजर्व बैंक की गाइडलाइन के अनुसार अधिकतम राशि 30 लाख रुपए हो सकती थी, लेकिन बैंक ने कुल 33.50 लाख रुपए ट्रांसफर किए।

20 जून 2024 से 10 जुलाई तक ट्रांसफर की राशि

होशियार सिंह ने कहा कि एक महिला मंडल का खाता निष्क्रिय होने के बावजूद उसमें भी राशि भेज दी गई थी, जिसे बाद में वापस लिया गया। महिला मंडलों के खातों में राशि ट्रांसफर होने के बाद यूटिलाइजेशन प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि उन्होंने सूचना के अधिकार के तहत बैंक से जानकारी मांगी, लेकिन जवाब नहीं मिला। दोबारा आवेदन पर बैंक ने थर्ड पार्टी होने का हवाला देते हुए सूचना देने से इनकार किया।

इसके बाद मामला न्यायालय तक गया, और अब न्यायालय ने बैंक से 11 दिसंबर तक जवाब मांगा है। होशियार सिंह ने कहा कि राज्यपाल को भेजे गए जवाब में स्पष्ट है कि बैंक ने सारी सूचना विधानसभा को दे दी थी, फिर भी तथ्य छुपाए जा रहे हैं। इस संबंध में हमीरपुर से भाजपा विधायक आशीष शर्मा ने 13 मार्च 2025 को विधानसभा में प्रश्न उठाया। इस पर जवाब मिला कि इस संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि देहरा विधानसभा में 12,500 एप्लीकेशन में से केवल 980 महिलाओं को ही भुगतान हुआ और बाकि 16 महीने से भी अधिक समय बाद भी भुगतान नहीं मिला। यह मामला महिला हित और सरकारी जवाबदेही को लेकर गंभीर सवाल उठाता है, और न्यायालय के निर्णय का इंतजार किया जा रहा है।

कोली समाज ने आईआईटी और हिमाचल पुलिस में चयनित बेटियों को नवाजा

अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर। कांगड़ा कोली समाज के अध्यक्ष काली दास और सदस्य शेर सिंह ने श्रुति वर्मा को आईआईटी गुवाहाटी (असम) में प्रवेश पाने तथा अनामिका और रश्मि को हिमाचल प्रदेश पुलिस में चयन होने पर अनमोल योजना के तहत टोपी, मफलर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। श्रुति वर्मा, विधानसभा जयसिंहपुर (चंद्रौण) के कोसरी की रहने वाली हैं। उनके पिता विनोद कुमार अप्पर थेड़ू पंचायत के प्रधान हैं और माता पंचायतीराज विभाग में सचिव। श्रुति ने बिना किसी कोचिंग के आईआईटी में प्रवेश पाया, जो बड़ी उपलब्धि है। वहीं, अनामिका (तरींडा) और रश्मि (थेड़ू) ने भी मिसाल पेश की है। अनामिका के पिता विजय कुमार मजदूरी करते हैं और माता गृहिणी हैं, जबकि रश्मि के पिता राज कुमार टेंपो ड्राइवर और माता गृहिणी। सम्मान पाकर लड़कियां भावुक हो गईं और उनके माता-पिता ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए अविश्वसनीय था। काली दास और शेर सिंह ने बेटियों का हौसला बढ़ाया और वादा किया कि पांच साल बाद कमीशन की तैयारी पूरी करने पर पुनः सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन बेटियों ने केवल जयसिंहपुर नहीं, बल्कि कांगड़ा और हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया है।

16 को होगी पेंशनर्स संघ कांगड़ा की बैठक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। जिला कांगड़ा पेंशनर संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक 16 नवंबर को श्रीराम लीला सराय इंदौरा में 11 बजे प्रधान कृष्ण स्वरूप शर्मा की अध्यक्षता में होगी। जिला कांगड़ा पेंशन संघ के सभी खंडों के प्रधानों, महासचिवों, वित्त सचिवों तथा जिला कांगड़ा पेंशन संघ के राज्य कार्यकारिणी के सभी सदस्यों एवं जिला कांगड़ा पेंशन संघ के सभी कार्यकारिणी के सदस्यों से अनुरोध किया कि ज्यादा से ज्यादा बैठक में भाग लें। बैठक में पेंशनर्स की समस्यों के बारे में विचार विमर्श किया जाएगा और आगामी रणनीति के बारे में विचार किया जाएगा। यह जानकारी संघ के प्रधान कृष्ण स्वरूप शर्मा व महासचिव सोमराज गर्ग ने दी।

शिवनगर कॉलेज में शिक्षा का महत्व बताया

राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह। अंग्रजी विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना व आईक्यूएसी के तत्वावधान में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस और परीक्षा तैयारी पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. राजेश कुमार और डॉ. योगेश पांडेय ने किया। मुख्य अतिथि प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने विद्यार्थियों को अनुशासन, लगन और परीक्षा की तैयारी के गुर सिखाए। उन्होंने मौलाना अबुल कलाम आजाद के जीवन और शिक्षा के महत्व पर भी प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किए।

नगरोटा में 15 से मक्की की खरीद होगी शुरू

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। नगरोटा बगवां सिविल सप्लाई विभाग केंद्र में 15 नवंबर से प्राकृतिक विधि से तैयार मक्की किसानों से 40 रुपए प्रति किलो के हिसाब से खरीदी जाएगी। कृषि विभाग की आत्मा परियोजना के तहत 5 ब्लॉकों-बैजनाथ, नगरोटा बगवां, बड़ोह, भेड़ू महादेव और कांगड़ा-के किसान इस योजना के तहत मक्की बेच सकते हैं। किसानों को परिवहन के लिए अतिरिक्त 2 रुपए प्रति किलो का भुगतान भी किया जाएगा। प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और किसानों को समृद्ध बनाने के लिए यह कदम उठा रही है। जानकारी टेक्नोलॉजी टीम की एटीएम सहायक मैनेजर अंकिता ने दी।

छात्रों को क्लाइमेट चेंज पर दिखाई 3डी फिल्म

अनंत ज्ञान, पालमपुर। पालमपुर विज्ञान केंद्र में नेशनल नेचर कैंपिंग कार्यक्रम के तहत एप्रोप्रियेट टेक्नोलॉजी सेंटर, शाहपुर के 45 विद्यार्थियों व 8 अध्यापकों के लिए शैक्षणिक उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने विज्ञान दीर्घाओं का भ्रमण कर वैज्ञानिक प्रदर्शनों से जानकारियां प्राप्त कीं। तारामंडल प्रदर्शन में उन्होंने ग्रहों, तारों और नक्षत्रों के रहस्यों को जाना। क्लाइमेट चेंज पर 3डी फिल्म दिखाई गई, जिससे जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता बढ़ी। विज्ञान प्रदर्शनी में लिक्विड नाइट्रोजन प्रयोगों और अन्य प्रायोगिक गतिविधियों ने छात्रों में वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित किया। आपदा प्रबंधन गतिविधियों के माध्यम से प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा के उपाय भी सिखाए गए। यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक व प्रेरणादायक रहा।

जसवां-परागपुर में लोनिवि का भवन बनने से पहले राजनीतिक उपेक्षा का शिकार

सालविया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली। जसवां-परागपुर में लोक निर्माण विभाग का भवन बनने से पहले ही राजनीतिक उपेक्षा और प्रशासनिक सुस्ती के चलते परियोजना ठप पड़ गई है। भारतीय जनता पार्टी जसवां-प्रागपुर मंडल ने कहा कि कोटला बेहड़ उपमंडल के भवन का शिलान्यास तो हो गया, लेकिन निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ।

मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा और जसवां अध्यक्ष वीरेंद्र ठाकुर ने बताया कि समाजसेवी रमेश शर्मा ने लाखों की भूमि दान की, लेकिन सरकार ने उसका सम्मान नहीं किया। धनराशि स्वीकृत होने के बावजूद वर्षों से निर्माण रुका हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विकास के लिए छोड़ी गई जमीन पर अब जिम्मेदारी नहीं निभाई जा रही। भाजपा नेताओं ने लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से भवन निर्माण कार्य तुरंत शुरू करने और अधिकारियों को वाहन उपलब्ध कराने की मांग की है।

फाइनांस कंपनी तीस दिन के भीतर उपभोक्ता को सौंपेगी वाहन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

जिला उपभोक्ता आयोग की अदालत ने जारी किए आदेश

उपभोक्ता आयोग जिला कांगड़ा के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा व सदस्य आरती सूद की अदालत ने एक फाइनांस कंपनी को उपभोक्ता को 30 दिन के भीतर वाहन सौंपने के आदेश जारी किए हैं। यदि कंपनी ऐसा नहीं करती है तो कंपनी को प्रतिदिन 100 रुपए का जुर्माना भुगतना होगा।

इसके अलावा आयोग में शिकायत दर्ज करने वाले उपभोक्ता को कंपनी द्वारा 2,00,000 रुपए का मुआवजा व 15,000 रुपए मुकदमे का खर्चा अदा करने के आदेश भी जारी किए गए हैं। साथ ही वाहन से संबंधित लोन नंबर को पूण रूप से निपटाया हुआ माना जाने के बाद कंपनी द्वारा उपभोक्ता को एनओसी जारी करनी होगी। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता उपभोक्ता ने आयोग ने शिकायत दर्ज करते हुए आरोप लगाया था कि फाइनांस कंपनी ने उनकी गाड़ी को बिना किसी पूर्व सूचना के 31 मई 2022 को जबरदस्ती कब्जे में ले लिया, जबकि वह कोविड-19 महामारी के कारण अस्थायी आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे थे और किस्तों के पुनर्निर्धारण की मांग कर चुके थे। सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता ने एक वीडियो क्लिप (पेन ड्राइव में) पेश की, जिसमें कंपनी के कर्मचारियों को जबरदस्ती वाहन ले जाते हुए दिखाया गया। आयोग ने पाया कि यह घटना कंपनी के दावे के विपरीत थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि वाहन स्वेच्छा से सौंपा गया था। आयोग ने माना कि कंपनी ने बलपूर्वक कब्जा कर उपभोक्ता की गोपनीयता का उल्लंघन किया। आयोग ने अपने आदेश में कहा कि विपक्षी पक्ष ने वाहन को जबरन कब्जे में लेकर उपभोक्ता सेवा में गंभीर कमी की है। इसके अलावा, आयोग के आदेश के बावजूद वाहन को तीसरे पक्ष को बेच दिया गया, जो स्पष्ट उल्लंघन है। उपभोक्ता के पक्ष में फैसला सुनाते हुए फायनांस कंपनी को उपरोक्त आदेश जारी किए हैं।

बीड़ होटल एसोसिएशन ने सड़कों की दयनीय हालत सुधारने की उठाई मांग

जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ। बीड़ होटल एसोसिएशन ने प्रशासन से बीड़-बिलिंग क्षेत्र की सड़कों की बदहाल स्थिति को सुधारने की मांग की है। एसोसिएशन के संरक्षक दिनेश पाल, अध्यक्ष सतीश अबरोल व महामंत्री बलवंत राजपूत ने बताया कि बरसात को एक माह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन क्षेत्र की सड़कें अब भी गड्ढे ही गड्ढे हैं। किनारों से बही मिट्टी नहीं भरी गई, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ रही है। बीड़-बिलिंग विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है, जहां देश-विदेश से पर्यटक आते हैं, परंतु खराब सड़कों के कारण स्थानीय और पर्यटकों दोनों को दिक्कत झेलनी पड़ रही है। एसोसिएशन ने मांग की कि चौगान-चौंतड़ा, लम्वाहार-मटरू व चौगान-बीड़ मार्ग जैसे हिस्सों को सीमेंट से पक्का किया जाए। पक्के पैच लगाने और किनारों को स्थायी रूप से मजबूत करने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में सड़कें बरसातों में खराब न हों।

प्रोत्साहन मुख्यमंत्री कार्प मत्स्य पालन योजना से खुले युवाओं और किसानों के लिए आजीविका के द्वार

मछली पालन से बदलेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था का स्वरूप

अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला

प्रदेश सरकार द्वारा आरंभ की गई मुख्यमंत्री कार्प मत्स्य पालन योजना राज्य के युवाओं, किसानों व ग्रामीण आबादी के लिए आजीविका का नया द्वार खोल रही है। सरकार का उद्देश्य पारंपरिक कृषि के साथ-साथ मत्स्य पालन को एक स्थायी व लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित करना है।

इस योजना के अंतर्गत प्रदेश के उष्ण जलवायु वाले क्षेत्रों में मीठे पानी में कार्प मछली पालन को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। मत्स्य पालन विभाग के अनुसार, योजना के तहत तालाब निर्माण व प्रारंभिक वर्ष की इनपुट लागत (मछली बीज, चारा, औषधि आदि) पर सरकार द्वारा 80 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है। प्रति हेक्टेयर 12.40 लाख रुपए की यूनिट लागत निर्धारित की गई है, जिसमें तालाब निर्माण के लिए 8.40 लाख रुपए तथा इनपुट सामग्री के लिए 4 लाख रुपए शामिल हैं। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि अधिक से अधिक युवा मत्स्य पालन से जुड़ें और आत्मनिर्भर बनें। योजना के तहत लाभार्थी के पास स्वामित्व भूमि या न्यूनतम सात वर्षों के लिए पट्टे पर ली गई भूमि होना आवश्यक है। आवेदन में बेरोजगार युवाओं, महिलाओं और अनुसूचित वर्ग के आवेदकों को प्राथमिकता दी जाती है। प्रति लाभार्थी न्यूनतम 0.05 हेक्टेयर और अधिकतम 1 हेक्टेयर तक तालाब निर्माण की अनुमति दी जाती है। योजना में शामिल होने से पहले मत्स्य विभाग द्वारा स्थल निरीक्षण व तकनीकी सलाह दी जाती है। तहसील नूरपुर गांव परगना डाकघर बदुई के लवली कुमार बताते हैं कि उन्हें मुख्यमंत्री कार्प मत्स्य पालन योजना के तहत एक लाख 39 हजार रुपये की सब्सिडी प्राप्त हुई है। नूरपुर के गांव परगना के राकेश कुमार बताते हैं कि उनके परिवार ने मुख्यमंत्री मत्स्य पालन योजना के अंतर्गत तालाब का निर्माण करवाया है। इस योजना के तहत उन्हें सरकार द्वारा एक लाख 24 हजार रुपए की सब्सिडी प्रदान की गई है। फतेहपुर के गांव जखाड़ा के रमेश चंद्र ने बताया कि एक लाख 3 हजार रुपए की सब्सिडी प्राप्त हुई है, जिसके माध्यम से उन्होंने लगभग 1,050 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में तालाब का निर्माण करवाया है।

लाभार्थी के पास स्वामित्व भूमि या सात साल के लिए पट्टे पर ली गई भूमि होना जरूरी।

> **प्रदेश** सरकार द्वारा आरंभ की गई मुख्यमंत्री मत्स्य पालन योजना राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा सामान्य वर्ग सभी श्रेणियों के लाभार्थियों को समान रूप से 80 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जा रहा है। एक हेक्टेयर तालाब के लिए 12 लाख 40 हजार रुपए की यूनिट लागत निर्धारित की गई है, जिसके अनुसार पात्र लाभार्थियों को 80 प्रतिशत अनुदान की वित्तीय सहायता दी जाती है।
>
> **-संदीप कुमार, सहायक निदेशक, मत्स्य पालन पौंग जलाशय**

> ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सरकार द्वारा विशेष पहल की गई है, खासकर हमारे मछुआरा भाइयों के लिए एक अलग योजना चलाई जा रही है, जिसके अंतर्गत 80 प्रतिशत तक का अनुदान प्रदान किया जाता है। इस योजना का लाभ मुख्य रूप से पौंग बांध क्षेत्र और निचले इलाकों के लोगों ने उठाया है, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त होने का अवसर मिला है।
>
> **हेमराज बैरवा, डीसी, जिला कांगड़ा**

वजीर पठानिया राष्ट्र की अमर धरोहर : कुलदीप

वीर वजीर राम सिंह पठानिया की 176वीं पुण्यतिथि पर वीर दिवस का आयोजन।

अनंत ज्ञान, नूरपुर

महान स्वतंत्रता सेनानी वीर वजीर राम सिंह पठानिया की 176वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में उनकी जन्मस्थली बासा वजीरा में वीर दिवस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि उपसचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक भवानी पठानिया, रणवीर निक्का, पूर्व मंत्री राकेश पठानिया एवं पूर्व सांसद कृपाल परमार विशेष अतिथि रहे। कुलदीप सिंह पठानिया ने वीर पठानिया की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कि

विकास की फाइलों में कैद सोलधा पंचायत

खेल मैदान अधूरा, पंचायत घर का काम शुरू होने से पहले ही ठप और सरकार के दावे हवा में

अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो

बिलासपुर। सोलधा पंचायत आज विकास की नहीं, बल्कि विभागीय सुस्ती और सरकारी लापरवाही की मिसाल बन चुकी है। मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना के तहत स्वीकृत खेल मैदान अधूरा पड़ा है, जबकि मॉडल पंचायत घर का काम शुरू होने से पहले ही ठप हो गया। लाखों-करोड़ों की योजनाएं अब 'कागजों पर विकास' बनकर रह गई हैं। सरकारी बैठकों में जो फाइलें सरकती हैं, वे जमीनी हकीकत तक पहुंच ही नहीं पातीं, नतीजा यह कि जनता आज भी अधूरी परियोजनाओं की तस्वीरें देखकर विकास का सपना सजाने को मजबूर है।

अनंत ज्ञान मुद्दा

वह स्थान जहां पर होना है मॉडल पंचायत घर का निर्माण।

जनता का गुस्सा अब और नहीं सहेंगे

सोलधा पंचायत के ग्रामीण अब शांत नहीं रहना चाहते। युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक सब एक स्वर में कह रहे हैं कि यदि प्रशासन ने एक सप्ताह के भीतर ठोस कदम नहीं उठाया, तो पंचायत स्तर पर जन आंदोलन शुरू होगा। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता कहते हैं कि सरकारी योजनाएं अब राहत नहीं, परेशानी बन चुकी हैं। जवाबदेही तय न हुई, तो जनता जवाब देगी। गांव की महिलाएं भी अब आगे आई हैं। वे कहती हैं कि बच्चे बिना मैदान के, बुजुर्ग बिना पंचायत घर के और किसान बिना उम्मीद के रह गए हैं। पंचायत की बैठकों में अब केवल सवाल हैं, जवाब नहीं।

प्रधान सुषमा शर्मा का दो-टूक बयान

पंचायत प्रधान सुषमा शर्मा ने कहा कि अधिकारियों को बार-बार सूचित करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। यह केवल सोलधा पंचायत की नहीं, बल्कि पूरे विकास तंत्र की नाकामी है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर अब भी काम शुरू नहीं हुआ तो पंचायत सड़क पर उतरकर आवाज उठाएगी। विकास को फाइलों में कैद नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंचायत ने अपने स्तर पर हर आवश्यक दस्तावेज पूरे कर दिए हैं, लेकिन विभागीय उदासीनता के कारण योजनाएं अधर में लटक गई हैं। सुषमा शर्मा ने यह भी कहा कि अब जनता को भ्रमित नहीं किया जा सकता, हमने चुप रहकर देखा, अब बोलेंगे भी और जवाब भी लेंगे।

प्रशासन की चुप्पी और जनता का सवाल

सोलधा पंचायत की स्थिति बिलासपुर जिले की अन्य कई पंचायतों की झलक दिखाती है। योजनाओं का बजट मंजूर होता है, शिलान्यास पत्थर लगते हैं, पर निर्माण वहीं ठहर जाता है। जनता पूछ रही है कि क्या विकास सिर्फ चुनावी भाषणों का हिस्सा रह गया है?

खेल मैदान का विकास बन गया मजाक

फरवरी 2025 में मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना के तहत गांव खलैह, पंचायत सोलधा के लिए 15 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। 17 अप्रैल को कार्य आरंभ भी हुआ, परंतु छह माह बीत जठन। के बठस्स्जज़द मःदठन अधज़ठ व। 9.ङ्ख लठख रुपए कठ ठाकठ जठरफ व्ढअठ, मगर पठ्ट पर कठम कठ नठमेडनछठ्ठन नक्फ व। गठंस्स् के यढस्स्ठअें कठ कन्नठ व डक परकठर मःदठन नक्फ डनराशा बो रही है। हमें खेलने की जगह चाहिए, बहाने नहीं। पंचायत द्वारा कई बार विभाग को पत्र भेजे गए, लेकिन अधिकारियों ने जैसे चुप्पी साध ली है। जहां सरकार खेलो इंडिया की बातें करती है, वहीं गांवों में बच्चे अब भी धूल और पत्थरों के बीच खेल रहे हैं।

पंचायत घर: दस महीने की फाइल यात्रा, फिर भी शून्य काम

सोलधा पंचायत का नया मॉडल पंचायत घर वर्ष 2021 में प्रस्तावित हुआ था। लगभग तीन साल तक फाइलें घूमती रहीं, तब जाकर अक्तज़्बर ङ्ख0ङ्खङ्ख म। ङ्क:ङ्कं करेड़ रुपय। कफस्स्प्फ्र्र डत डमलफ ल।डकन य० कव्ठनफयक्फखत्म नक्फक्वफ ठाकठ पळडक्ळ यठ म। क्कदप मव्फ्न। बबठलद े गए। ङ्ग0 डपतंबर ङ्ख0ङ्कं के ठाकठ अठस्स्ंडटत व्ढअठ, पर ठेकेदार ने आज तक साइट पर कदम तक नहीं रखा। स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या विकास योजनाओं की जिम्मेदारी सिर्फ कागजों तक सीमित रह गई है? अगर करोड़ों की योजनाएं फाइलों में ही दम तोड़ देंगी, तो जनता सरकार पर भरोसा कैसे करे?

जनता के सवाल का जवाब किसके पास?

सोलधा पंचायत का मामला अब सिर्फ एक पंचायत का नहीं, बल्कि पूरे जिले में विकास की धीमी रफ्तार का प्रतीक बन चुका है। प्रशासन को जवाब देना होगा कि करोड़ों की योजनाएं फाइलों में क्यों अटकी हैं? ठेकेदारों की जवाबदेही तय क्यों नहीं होती, और जनता की आवाज कब तक अनसुनी रहेगी। अगर यह स्थिति नहीं बदली तो सोलधा से उठी यह आवाज जल्द ही पूरे बिलासपुर का नारा बनेगी।

घुमारवीं में खैर कटान का घोटाला

ठेकेदारों ने काटे पेड़ जुर्माना भूमिधारकों पर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

बिलासपुर जिले के घुमारवीं वन परिक्षेत्र की वन बीट पनौल के विजयपुर-पंगियां क्षेत्र में वन माफिया और विभागीय मिलीभगत का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। सूत्रों के अनुसार, ठेकेदारों ने करीब 300 खैर के पेड़ काट डाले, मगर जुर्माना भूमिधारकों के नाम पर थोप दिया गया। अब सवाल उठ रहा है कि डेमेज रिपोर्ट किसकी कटी ठेकेदारों की या जमींदारों की?

क्षेत्र के प्रभावित भूमिधारक एवं स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि पेड़ ठेकेदारों ने काटे, मगर विभाग ने कार्रवाई भूमिधारकों पर कर दी। भूमिधारकों का साफ कहना है कि उन्होंने खैर के पेड़ न तो बेचे, न ही फ्यूल वुड के रूप में इस्तेमाल करने की कोई अनुमति दी। शिकायत मिलने के बावजूद वन विभाग के अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे और रातों-रात ठेकेदारों को खबर कर दी गई। आरोप है कि ठेकेदारों ने अंधेरे में सारा 'माल' उठा लिया, ताकि सुबह तक साक्ष्य मिट जाएं। अगले दिन विभाग ने लीपापोती करते हुए मात्र 60 पेड़ों की डेमेज रिपोर्ट तैयार की, जबकि ग्रामीणों के अनुसार काटे गए पेड़ों की संख्या 300 से कम नहीं थी। ग्रामीणों ने बताया कि जहां अवैध कटान हुई, वहां नाले तक घना जंगल फैला है। सिर्फ निजी जमीन ही नहीं, सरकारी भूमि पर खड़े पेड़ों को भी काटा गया, जो सीधे तौर पर वन अधिनियम का गंभीर उल्लंघन किया गया। सबसे बड़ा सवाल यह है कि अगर इतने बड़े पैमाने पर पेड़ कटे, तो रिकवरी और एफआईआर क्यों नहीं हुई? क्या विभाग खुद दोषियों को बचा रहा है?

ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से यह पूरा खेल रचा गया। ग्रामीण अब उच्च स्तरीय जांच की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को विवश होंगे।

न्यूज ब्रीफ

कोल डैम की देवांशी ने बढ़ाया बिलासपुर का मान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। कोल डैम कसोल गांव की बेटी देवांशी ठाकुर ने नॉर्सेट-9 परीक्षा में सफलता प्राप्त कर ईएसआईसी हॉस्पिटल, नई दिल्ली में नर्सिंग ऑफिसर पद पर चयन हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार और क्षेत्र में गर्व का माहौल है। देवांशी ने कोल वैली नर्सिंग इंस्टीट्यूट नैहर से बीएससी नर्सिंग व अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी से एमएससी नर्सिंग की पढ़ाई पूरी की। उन्होंने सफलता का श्रेय अपने परिवार के सहयोग व कठिन परिश्रम को दिया। देवांशी ने कहा कि मेहनत और एकाग्रता ही सफलता की कुंजी है। उनकी सफलता से बिलासपुर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित हुआ है।

बिलासपुर कॉलेज में हुई प्लेसमेंट ड्राइव

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। बिलासपुर महाविद्यालय के बीवॉक विभाग द्वारा आयोजित विशेष प्लेसमेंट ड्राइव में टॉमी हिलफिगर और केल विन क्लेन (सी के) जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्देश्य रिटेल मैनेजमेंट के विद्यार्थियों को रोजगार एवं प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करना था। मुख्यातिथि डॉ. पीएस कटवाल ने विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर कौशल निखारने और भविष्य की चुनौतियों के लिए तत्पर रहने का संदेश दिया। टॉमी हिलफिगर की टीम ने रिटेल उद्योग, करियर संभावनाओं और विदेशों में अवसरों के बारे में जानकारी साझा की। इस ड्राइव में लगभग 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें ग्रुप डिस्कशन और इंटरव्यू शामिल थे। बी.वॉक विभाग के संकाय एवं नॉन-टीचिंग स्टाफ ने भी आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया।

जिला रोजगार कार्यालय में साक्षात्कार 14 को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। निजी बीके बिजिनेश वैंचर टंबल ड्राई, बिलासपुर ने टेक्निकल स्टाफ (वाशर एवं आइरॉन) और स्टोर मैनेजर के एक-एक पद अधिसूचित किए हैं। इन पदों के लिए कैंपस साक्षात्कार 14 नवंबर को जिला रोजगार कार्यालय बिलासपुर में प्रातः 11 बजे से लिया जाएगा। इस बारे जिला रोजगार अधिकारी बिलासपुर राजेश मेहता ने बताया कि इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10+2 पास रखी गई है। चयनित उम्मीदवारों को 12 हजार रुपए मासिक वेतन प्रदान किया जाएगा। इन पदों के इच्छुक पुरुष अभ्यर्थी, जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष के बीच है, अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों सहित जिला रोजगार कार्यालय बिलासपुर में 14 नवंबर को प्रातः 11 बजे कैंपस साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 82197-73003 पर सम्पर्क कर सकते है।

सांसद मोबाइल टीम ने जांचा लोगों का स्वास्थ्य

अनंत ज्ञान, घुमारवी। हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन में प्रयाश संस्था द्वारा संचालित सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम ने झंडूता विधानसभा के ग्राम पंचायत बाला में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर में 40 पुरुष और 41 महिलाओं सहित कुल 81 लोगों की जांच की गई। मधुमेह के 25, जोड़ों के दर्द के 21 और अन्य बीमारियों के 35 मरीज पाए गए। डॉक्टर देवेश के नेतृत्व में टीम ने स्वास्थ्य सलाह और दवाइयां प्रदान की। बुजुर्गों और महिलाओं की रक्त जांच भी निशुल्क की गई।

रमेश बने प्राथमिक शिक्षक संघ के राज्य अध्यक्ष

राकेश चंदेल/स्वारघाट। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हिमाचल प्रदेश के 2025-28 कार्यकाल के चुनाव लेक व्यू होटल सुंदरनगर में हुए। राज्य अध्यक्ष पद के लिए हुए मुकाबले में बिलासपुर के रमेश शर्मा ने 117 मतों से जीत दर्ज की, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी इंद्र ठाकुर (कुल्लू) को 100 मत मिले। चुनाव में सभी 12 जिलों के 217 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। रजनीश कौशिक (सोलन) महासचिव, राम सिंह राव (मंडी) वरिष्ठ उपप्रधान, अनिल भाटिया (कांगड़ा) कोषाध्यक्ष व सुनीता शर्मा (ऊना) महिला विंग की अध्यक्षा निर्वाचित हुईं। अधिवेशन में शिक्षकों ने नई क्लस्टर प्रणाली का विरोध करते हुए इसे रद्द करने और निलंबित शिक्षकों की कार्रवाई समाप्त करने की मांग की।

महेंद्र का सामाजिक योगदान शिक्षा व धर्म में मिसाल

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। समाजसेवी महेंद्र ठाकुर ने शिक्षा, धर्म और गौ-संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने मुंडखर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के निर्माण व उन्नयन में 50,000 रुपए का सहयोग किया। प्रधानाचार्य सतीश कुमार ने कहा कि उनके प्रयासों से विद्यालय में बेहतर सुविधाएं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित होगी। महेंद्र ठाकुर की यह पहल समाज में प्रेरणास्रोत बनी है।

देशराज शर्मा बोले- घुमारवीं में विकास रुका

अनंत ज्ञान, घुमारवी। भाजपा किसान मोर्चा घुमारवीं के पूर्व अध्यक्ष देशराज शर्मा ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद घुमारवीं में विकास कार्य पूरी तरह ठप्प पड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में विधायक और मंत्री नई योजनाएं नहीं ला पाए और पूर्व में चल रही योजनाओं को पूरा करने में भी विफल रहे। भटोली-अजमेर-करलोटी और पेयजल योजनाएं अधूरी हैं, वहीं भजवाणी पुल का शिलान्यास भी नहीं हुआ। शर्मा ने मंत्री से श्वेत पत्र जारी कर कार्यों की स्थिति जनता के सामने रखने और समय पर जनहित के कार्य पूरा करने की मांग की।

पीएम मोदी के नेतृत्व में देश बन रहा आत्मनिर्भर: कटवाल

अनंत ज्ञान, झंडूता। विधायक जीतराम कटवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर और विकसित भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने झंडूता क्षेत्र की डमली और बैहनाजट्टां पंचायतों में कीरतपुर-मनाली फोरलेन और भानुपल्ली-बिलासपुर रेल परियोजनाओं से स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलने का उदाहरण दिया। कटवाल ने कहा कि सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता है, जबकि वर्तमान कांग्रेस सरकार तीन वर्षों में ठोस विकास कार्य नहीं कर सकी।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर निचली भटेड़ को राष्ट्रीय मान्यता

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। सदर ब्लॉक मारकंड के आयुष्मान आरोग्य मंदिर निचली भटेड़ ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) प्रमाणन हासिल कर नई उपलब्धि दर्ज की है। यह ब्लॉक का पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित स्वास्थ्य केंद्र बन गया है। मूल्यांकन 17 अगस्त 2025 को हुआ, जिसमें जयपुर और हरियाणा के केंद्रीय पर्यवेक्षकों ने स्वास्थ्य सेवाओं, रिकॉर्ड, भवन रखरखाव, औषधियों और उपकरणों की जांच की। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेंद्र सिंह बाबा के निर्देशन में आशा वर्कर, हेल्थ वर्कर और पंचायत प्रतिनिधियों की भागीदारी से केंद्र की उत्कृष्ट सेवाओं को मान्यता मिली।

झंडूता अस्पताल में शुरू हुई विशेषज्ञ चिकित्सक सेवाएं

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। झंडूता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अब विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध होंगी। प्रदेश सरकार ने तीन विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती की है, जिनमें ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. नीरू कंवर ने पदभार संभाल लिया है। इससे पहले लोग विशेषज्ञ परामर्श के लिए अन्य शहरों का रुख करते थे। अब स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध होगा। पूर्व कांग्रेस महासचिव विवेक कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है और यह कदम झंडूता क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए बेहद लाभकारी साबित होगा।

बिलासपुर में 13 दिसंबर को लगेगी लोक अदालत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बिलासपुर के सचिव प्रतीक गुप्ता ने बताया कि जिला बिलासपुर के विभिन्न न्यायालय परिसरों में 13 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। यह लोक अदालत जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर बिलासपुर, घुमारवीं तथा झंडूता न्यायालय परिसरों में एक साथ आयोजित होंगी।

उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में पूर्व मुकदमेबाजी और लंबित मामलों को लिया जाएगा। इनमें बैंक से संबंधित विवाद, श्रम विवाद, बिजली एवं पानी के बिल, वैवाहिक विवाद तथा मोटर वाहन चालान से जुड़े मामले शामिल रहेंगे। मोटर व्हीकल चालान के मामलों को ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से डिजिटल रूप से अथवा न्यायालय में आकर लोक अदालत से पूर्व भी निपटाया जा सकता है। सचिव ने बताया कि जिन व्यक्तियों के उपरोक्त श्रेणियों में मामले न्यायालय में लंबित हैं, वह अपने मामलों को लोक अदालत में लगवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त कोई भी इच्छुक व्यक्ति जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन नहीं है, वह भी आवेदन प्रस्तुत कर आपसी समझौते के आधार पर विवाद निपटान के लिए लोक अदालत में अपना मामला लगवा सकता है।

उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति मुफ्त कानूनी सहायता या सलाह प्राप्त करने के लिए प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर सकता है। टोल फ्री नंबर 15100 (हि. प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, शिमला), जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बिलासपुर का नंबर 01978-221452, उपमंडलीय विधिक सेवा समिति, बिलासपुर का नंबर 01978-224887 तथा उपमंडलीय विधिक सेवा समिति, घुमारवीं का नंबर 01978-254080 है। इसके अतिरिक्त कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या ई-मेल *Secy-dlsa-bil-hp@gov.in* पर भेज सकता है या राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण, नई दिल्ली की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बिलासपुर के दूरभाष नंबर 01978-221452 पर संपर्क कर सकते हैं

आपदा में क्षतिग्रस्त हुई बिलासपुर की सड़कों की जल्द सुधरेगी हालत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। हिमाचल में वर्ष 2023 में प्राकृतिक आपदा के दौरान क्षतिग्रस्त हुई बिलासपुर सदर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न सड़कों की हालत जल्द सुधरेगी। केंद्र सरकार ने सड़कों के पुनर्निर्माण और मरम्मत के लिए लगभग 25 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। इसकी पहली किश्त भी जारी हो गई है। सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा का आभार जताने के साथ ही प्रदेश सरकार पर तीखा हमला भी किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार तो पिछले करीब अढ़ाई वर्षों में आपदा से बाधित हुई सड़कों से मलबा और मिट्टी तक नहीं हटा पाई है। अब केंद्र से मिली मदद से इन सड़कों का कायाकल्प होगा। त्रिलोक ने कहा कि बड़ी-बड़ी डींगें हांकने वाली कांग्रेस सरकार ने पिछले ढाई वर्षों में इन सड़कों की सुध लेने की जहमत तक नहीं उठाई। हर जगह पैसे का रोना रोने वाली यह सरकार इन सड़कों से मिट्टी और मलबा तक नहीं हटा पाई। विकास के नाम पर मित्रों की इस सरकार की झोली हमेशा खाली ही रहती है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पीडब्ल्यूडी के बिलासपुर डिविजन में सड़कों के रखरखाव और मरम्मत के लिए 60-70 करोड़ रुपए मिलते थे, लेकिन इस बार महज ढाई लाख रुपये देकर पल्लू झाड़ लिया गया है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

पेंशनरों ने बिलासपुर बैठक में संघर्ष तेज करने का किया ऐलान

अनंत ज्ञान, बरठीं

पेंसनर्ज वेल्फेयर एसोसिएशन जिला बिलासपुर (हिप्र) की त्रैमासिक बैठक खरोटा मंदिर परिसर बरठीं में जिला प्रधान जगदीश दिनेश की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सभी खंडों, शहरी एवं ग्रामीण इकाइयों के पदाधिकारी व प्रदेश वरिष्ठ उपप्रधान हरीश शर्मा (मंडी) विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत वंदेमातरम से हुई तथा दिवंगत पेंशनरों की आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा गया।

बैठक में वक्ताओं ने सरकार के प्रति रोष व्यक्त करते हुए कहा कि जनवरी 2016 से जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त पेंशनरों को ग्रेच्युटी, लीव एनकैशमेंट व कम्युटेशन के बकाया लाभ अब तक नहीं मिले हैं। चिकित्सा बिलों के भुगतान व मंहगाई भत्ते की किश्तों में भी भारी देरी हो रही है। वक्ताओं ने जेसीसी के गठन व बैठक शीघ्र बुलाने की मांग की।

मुख्य वक्ताओं में हरीश शर्मा, ठाकुर हुकम सिंह, अश्विनी शर्मा, जगदीश नड्डा, प्रकाश चंद ठाकुर सहित अनेक पदाधिकारी शामिल रहे। बैठक में यह प्रस्ताव पारित हुआ कि जिला के पेंशनर जगदीश दिनेश को जिला प्रधान तथा आत्माराम शर्मा को प्रदेश प्रधान के रूप में मान्यता देते हैं। अगला चरण 'सद्बुद्धि यज्ञ' के रूप में आयोजित किया जाएगा। अंत में जिला प्रधान जगदीश दिनेश ने पेंशनरों से संगठन को मजबूत बनाने और आगामी संघर्ष के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। जिला महासचिव नरोत्तम धीमान ने 17 दिसंबर को मनाए जाने वाले पेंशनर्स दिवस हेतु पात्र पेंशनरों की जानकारी 30 नवंबर तक भेजने का अनुरोध किया।

विभागीय अधिकारी लंबित ऑडिट पैरों का शीघ्र करें निपटारा: उपायुक्त

बैठक को संबोधित करते उपायुक्त राहुल कुमार।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

जिला बिलासपुर के विभिन्न विभागों में लंबित पड़े ऑडिट पैरों की समीक्षा के लिए मंगलवार को बचत भवन में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त राहुल कुमार ने की। बैठक में संयुक्त निदेशक राज्य लेखा विभाग अनिल शर्मा, रवींद्र कंवर तथा सहायक निदेशक मंजीत भाटिया भी उपस्थित रहे।

उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्देश देते हुए कहा कि आगामी 26 जनवरी 2026 तक अपने-अपने विभागों में लंबित ऑडिट पैरों को हटाने की कार्रवाई पूरी करें और इसकी रिपोर्ट निर्धारित समय में प्रस्तुत करें। साथ ही कहा कि सभी विभाग लक्ष्य प्राप्ति के लिए त्वरित कार्रवाई भी सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान में विभिन्न ग्राम पंचायतों, शहरी निकायों, विभिन्न विभागों तथा मंदिर न्यासों से संबंधित ऑडिट पैरा लंबित हैं।

उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को इन सभी मामलों के शीघ्र निपटारा करने के निर्देश दिए। उनहोंने यह भी कहा कि जिन विभागों के ऑडिट पैरा गंभीर प्रकृति के हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए और इसकी रिपोर्ट तुरंत लेखा विभाग को भेजी जाए। उन्होंने नगर निकायों से भी आग्रह किया कि वह कर वसूली समय पर सुनिश्चित करें, ताकि राजस्व संग्रहण सुदृढ़ हो सके।

बरमाणा में 3.25 ग्राम चिट्टे समेत एक काबू

अनंत ज्ञान, बरमाणा। थाना बरमाणा पुलिस ने एनएच-154 पर डीएवी स्कूल बरमाणा के समीप एक युवक से 3.25 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार उप-निरीक्षक संतोष कुमार अपनी टीम सहित बरमाणा मोड़ के पास गश्त पर थे। इसी दौरान एक व्यक्ति लघट की ओर से पैदल आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह व्यक्ति अचानक भागने लगा और अपनी पेंट की जेब से कुछ निकाल कर सड़क किनारे फेंक दिया।

पुलिस ने मौके पर उसे काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम जितेंद्र कुमार (25) पुत्र गुरदीप सिंह, निवासी गांव दिनेवाल, जिला तरनतारण (पंजाब) बताया। फेंकी गई वस्तु की जांच करने पर उसमें 3.25 ग्राम चिट्टा पाया गया।

इस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना बरमाणा में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस जांच कर रही है कि नशे की यह खेप कहां से लाई गई थी और कहां पहुंचाई जानी थी।

श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन आचार्य प्रमोद पूंज ने दिया भक्ति और धर्म का संदेश

अनंत ज्ञान, शाहतलाई

आचार्य प्रमोद पूंज के साथ उपस्थित आयोजक।

श्रीमद् भागवत कथा का अंतिम दिन सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि कथा के अंतिम श्लोक को सुनने से पूरे सात दिन की कथा का फल प्राप्त हो जाता है आचार्य प्रमोद पूंज ने शाहतलाई में चल रही कथा के दौरान कहा। आचार्य ने कथा के सभी मुख्य प्रसंगों, जैसे सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष का सार सुनते हुए बताया श्रोताओं को भक्ति, मित्रता और धर्म का संदेश प्राप्त होता है। हमें जीवन में धर्म और भक्ति को अपनाने का संकल्प ऐसे सत्संगों से लेना चाहिए।

इन्होंने कहा सुदामा की सच्ची मित्रता, नि:स्वार्थ प्रेम, भगवान की कृपा को दर्शाता है। सुदामा की दरिद्रता में भी भगवान कृष्ण के प्रति उनकी अटूट भक्ति ने उन्हें अंततः मोक्ष और अपार संपत्ति का पात्र बनाया। आचार्य ने कहा वही राजा परीक्षित को शुकदेव मुनि से श्रीमद् भागवत कथा सुनकर मोक्ष की प्राप्ति हुई थी, जो यह दर्शाता है कि कलयुग में भी भाव पूर्ण कथा श्रवण से मनुष्य को मुक्ति मार्ग सुगम है।

धर्म, त्याग और भक्ति ही जीवन के असली धन

व्यास पीठ पुंज ने पूर्ण आहुति यज्ञ उपरांत धर्म के महत्व पर जोर देते हुए बताया धर्म, त्याग और भक्ति ही जीवन के असली धन हैं, जो हर संघर्ष में मनुष्य का साथ देते हैं। श्रोतागण इस दिन धर्म पर चलने और भगवान की भक्ति में लीन रहने का संकल्प ले। कथा विराम पर भंडारे का भी आयोजन किया गया वहीं तीसरे वर्ष 26 अक्तूबर से एक नवंबर 2026 तक भागवत कथा का समय निर्धारित व्यास पीठ से घोषित किया गया। श्रद्धाभाव से आयोजको ने श्रीमद् भागवत पुराण और आचार्य प्रमोद पुंज जी को कथा विराम उपरांत सुंदर भजनों से विदाई अतिसुंदर दृश्य देखने को मिला।

देवांशु और नीना बने मिस्टर और मिस हिमाचली इन बेंगलुरु-2025

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। बेंगलुरु में आयोजित 'हिमाचली संगम-2025' में हिमाचल के करीब 12 सौ परिवारों ने अपनी समृद्ध संस्कृति की छाप छोड़ी। पारंपरिक स्वागत व दीप प्रज्वलन के साथ आरंभ हुए कार्यक्रम में लोकनृत्य, लोकगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को हिमाचलमयी बना दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा मिस्टर और मिस हिमाचली इन बेंगलुरु-2025 प्रतियोगिता, जिसमें देवांशु शर्मा और नीना चंदेल ने खिताब अपने नाम किया। निर्णायकों ने दोनों को पारंपरिक परिधानों और आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति के लिए विजेता घोषित किया। इस अवसर पर सामूहिक नाटी में 1200 परिवारों की भागीदारी ने नया रिकॉर्ड बनाया। रंगोली प्रतियोगिता और हिमाचली धाम ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीडियो संदेश से हिमाचली समुदाय को शुभकामनाएं दीं।

सोलग-जुरासी और भराथू-जंगल झलेड़ा सड़कें नड्डा की देन: सुभाष

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। भाजपा ने कांग्रेस के नेताओं द्वारा सोलग-जुरासी और भराथू-जंगल झलेड़ा सड़क का श्रेय लेने पर कड़ा विरोध जताया है। भाजपा सदर मंडल उपाध्यक्ष सुभाष ठाकुर ने कहा कि ये सड़कें प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित हैं और इसमें प्रदेश सरकार का कोई योगदान नहीं है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के प्रयास से पैसा जारी हुआ, वहीं वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से एनओसी दिलवाने में विधायक त्रिलोक जम्वाल का योगदान रहा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को केंद्रीय योजनाओं का राजनीतिक लाभ लेने की आदत पड़ गई है।

संगोष्ठी कवियों ने बिलासपुरी संस्कृति को दी नई उड़ान, हास्य कवियत्री बीना वर्धन को मिला सम्मान

कल्याण कला मंच की ऋषिकेश संगोष्ठी में गूंजी रचनाएं

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

गोष्ठी में उपस्थित साहित्यकार एवं कवि।

कल्याण कला मंच बिलासपुर की मासिक बैठक और संगोष्ठी झंडूता तहसील के ऐतिहासिक एवं पौराणिक स्थल ऋषिकेश में गोबिंदसागर की लहरों की गवाही में संपन्न हुई। कार्यक्रम का आयोजन प्राचीन लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में किया गया, जिसकी अध्यक्षता मंच के संयोजक अमरनाथ धीमान ने की, जबकि संचालन महासचिव तृप्ता कौर मुसाफिर ने अपने विशेष अंदाज में किया।

कार्यक्रम के मंच पर विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. लेख राम शर्मा, शिक्षाविद् सुख राम आजाद, पूर्व बीडीसी सदस्या अछरी देवी, शिक्षक कुलदीप सिंह चंदेल और मंच के प्रधान सुरेंद्र मिन्हास कहलूरी उपस्थित रहे। लक्ष्मी नारायण, मां सरस्वती और काले बाबा जी के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ

न्यूज ब्रीफ

पयूरा में रीछ का खौफ, घरों से निकलना मुश्किल

अनंत ज्ञान, धरवाला। विधानसभा क्षेत्र भरमौर के अंतर्गत पड़ने वाली ग्राम पंचायत पयूरा के गांव कुमलाहड में भालुओं की दहशत है। स्थानीय लोगों इंद्र कुमार, लोकेंद्र ,पुष्पा धीमान, रविंद्र ,केवल इत्यादि लोगों का कहना है कि सोमवार दिन में भी कुमलाहड गांव में एक भालू को घूमते हुए देखा गया था। वह आज मंगलवार सुबह भी कुमलाहड गांव के आसपास खेत में दो भालूओं को घूमते हुए देखा गया जिससे आसपास के गांव में दहशत है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पूरी पंचायत की आवाजाही लगभग गांव हिंड व कुमलाहड से होकर जाती है। जिससे पाठशाला गैहरा में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं राहगीर चारागाहों को भी खतरा पैदा हो गया है। इस तरह दिन की उजाले में भालुओं का गांव में दिखाई देना ना सिर्फ इंसानों के लिए बल्कि पालतू जानवरों के लिए भी खतरा बन चुका है।

जनजातीय संस्कृति पर गोष्ठी आयोजित

अनंत ज्ञान, भरमौर। भरमौर में जनजातीय गौरव वर्ष पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय में जनजातीय संस्कृति पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्राचार्य रविंद्र सह उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमारी पारंपरिक संस्कृति और रीति-रिवाजों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि आज की पीढ़ी पश्चिमी सभ्यता की ओर आकर्षित हो रही है, जिससे स्थानीय संस्कृति विलुप्त होती जा रही है। उन्होंने भरमौर के समृद्ध इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भरमौर का प्राचीन नाम ब्रह्मपुर था, जो मां भरमाणी के नाम पर पड़ा। इसकी स्थापना राजा मरू वर्मन ने सन 550 ईस्वी में की थी। उनके बाद 20 राजाओं ने शासन किया, जिनमें 20वें राजा साहिल वर्मन ने सन 920 ईस्वी में राजधानी को भरमौर से चंबा स्थानांतरित किया। राजा मेरू वर्मन के काल में प्रसिद्ध चौरासी मंदिरों का निर्माण हुआ।

कोठी में एनएसएस का विशेष शिविर शुरू

अनंत ज्ञान, भरमौर। सीनियर सेकेंडरी स्कूल रुण कोठी में सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का शुभारंभ केंद्रीय मुख्याध्यापक (सीएचटी) जगदीश चंद द्वारा बड़े धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम अधिकारी सुशील कुमार ने मुख्य अतिथि को शिविर के दौरान चलने वाले कार्यक्रमों से अवगत कराया। शिविर में स्वयंसेवक सफाई अभियान चलाएंगे और लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करेंगे। सीएचटी जगदीश चंद ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वयंसेवी होना गर्व की बात है और इस तरह के शिविर समाज व राष्ट्र के प्रति जागृति फैलाने में मदद करते हैं। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि वे समाज और बच्चों को नशे से दूर रहने तथा साफ-सफाई के प्रति प्रेरित करें। इस अवसर पर छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

किहार में तंबाकू मुक्त युवा अभियान का आगाज

अनंत ज्ञान, चंबा। किहार ब्लॉक में तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के अंतर्गत युवाओं ने तम्बाकू सेवन के खिलाफ एक सशक्त संदेश दिया। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं में नशे से दूर रहने की सोच को मज़बूत करना और समाज को तम्बाकू मुक्त बनाने की दिशा में प्रेरित करना है। अभियान के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मिलकर रैली निकाली और 'तंबाकू को ना कहो', 'स्वस्थ जीवन-तंबाकू त्याग ही समाधान' जैसे नारों से पूरे क्षेत्र को गूंजा दिया। वक्ताओं ने कहा कि तंबाकू केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं बल्कि परिवार और समाज की उन्नति को भी प्रभावित करता है। इसलिए इसे छोड़ना हर नागरिक का कर्तव्य बनता है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने युवाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 जैसी पहलें 'स्वस्थ हिमाचल, स्वच्छ हिमाचल' के निर्माण की दिशा में एक बड़ी प्रेरणा हैं।

सुंदरनगर में छात्राओं को किया जागरूक

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। बाल विकास परियोजना सुंदरनगर के अंतर्गत पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या और राजकीय उच्च पाठशाला कलौहड़ सुंदरनगर में जिला प्रशासन मंडी द्वारा चलाए जा रहे देई कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना अधिकारी सुंदरनगर पूनम चौहान ने की। कार्यक्रम के दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी पूनम चौहान ने छात्राओं को महिला सशक्तिकरण, नशा निवारण, बाल विवाह जैसे सामाजिक मुद्दों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने उचित खानपान, मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों एवं व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर छात्राओं में नशा निवारण विषय पर भाषण और पेंटिंग प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में 9वीं कक्षा की आकांक्षा तथा पेंटिंग प्रतियोगिता में 9वीं कक्षा की रिया कुमारी प्रथम रहीं। वहीं, राजकीय उच्च पाठशाला कलौहड़ में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में अनमोल तथा पेंटिंग प्रतियोगिता में अंजली प्रथम रहीं। विजेताओं को बाल विकास परियोजना अधिकारी पूनम चौहान द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक रमा देवी, पोषण समन्वयक दीपिका, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रामदेई, पूजा, अंजू शर्मा तथा शिक्षण संस्थान की छात्राएं उपस्थित रहीं।

श्री माता बंड़ेरी मंदिर में वार्षिक मेला 16 को

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री माता बंड़ेरी मंदिर में वार्षिक मेला धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। यह मेला 16 नवंबर रविवार के दिन एक दिवसीय रूप में मनाया जाएगा। मेला आयोजन कमेटी के अनुसार इस वर्ष मेले का मुख्य आकर्षण पारंपरिक कुश्ती मुकाबले, बच्चों व महिला मंडलों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम रहेंगे। आयोजन समिति ने पहलवानों और व्यापारियों से अनुरोध किया है कि वे समय पर मेले में पहुंचे और अपने-अपने स्थान सुरक्षित करें। जनसुविधा के दृष्टिगत किला करणपुर तक छोटे वाहन आने-जाने की अनुमति रहेगी।

कल्हेल से रैला सड़क बनी जानलेवा

चार पंचायतों की जनता को हो रही परेशानी, एडीएम से समस्या हल करने की गुहार

अनंत ज्ञान, चुराह

चुराह क्षेत्र की जीवनरेखा कही जाने वाली कल्हेल से रैला सड़क आज बदहाली की ऐसी मिसाल बन चुकी है, जो प्रशासनिक लापरवाही की कहानी खुद बयां कर रही है। चार पंचायतों की हजारों की आबादी इसी मार्ग पर हर दिन सफर करती है, लेकिन अब यह सड़क लोगों के लिए मौत का कुआं बन गई है।

ग्रामीण आयूब दीन निवासी पटौलू, डाकघर चरौड़ी (चुराह) ने एडीएम चंबा अमित मेहरा को एक लिखित प्रार्थना पत्र भेजकर इस जर्जर सड़क की भयावह स्थिति पर तुरंत संज्ञान लेने की मांग की है। ग्रामीणों ने साफ शब्दों में कहा है कि लोक निर्माण विभाग (एक्सईएन तीसा) की अनदेखी के चलते यह सड़क आज खस्ताहाल हो चुकी है और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

आयूब दीन ने बताया कि भारी वर्षा के बाद सड़क का अधिकांश हिस्सा धंस चुका है। जगह-जगह गड्ढे और मलबा भर गया है। अब इस पर चलना किसी जोखिम भरे सफर से कम नहीं। कल्हेल से रैला तक का सफर अब सचमुच मौत के कुएं में उतरने जैसा हो गया है।

ग्रामीण आयूब दीन एडीएम चंबा अमित मेहरा को ज्ञापन सौंपते हुए।

ग्रामीणों का कहना है कि चार पंचायतों के हजारों लोग इसी मार्ग से रोज़ाना आवागमन करते हैं चाहे बच्चों को स्कूल भेजना हो, मरीज़ों को अस्पताल ले जाना हो या पंजाब से पशुओं के लिए चारा लाना हो सबको इसी रास्ते से गुजरना पड़ता है। परंतु विभाग के अधिकारियों द्वारा लगातार शिकायतों और निवेदनों के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

लोगों का आरोप है कि हर बार विभाग कागज़ी कार्रवाई में ही मशगूल रहता है जबकि सड़क की हालत दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है। कई जगह तो सड़क के किनारे गहरी दरारें पड़ चुकी हैं, जिससे वाहनों के फिसलने और पलटने का ख़तरा हमेशा बना रहता है।

ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग पर लापरवाही के लगाए आरोप

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि उपायुक्त चंबा स्वयं इस सड़क की स्थिति का जायज़ा लेकर लोक निर्माण विभाग को तत्काल मरम्मत के आदेश जारी करें। उनका कहना है कि अब और देर हुई तो यह सड़क किसी बड़ी त्रासदी का कारण बन सकती है। जनता ने उम्मीद जताई है कि जिला प्रशासन इस गंभीर मुद्दे को प्राथमिकता में लेकर शीघ्र कार्रवाई करेगा ताकि चुराह क्षेत्र की जनता को इस जानलेवा मार्ग से राहत मिल सके और उनकी रोज़मर्रा की ज़िंदगी में फिर से सुरक्षा और सुगमता लौट सके।

पुखरी के तहत आशा कार्यकर्ताओं के 9 रिक्त पदों के लिए करें आवेदन

अनंत ज्ञान, चंबा

स्वास्थ्य खंड पुखरी के अंतर्गत आशा कार्यकर्ताओं (एक्रेडिटेड सोशल हेल्थ एक्टिस्ट) के 9 रिक्त पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विभागीय प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) पुखरी के कार्यालय में 20 नवंबर शाम 5 बजे तक अपने आवेदन जमा करवा सकते हैं ।

उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत पंजोह के अंतर्गत वार्ड- गाँव चमडोली, ग्राम पंचायत चंडी के वार्ड- गाँव बडोह, ग्राम पंचायत औड्डा बारी के वार्ड-गांव ऑडा, ग्राम पंचायत सिल्लाघ्राट के वार्ड- गाँव ठुंडू बजाह, ग्राम पंचायत कैला के वार्ड-गाँव करंगड़ बसंदरी, ग्राम पंचायत जडेरा के वार्ड-गाँव कैगा, ग्राम पंचायत घघरौता के वार्ड-गाँव भलौठ, ग्राम पंचायत चंबी के वार्ड- गाँव धार, ग्राम पंचायत प्रोथा के वार्ड-गाँव हेंठा में आशा कार्यकर्ताओं के रिक्त पदों पर नियुक्ति की जाएगी। नियुक्ति को लेकर नियम व शर्तों के तहत आवेदनकर्ता वार्ड की स्थायी निवासी होनी चाहिए साथ में प्रमाणपत्र की प्रति भी अनिवार्य होगी। शादीशुदा-विधवा-तलाकशुदा या अलग रह रही महिला को प्राथमिकता दी जाएगी। आयु 25 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदनकर्ता स्थानीय भाषा बोलने में निपुण हो। शहरी आशा के लिए शैक्षणिक योग्यता कम से कम दसवीं पास तथा ग्रामीण आशा के लिए शैक्षणिक योग्यता कम से कम आठवीं पास होना अनिवार्य है। अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता की प्रति भी साथ में संलग्न करे। आवेदनकर्ता को अपना राशन कार्ड, आधार कार्ड, दसवीं-आठवीं का प्रमाणपत्र,चरित्र प्रमाणपत्र की प्रतियां तथा दो पासपोर्ट साइज के फोटोग्राफ सहित अपने आवेदन प्रस्तुत करने होंगे। अधिक जानकारी के लिए खंड चिकित्सा अधिकारी पुखरी के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है ।

सड़क सुविधा से वंचित ब्रेही पंचायत के फाट, गादियारा और कुगेड़ी गांव


ब्रेही पंचायत के गांव फाट, गादियारा व कुगेड़ी के ग्रामीणों सड़क समस्या को लेकर एपीएमसी चेयरमैन ललित ठाकुर से मुलाकात करते हुए।

अनंत ज्ञान, चंबा

ब्रेही पंचायत के गांव फाट, गादियारा व कुगेड़ी के ग्रामीणों ने मंगलवार को अपनी लंबे समय से चली आ रही सड़क समस्या को लेकर एपीएमसी चेयरमैन ललित ठाकुर से मुलाकात की।

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले करीब 15 वर्षों से वे सड़क सुविधा के बिना जीवन यापन कर रहे हैं। कई सरकारें आईं और गईं, लेकिन इन इलाकों के लोगों को केवल राजनीतिक वायदे और आश्वासन ही मिले, हकीकत में आज तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि इन गाँवों में करीब एक हजार से अधिक लोग रहते हैं, जो आज भी सड़क सुविधा से वंचित हैं। किसी भी आपात स्थिति में लोगों को पैदल ही लंबा रास्ता तय करना पड़ता है, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों और बुजुर्गों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि सड़क न होने के कारण ये गांव विकास की मुख्यधारा से कट चुके हैं और खुद को बेहद पिछड़ा महसूस करते हैं। इस मौके पर ललित ठाकुर ने ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी इस जीवनरेखा जैसी समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि फाट, गादियारा, कुगेड़ी सहित आसपास के गांवों को सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए वे शीघ्र ही कदम उठाएँगे ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि इस बार उनकी आवाज़ सच में सुनी जाएगी और उन्हें वर्षों से लंबित इस सड़क का हक मिलेगा।

निर्माणाधीन श्मशानघाट को लेकर हो निष्पक्ष जांच

पाराचिनार बिरादरी ने एडीएम चंबा को शिकायत सौंपकर उठाई मांग

अनंत ज्ञान, चंबा

अखिल भारतीय पाराचिनार बिरादरी चंबा इकाई ने लोअर जुलाहखड़ी में निर्माणाधीन श्मशानघाट को लेकर एडीएम चंबा अमित मेहरा को ज्ञापन सौंपा है। बिरादरी के पदाधिकारियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस प्रकरण में शीघ्र निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जाए। बिरादरी के प्रधान गुरचरण सिंह कुकरेजा, महासचिव जगजीत सिंह चावला और कोषाध्यक्ष रविन्द्र सिंह कुकरेजा ने अपने ज्ञापन में बताया कि लोअर जुलाहखड़ी स्थित यह श्मशानघाट पिछले 60 से 70 वर्षों से अंतिम संस्कार के लिए उपयोग में लाया जा रहा है, जहां तीन पंचायतों और चम्बा शहर के हरदासपुरा एवं जुलाहखड़ी वार्ड के लोगों द्वारा अपने परिजनों का अंतिम संस्कार किया जाता है।

उन्होंने कहा कि आपदा के बाद पुराने घाट तक शव ले जाना मुश्किल हो गया था, इसलिए वर्तमान स्थान पर श्मशानघाट के निर्माण कार्य की शुरुआत की गई थी। लेकिन हाल ही में दयानंद मठ ने इस निर्माण पर आपत्ति जताते हुए इसे रोकने की मांग की है।

पाराचिनार बिरादरी ने आरोप लगाया कि दयानंद मठ की आपत्ति जनहित नहीं बल्कि निजी स्वार्थ से प्रेरित है, क्योंकि संस्था उस भूमि पर कब्ज़ा करना चाहती है जहां निर्माण कार्य जारी है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि मठ द्वारा पहले भी कई स्थानों पर सरकारी भूमि पर अवैध कब्ज़े के प्रयास किए गए हैं, जिन्हें प्रशासन ने रोका था। बिरादरी ने एडीएम चम्बा से आग्रह किया है कि जनहित में इस विषय पर शीघ्र निर्णय लिया जाए ताकि लोगों को अंतिम संस्कार में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। इस ज्ञापन की प्रतिलिपि हिन्दू सेवा समिति चंबा और हरदासपुरा वार्ड प्रधान को भी भेजी गई है।

आरोप- दयानंद मठ कर रहा सरकारी भूमि पर कब्जे का प्रयास

उपायुक्त ने प्रीतमनगर बंगाली कॉलोनी का निरीक्षण कर समस्या हल करने के दिए निर्देश

उपायुक्त मुकेश रेप्सवाल प्रीतमनगर बंगाली कॉलोनी में निरीक्षण के दौरान लोगों की समस्याएं जानते हुए।

अनंत ज्ञान, चंबा

उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने भटियात उपमंडल की ग्राम पंचायत हटली के अंतर्गत प्रीतमनगर बंगाली कॉलोनी क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय निवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं, मूलभूत सुविधाओं एवं आवास संबंधी आवश्यकताओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

उपायुक्त ने कहा कि क्षेत्र में निवासरत पात्र परिवारों को 2 से 3 बिस्वा आवासीय भूमि उपलब्ध करवाने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही जल्द शुरू की जाएगी। उन्होंने खंड विकास अधिकारी भटियात को निर्देश दिए कि पंचायत सचिव के माध्यम से यहां रह रहे परिवारों की पहचान एवं पात्रता सत्यापन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें, ताकि भूमि आवंटन की प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाई जा सके। उन्होंने बच्चों की शिक्षा पर विशेष बल देते हुए कहा कि सभी अभिभावक अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों के उज्जवल भविष्य की नींव है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने प्रस्तावित डी.डी.ए.सी. केंद्र, गोला का भी अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर उपमंडल अधिकारी पारस अग्रवाल,तहसीलदार सुरिंदर कुमार खंड विकास अधिकारी अनिल गुराडा, तहसील कल्याण अधिकारी आरती सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों ने हिमाचली लोकनृत्य व एकल गायन की शानदार प्रस्तुतियां दीं

अनंत ज्ञान, चंबा। राजकीय महाविद्यालय चंबा में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के उपलक्ष्य पर विद्याधारा एजुकेशन सोसाइटी के तत्वावधान में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रभारी डॉ. परिणिता गुरदेल ने की, जबकि प्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया मुख्य अतिथि रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से हुआ। इस अवसर पर भाषण, निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी और पोस्टर मेकिंग जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, साथ ही विद्यार्थियों ने हिमाचली लोकनृत्य व एकल गायन की शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। अपने संबोधन में डॉ. गुलेरिया ने कहा कि *मौलाना अबुल कलाम आज़ाद का जीवन शिक्षा और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण का प्रतीक है। शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्ति नहीं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व का भाव जगाने का माध्यम है। डॉ. परिणिता गुरदेल ने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने शांति संकल्प दिलवाते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य परीक्षा में अंक लाना नहीं, बल्कि जीवन में उत्कृष्टता लाना है। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में प्रो. अविनाश, डॉ. जयश्री, डॉ. विदुषी शर्मा, प्रो. शिल्पा शर्मा और डॉ. परिणिता गुरदेल शामिल रहीं। कार्यक्रम का समापन जोशीले हिमाचली लोक नृत्य से हुआ।

वैज्ञानिक पशुपालन से आय बढ़ाने का आह्वान

ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान

भरमौर। उपमंडल के गैरोला पंचायत के उलांसा गांव में जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में पशुपालन विभाग द्वारा एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के 50 से अधिक पशुपालकों व किसानों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं साझा कीं और विभागीय विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त किया।

कार्यक्रम का आयोजन सहायक निदेशक भेड़ विकास भरमौर डॉ. सौरभ शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर डॉ. सुशील (पशु चिकित्सक, होली) और डॉ. रजत मसंद (पशु चिकित्सक, गैरोला) भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर में ग्रामीणों को पशुपालन से जुड़ी सरकारी योजनाओं, नवीनतम वैज्ञानिक तकनीकों और प्रबंधन के आधुनिक तरीकों की जानकारी दी गई, ताकि वे पशुधन उत्पादन और आय में वृद्धि कर सकें। डॉ. शर्मा ने बताया कि वैज्ञानिक पद्धति से पशुपालन करने से न केवल दुग्ध उत्पादन बढ़ता है, बल्कि पशुओं का स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है। विशेषज्ञों ने पशुओं में बांझपन के कारणों, लक्षणों और उपचार संबंधी उपायों पर भी विस्तृत जानकारी दी। साथ ही पशुपालकों को विभाग द्वारा उपलब्ध सुविधाओं और योजनाओं का सही लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी, भरमौर के मार्गदर्शन में आयोजित यह शिविर ग्रामीण समुदाय के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ। इस पहल का उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में रहने वाले किसानों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें विभागीय योजनाओं से जोड़ना है। ऐसे शिविर न केवल जानकारी का माध्यम बनते हैं, बल्कि अनुभव साझा कर ग्रामीणों के बीच सीखने की संस्कृति को भी बढ़ावा देते हैं।

जउलांसा में पशुपालकों के लिए जागरूकता शिविर

किसानों को दी आधुनिक तकनीकों की जानकारी

केरल की तर्ज पर वार्षिक समारोह के लिए दी जाए अलग से ग्रांट

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में प्रत्येक वर्ष विद्यार्थियों के लिए वार्षिक समारोह आयोजित किए जाते हैं। इन आयोजनों में छात्र अपनी कला, संगीत, नृत्य, नाटक और लोकसंस्कृति की झलक प्रस्तुत करते हैं, मगर इन वार्षिक समारोहों के आयोजन हेतु कोई अलग अनुदान उपलब्ध नहीं है। विद्यालयों को केवल कंपोजिट स्कूल ग्रांट के अंतर्गत अधिकतम 20 प्रतिशत राशि तक ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों पर खर्च करने की अनुमति है, जो वास्तविक आवश्यकताओं की तुलना में अत्यंत कम है। समारोह का खर्चा लाखों में पहुंच जाता है और अनुदान प्राय: पांच हजार से कम ही उपलब्ध होता है।

राज्य के सरकारी स्कूलों को नामांकन के अनुसार एसएसए कंपोजिट ग्रांट जाती है जिनमें 1 से 15 विद्यार्थी हैं, उन्हें ₹10,000 की राशि, 16 से 100 विद्यार्थी नामांकन पर ₹25,000, 101 से 250 विद्यार्थियों वाले विद्यालयों को ₹50,000 एवं 251 से 1000 विद्यार्थियों वाले विद्यालयों को ₹75,000 तक की ग्रांट दी जाती है। इसका 20 प्रतिशत 2 हज़ार रुपए से 15 हज़ार बनता है मगर नामांकन अधिक होने पर वार्षिक समारोह का खर्च लाखों रुपए होता है और स्कूली शिक्षकों को समारोह का खर्च पूरा करने के लिए हर साल जेब से हजारों रुपए देने पड़ते हैं। मंच सज्जा, ध्वनि व्यवस्था, विद्यार्थियों की वेशभूषा, पुरस्कार वितरण और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर हजारों रुपये का व्यय होता है।

ऐसे में प्रदेश सरकार ,समग्र शिक्षा अभियान और केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को यह मामला राजकीय टीजीटी कला संघ प्रदेश महासचिव विजय हीर ने भेजा है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल,वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय बरवाल, महासचिव विजय हीर ने कहा कि केरल में विद्यालयों को वार्षिक कला और संस्कृति उत्सव हेतु कला एवं संस्कृति ग्रांट दी जाती है, तो हिमाचल प्रदेश में भी इस तरह की व्यवस्था लागू की जानी चाहिए। इससे शिक्षकों पर वित्तीय बोझ कम होगा और विद्यार्थियों को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। ऐसे में हर विद्यालय को उसके स्तर के अनुसार वार्षिक समारोह हेतु अलग अनुदान मद स्टार प्रोजेक्ट के तहत सृजित की जाए, ताकि हिमाचल के विद्यालयों में प्रतिभा और परंपरा का यह उत्सव और अधिक सशक्त रूप में मनाया जा सके।

टीजीटी कला संघ ने केंद्र और राज्य सरकार को भेजा प्रस्ताव

बच्चों के अधिकारों की रक्षा व नशामुक्त समाज के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी : अपूर्व देवगन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

जिला परिषद हॉल मंडी में जिला प्रशासन मंडी और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के संयुक्त तत्वावधान में बाल अधिकारों से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर एक दिवसीय जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन रहे। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन से प्राप्त सीख को व्यवहार में लाना आवश्यक है ताकि बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा और उनके विकास की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें। अपूर्व देवगन ने कहा कि नशा बच्चों के भविष्य और विकास में सबसे बड़ी बाधा है, इसलिए शिक्षकों और अभिभावकों को बच्चों को नशे से दूर रखते हुए उनकी वास्तविक क्षमता तक पहुँचाने में मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा में बच्चों पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ता है, अत: आपदा प्रबंधन में बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री

सुखविन्द्र सिंह सुक्खू की 'सुखाश्रय योजना' को निराश्रित और असहाय बच्चों के लिए सराहनीय कदम बताया। उपायुक्त ने कहा कि भारत तभी विकसित राष्ट्र बनेगा जब नई पीढ़ी सक्षम और आत्मनिर्भर होगी। उन्होंने जिला बाल संरक्षण अधिकारी से सम्मेलन के प्रमुख दस बिंदुओं को प्रशासन के साथ साझा करने के निर्देश दिए ताकि उन्हें भविष्य की नीतियों में शामिल किया जा सके।

मुख्य वक्ता उमेश चंद्र शर्मा, वरिष्ठ सलाहकार एनसीपीसीआर ने बताया कि आयोग ने पिछले छह महीनों में 26,000 से अधिक मामलों का निपटारा किया, 2300 बच्चों को बचाया और 1000 से अधिक का पुनर्वास किया है। उन्होंने कहा कि आयोग अब बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य, साइबर सुरक्षा और बाल यौन शोषण सामग्री से निपटने के लिए एआई आधारित तकनीक विकसित कर रहा है। तकनीकी सत्रों में बाल सुरक्षा, शिक्षा, कानूनों के क्रियान्वयन, स्कूलों में बुलिंग और साइबर बुलिंग की रोकथाम जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने विचार-विमर्श किया। सम्मेलन में अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह, विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य, शिक्षक, पुलिस और सामाजिक न्याय विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सरकाघाट से पहले एससी/एसटी दफ्तर किया बंद, अब हिमुडा कार्यालय भी कर दिया शिफ्ट

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

प्रदेश की व्यवस्था परिवर्तन वाली कांग्रेस सरकार द्वारा अब तक लगभग 1800 संस्थानों को बंद कर दिया गया है। इनमें स्कूल, स्वास्थ्य संस्थान, राजस्व कार्यालय, पुलिस चौकियां, लोक निर्माण एवं जल शक्ति विभाग सहित कई जनसेवा से जुड़े संस्थान शामिल हैं। सरकाघाट के विधायक दलीप ठाकुर ने कहा कि सरकाघाट में स्थित (हिमुडा) के सब डिविजन कार्यालय को बंद कर दिया है। इस कार्यालय का पूरा कार्यभार एवं अभिलेख अब उपमंडल मंडी के अधीन लिया जाएगा। साथ ही अनुसूचित जाति जनजाति महिला विकास निगम उप कार्यालय सरकाघाट को मंडी शिफ्ट कर दिया गया है। इस कार्यालय में आउटसोर्स पर काम कर रहे लोगों को हटा दिया गया है।

विधायक दलीप ठाकुर ने कहा कि सरकाघाट के साथ यह स्पष्ट भेदभावपूर्ण रवैया कांग्रेस सरकार की जनविरोधी मानसिकता को दर्शाता है। सरकार जनता की सुविधाओं को समाप्त कर रही है, जबकि भाजपा का संकल्प जनसेवा और विकास है। साथ ही विधायक ने कहा सरकाघाट क्षेत्र की जनता कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों और अव्यवस्थाओं से अब पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है। विकास कार्य ठप पड़े हैं, कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल रहा, संस्थान बंद किए जा रहे हैं, और जनता की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।

अब आने वाले पंचायत चुनाव और उसके बाद विधानसभा चुनाव में सरकाघाट की जनता कांग्रेस सरकार को वोट के माध्यम से कड़ा जवाब देगी।

विकास के बजाय दफ्तर बंद करना ही रही कांग्रेस की उपलब्धि

पंचायत चुनाव में जनता सिखाएगी सरकार को मजा: दिलीप ठाकुर

व अदालत तहसीलदार प्रथम श्रेणी एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा।
मिसल न0 /2025(RMS)
ता0 दा0 03-11-2025
ता0 पेशी 11-12-2025
अनुमान मुकदमा- प्रार्थी श्रीमति कमलेश पुत्री श्री ईश्वर दास निवासी गांव व डाकघर मलां तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा
....प्रार्थी पक्ष
वनाम
आम जनता प्रत्यार्थी पक्ष
विषय:- प्रार्थना पत्र जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 की जेर धारा 13(3) अन्तर्गत कमलेश की जन्म तिथि 20-04-1970 ग्राम पंचायत मलां के रिकार्ड में दर्ज करने वारे।
अखवारी इश्तहार- प्रार्थी श्रीमति कमलेश पुत्री श्री ईश्वर दास निवासी गांव व डाकघर मलां, तहसील नगरोटा बगवां जन्म तिथि पंजीकरण वारे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र पेश किया है कि मेरा जन्म दिनांक 20-04-1970 को ग्राम पंचायत मलां में हुआ था परन्तु किसी कारणवस सम्बधित ग्राम पंचायत के रिकार्ड में दर्ज करवा न सके। दर्ज करने का आ

बकरे के जीवन का मूल्य मनुष्य के जीवन से कम नहीं है। जो जीव जितना अधिक अपंग है, उतना ही उसे मनुष्य की क्रूरता से बचने के लिए मनुष्य का आश्रय पाने का अधिकार है। **-महात्मा गांधी**

संपादकीय

पाकिस्तान की नई सैन्य चाल

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान का चेहरा एक बार फिर बेनकाब हो गया है। भारत द्वारा आतंकवाद पर की गई सर्जिकल कार्रवाई और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान की किरकिरी ने उसके सियासी और सैन्य नेतृत्व को भीतर तक हिला दिया है। इसी बौखलाहट में पाकिस्तान ने अब अपने संविधान में 27वां संशोधन पारित कर एक नई राजनीतिक-सैन्य चाल चली है। इस संशोधन के तहत प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सलाह पर राष्ट्रपति ने जनरल आसिम मुनीर को 'चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज' (सीडीएफ) के रूप में नियुक्त किया है।

पहली नजर में इसे प्रशासनिक सुधार या सेनाओं के बीच तालमेल बढ़ाने की कवायद बताया जा रहा है, लेकिन असल मकसद भारत के खिलाफ एक मजबूत सैन्य ढांचा खड़ा करना है। दरअसल, इस संशोधन ने पाकिस्तान में सेना को न केवल सर्वोच्च संस्थान के रूप में स्थापित कर दिया है, बल्कि उसे राजनीतिक सत्ता के समानांतर 'सुपर पावर' बना दिया है। अब जनरल आसिम मुनीर के अधीन थल सेना, नौसेना और वायुसेना तीनों एकीकृत कमान के अंतर्गत कार्य करेंगी। इसका सीधा अर्थ है कि पाकिस्तान में किसी भी सैन्य कार्रवाई या युद्ध की स्थिति में अब प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति की अनुमति का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। जनरल मुनीर सीधे तौर पर आदेश देकर हमला बोल सकते हैं। यह संशोधन भारत के लिए एक रणनीतिक चेतावनी है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने जब पाकिस्तान की धरती पर स्थित आतंकी ठिकानों को नष्ट किया था, तो यह पाकिस्तान की सैन्य प्रतिष्ठा के लिए एक करारा झटका था। भारत ने न केवल सीमा पार आतंकियों को मार गिराया, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीति के तहत पाकिस्तान के आतंकी गठजोड़ को उजागर कर दिया। चीन, अमेरिका, यूरोपीय संघ और यहां तक कि अरब देशों तक ने पाकिस्तान की 'डबल गेम' को पहचानना शुरू कर दिया है। ऐसे में पाकिस्तान की सेना के पास अपनी 'साख' बचाने के लिए अब केवल एक ही रास्ता बचा था-सैन्य शक्ति का प्रदर्शन।

पाकिस्तान की सेना के इतिहास पर नजर डालें तो यह देश शुरू से ही मिलिटरी स्टेट के रूप में विकसित हुआ है। आज तक पाकिस्तान में जितनी भी सरकारें बदली हैं, उनमें से अधिकतर या तो सेना की मदद से बनी हैं या सेना द्वारा गिराई गई हैं। वहां लोकतंत्र हमेशा जनरल की इजाजत से ही चलता है। भुट्टो से लेकर नवाज शरीफ तक, जिसने भी सेना से टकराने की कोशिश की, उसका राजनीतिक अंत सुनिश्चित हुआ। अब 27वें संशोधन के जरिए जो स्थिति बनी है, उसमें प्रधानमंत्री केवल एक नाममात्र का प्रमुख बनकर रह गया है, जबकि असली ताकत जनरल मुख्यालय के हाथों में आ गई है।

भारत के लिए यह स्थिति कई मायनों में चिंताजनक है। पाकिस्तान ने अपने सीडीएफ सिस्टम को भारत के सीडीएस मॉडल के समान बताया है, परंतु दोनों में जमीन-आसमान का फर्क है। भारत में सीडीएस की भूमिका रणनीतिक समन्वय और नीति निर्माण तक सीमित है। वह लोकतांत्रिक सरकार के अधीन कार्य करता है और सभी सैन्य निर्णय प्रधानमंत्री और कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी की अनुमति से ही लिए जाते हैं, जबकि पाकिस्तान का नया सीडीएफ सीधे कमांडर-इन-चीफ के समान अधिकार रखता है यानी वह खुद तय करेगा कि कब और कहां हमला करना है।

पाकिस्तान की यह चाल उसके भीतर बढ़ते असंतोष और आर्थिक पतन से ध्यान भटकाने का प्रयास भी है। महंगाई, बेरोजगारी, कर्ज संकट, और आईएमएफ की शर्तों से त्रस्त जनता को अब भारत खतरा दिखाकर एकजुट करने की कोशिश की जा रही है। यह वही पुराना फॉर्मूला है जिसे पाकिस्तान बार-बार आजमाता रहा है-जब भी भीतर संकट गहराए, सीमा पर तनाव बढ़ाओ और भारत विरोधी माहौल बनाओ लेकिन इस बार दांव बड़ा है क्योंकि इसमें संवैधानिक बदलाव कर सेना को कानूनी कवच दे दिया गया है।

भारत के दृष्टिकोण से यह आवश्यक है कि वह इस नए ढांचे को केवल प्रतीकात्मक न माने। आने वाले समय में यदि पाकिस्तान अपनी असफलताओं से ध्यान हटाने के लिए सीमावर्ती इलाकों में उकसावे की कार्रवाई करता है, तो भारत को हर स्तर पर तैयार रहना होगा। भारतीय रक्षा तंत्र पहले ही हाई अलर्ट पर है और सशस्त्र बलों के पास अब तकनीकी बढ़त भी है। भारत के पास सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट मॉडल जैसे अनुभव हैं, जो किसी भी आकस्मिक हमले का जवाब देने में सक्षम हैं। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

आज की प्रमुख हस्ती

राष्ट्र निर्माण के युगपुरुष

भारत भूमि ने अनेक ऐसे महामानवों को जन्म दिया जिन्होंने अपने जीवन को राष्ट्र सेवा और मानव कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। ऐसे ही महापुरुषों में एक थे पंडित मदन मोहन मालवीय। 25 दिसंबर 1861 को इलाहाबाद में जन्मे मालवीय जी न केवल स्वतंत्रता सेनानी और राजनीतिज्ञ थे, बल्कि एक महान शिक्षाविद, समाज सुधारक और पत्रकार भी थे। अपने कार्यों और विनम्र व्यक्तित्व के कारण वे 'महामना' के नाम से प्रसिद्ध हुए। मालवीय जी ने प्रारंभिक शिक्षा धर्मज्ञानोपदेश पाठशाला से प्राप्त की तथा आगे की पढ़ाई म्योर सेंट्रल कॉलेज से की। आर्थिक स्थिति सीमित होने के बावजूद उन्होंने परिश्रम के बल पर शिक्षा पूरी की और अध्यापन कार्य प्रारंभ किया। बाद में उन्होंने वकालत का पेशा अपनाया और इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक सफल वकील के रूप में प्रतिष्ठित हुए, परंतु देशभक्ति की भावना ने उन्हें वकालत से भी ऊपर उठा दिया। उन्होंने सन् 1913 में वकालत छोड़कर पूर्ण रूप से राष्ट्र सेवा का व्रत लिया।

पंडित मदन मोहन मालवीय
जन्म : 25 दिसंबर, 1861
मृत्यु : 12 नवंबर, 1946

मालवीय ने समाज में व्याप्त छुआछूत, अस्पृश्यता और जातिगत भेदभाव के विरुद्ध आवाज उठाई। उन्होंने दलितों के मंदिर प्रवेश अधिकार की लड़ाई लड़ी और 'शुद्धि आंदोलन' का समर्थन किया। स्वतंत्रता आंदोलन में भी मालवीय जी ने अग्रणी भूमिका निभाई।

वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के चार बार अध्यक्ष रहे और जलियांवाला बाग हत्याकांड जैसी घटनाओं की कठोर निंदा की। वे गांधी जी के असहयोग आंदोलन से जुड़े और ब्रिटिश सरकार की नीतियों का खुला विरोध किया। 12 नवंबर 1946 को महामना का देहावसान हुआ, पर उनका आदर्श आज भी जीवित है। ■

कविता

बिरह की चादर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

डॉ. अशोक प्यारे लाल चौबे, पूर्व कृषि वैज्ञानिक, पालमपुर विश्वविद्यालय

बिरह की चादर पर प्रेम गीत कैसे लिखूं।
उसकी बिरह वेदना को किन शब्दों में ढालूं।
जब भी देखा चेहरे का भाव नहीं पढ़ पाया।
बिरह वेदना है कितनी समझ नहीं पाया।
पत्थर बनी आखों को देख नहीं पाया।
जब भी कुछ उसके बारे में लिखना चाहा।
शब्द मुक्कमल अब तक नहीं मिल पाया।
शब्द कहां से लाऊं उसकी बातें लिख पाऊं।
शब्दकोश में शब्द नहीं बिरह वेदना लिखने को।
बिरह की चादर पर प्रेम गीत कैसे लिखूं।
आंखों में अश्क नहीं, खुशी के भाव नहीं।
चेहरे पर कैसी छाया, न काली न लाली है।
बिरह की चादर ओढ़े कैसी मूरत बन बैठी है।

अदम्य साहस व वीरता के संवाहक वजीर रामसिंह पठानिया

वजीर रामसिंह पठानिया को आज भी हिमाचल प्रदेश के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी के रूप में याद किया जाता है, जिन्होंने नूरपुर रियासत को अंग्रेजी कुशासन से स्वतंत्र करवाने के लिए अपना तन, मन, धन न्योछावर कर दिया। उन्होंने अंतिम सांस तक अंग्रेजों के कुशासन के विरुद्ध लड़ाई लड़ी व कभी भी अंग्रेजों के सामने अपना सिर नहीं झुकाया।



डॉ. राकेश कुमार शर्मा
सहायक आचार्य इतिहास
सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

1857 की क्रांति से पूर्व अंग्रेजी सत्ता को ललकारने वाले वजीर रामसिंह पठानिया की शौर्य-गाथा आज भी हिमाचल, पंजाब व जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए प्रेरणादायक है। वे ऐसे वीर योद्धा थे जिन्होंने नूरपुर रियासत के खोए गौरव को पुन: स्थापित करने के उद्देश्य से 1857 की महान क्रांति के 11 वर्ष पूर्व ही सन् 1846 में अंग्रेजों के विरुद्ध सशस्त्र क्रांति का बिगुल बजा दिया।

इस वीर सपूत ने 500 युवा राजपूतों की एक सेना खड़ी कर उन्हें अंग्रेजों के विरुद्ध युद्ध करने का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने राजपूतों की सेना तैयार करने के साथ-साथ कुछ अन्य रियासती शासकों व स्थानीय लोगों से संपर्क साधा और कंपनी सरकार की कुटिल चालों के समक्ष झुकने की अपेक्षा बलिदानों के लिए तैयार किया। वजीर रामसिंह पठानिया का जन्म 10 अप्रैल 1824 को तहसील नूरपुर वर्तमान जिला कांगड़ा (हि.प्र.) के ग्राम बासा-वजीरां में एक प्रतिष्ठित राजपूत परिवार में हुआ। उनके पिता वजीर शाम सिंह नूरपुर रियासत के पारंपरिक वजीर पद पर आसीन थे तथा माता इंदौरी देवी एक धार्मिक एवं संस्कारित महिला थीं। वजीर परिवार का यह वंश नूरपुर रियासत की प्रशासनिक एवं राजनीतिक संरचना में दीर्घकाल तक प्रभावशाली रहा था। जब सिखों का प्रभुत्व पहाड़ी क्षेत्रों पर बढ़ा तो महाराजा रणजीत सिंह को संदेह हुआ कि वजीर शाम सिंह ने निर्वासित राजा वीर सिंह का समर्थन किया था, इसलिए उन्होंने शाम सिंह को लाहौर बुला लिया और उनके अवयस्क पुत्र रामसिंह को बंधक बनाकर कश्मीर के गवर्नर दीवान किरपा राम के पास भेज दिया। वजीर शाम सिंह ने पूर्ण वफादारी से महाराजा रणजीत सिंह की सेवा की। परिणामस्वरूप कुछ वर्षों के पश्चात महाराजा रणजीत सिंह ने वजीर शाम सिंह की सेवाओं से प्रसन्न होकर उसके पुत्र राम सिंह को कश्मीर से वापस लाहौर दरबार बुला लिया और उसे सेनापति अतर सिंह संधेवालिया के संरक्षण में भेज दिया तथा वजीर शाम सिंह को 3500 रुपए के राजस्व के बराबर की जागीर प्रदान की गई। इस प्रकार वजीर रामसिंह 11 वर्ष की आयु में दोबारा अपने माता-पिता के पास लाहौर पहुंच गए।

पुण्यतिथि पर विशेष

रामसिंह का बचपन लाहौर दरबार में बीता, जहां उन्होंने वीरता, रणकौशल और संगठन की शिक्षा पाई। सिख दरबार में अर्जित अनुभवों से प्रेरित होकर वजीर रामसिंह ने संकल्प लिया कि वे अपनी जन्मभूमि नूरपुर को अंग्रेजी शासन से मुक्त कराएंगे।

1846-47 में नूरपुर रियासत अंग्रेजों की दमनकारी नीतियों के विरुद्ध संगठित विद्रोह करने वाली पहली पहाड़ी रियासत बनी। इस आंदोलन का नेतृत्व वजीर रामसिंह पठानिया ने किया, जिन्होंने औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध संघर्ष का शंखनाद उस समय किया जब उत्तर भारत अंग्रेजों के अधीन हो चुका था। प्रथम आंग्ल-सिख युद्ध (1845-46) में सिखों की पराजय के बाद 9 मार्च 1846 की लाहौर संधि के अनुसार अंग्रेजों ने ब्यास और सतलुज नदियों के बीच का पूरा पहाड़ी क्षेत्र अपने अधीन कर लिया। क्षतिपूर्ति देने में असमर्थ सिखों ने कश्मीर और हजारा क्षेत्र अंग्रेजों को सौंप दिए, जिन्हें बाद में राजा गुलाब सिंह को दे दिया गया। कांगड़ा की पहाड़ी रियासतों को आशा थी कि अंग्रेज उन्हें उनके प्रदेश लौटा देंगे, लेकिन अंग्रेजों ने उल्टा उनकी स्वतंत्रता समाप्त कर दी और भारी कर लगा दिए। नूरपुर के राजा जसवंत सिंह को वैध उत्तराधिकारी न मानकर अंग्रेजों ने रियासत अपने नियंत्रण में ले ली। राजा वीर सिंह के परिवार को पेंशन दी गई और वजीर शाम सिंह तथा उनके पुत्र रामसिंह पठानिया को निष्कासित कर उनकी जागीर जब्त कर ली गई। इस अपमानजनक नीति के विरुद्ध रामसिंह ने जनता को संगठित कर अंग्रेज शासन के विरुद्ध संघर्ष का बिगुल बजाया। 1846 में जब अंग्रेजी सेनाएं मंडी और कुल्लू में सिखों से युद्ध में उलझी थीं, तब रामसिंह ने नूरपुर और आसपास के क्षेत्रों में राजपूतों और ग्रामीणों को एकत्र कर विद्रोह की शुरुआत की। 3 सितंबर 1848 को उन्होंने शाहपुर किले में घोषणा की कि नूरपुर के वैध शासक जसवंत सिंह हैं और वे उनके वजीर हैं। यह सुनते ही अंग्रेज अधिकारी सीबी सौनदर, कैप्टन डेविडसन और मेजर फीशर ने शाहपुर पर हमला किया, परंतु रामसिंह अपने साथियों सहित बासा के जंगलों की ओर निकल गए। 18 सितंबर को हुए युद्ध में अंग्रेजों का एक सैनिक मारा गया और कई घायल हुए। रामसिंह ने सीमित संसाधनों के बावजूद संघर्ष जारी रखा। 3 जनवरी 1849 को उन्होंने दोबारा शाहपुर पर आक्रमण किया और डल्ले की धार व सुरगली में हुए युद्धों में अंग्रेजी सेना को भारी क्षति पहुंचाई। उन्होंने 20 अंग्रेज सैनिकों को बंदी बनाया और घायल सैनिकों की सेवा की, जो उनके मानवीय चरित्र को दर्शाता है।

16 जनवरी 1849 को जनरल व्हीलर के नेतृत्व में निर्णायक युद्ध हुआ जिसमें अंग्रेज अधिकारी लेफ्टिनेंट जॉन पील मारे गए। इसके बाद अंग्रेजों ने रामसिंह को पकड़ने के लिए 2000 रुपए का इनाम घोषित किया। अंतत: उन्हें गिरफ्तार कर वर्मा (बर्मा) की माउल जेल भेजा गया, जहां 11 नवंबर 1856 को उनका निधन हो गया। वजीर रामसिंह पठानिया का जीवन साहस, नेतृत्व और मातृभूमि के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उनकी स्मृति में आज भी डल्ले की धार (पठानकोट) में हर वर्ष 16 अगस्त को मेला आयोजित किया जाता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

धर्म का सच्चा अर्थ आडंबर से नहीं, बल्कि सादगी, करुणा व सच्चे आचरण से

धर्म मानव जीवन का सबसे महत्वपूर्ण और मूल आधार माना गया है। यह केवल पूजा-पाठ, अनुष्ठान या किसी विशेष रीति-रिवाज का नाम नहीं है, बल्कि धर्म वह जीवन-पथ है जो मनुष्य को सदाचार, करुणा, सच्चाई और आत्मिक शांति की ओर ले जाता है। धर्म वह दीपक है जो अंधकार में दिशा दिखाता है, जो मनुष्य को भीतर से निर्मल और समाज को एकता के सूत्र में पिरोता है, परंतु आज के युग में धर्म का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। जहां पहले धर्म का उद्देश्य आत्मा की शुद्धि और ईश्वर की प्राप्ति हुआ करता था, वहीं अब यह बाहरी दिखावे और आडंबर का साधन बनता जा रहा है।

केशव शर्मा रसिक
स्वतंत्र लेखक, घुमारवीं

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

एक पुरानी कथा इस सत्य को बड़े सुंदर ढंग से स्पष्ट करती है। एक साधु प्रतिदिन नदी किनारे बैठकर ध्यान करता था। उसका शिष्य सोचता कि गुरुजी के पास न कोई भव्य आसन है, न कीमती वस्त्र, न ही कोई बड़ा आयोजन, फिर भी वे प्रसन्न और शांत कैसे रहते हैं। एक दिन उसने पूछा, 'गुरुदेव, आप इतने साधारण क्यों रहते हैं? लोग तो बड़े-बड़े यज्ञ और आयोजन करते हैं।' साधु मुस्कुराया और बोला, 'पुत्र, ईश्वर तक पहुंचने का मार्ग सादगी और आत्मिक शुद्धता से होकर गुजरता है। आडंबर केवल दूसरों को दिखाया जा सकता है, ईश्वर को नहीं।' यह कथा आज के समाज के लिए एक गहरा संदेश छोड़ती है-सच्चा धर्म भीतर से आता है, बाहर से नहीं।

आजकल धार्मिक आयोजन मानो प्रतियोगिता बन गए हैं। हर कोई यह दिखाने की दौड़ में है कि किसने सबसे बड़ा मंदिर बनाया, किसने सबसे विशाल यज्ञ करवाया, किसने सबसे अधिक दान दिया। श्रद्धा और भक्ति की जगह प्रसिद्धि और प्रशंसा ने ले ली है। बड़े-बड़े मंच, चमकदार लाइटें, महंगे वस्त्र और भीड़— ये सब यह दर्शाते हैं कि धर्म अब भक्ति



नहीं, प्रदर्शन का माध्यम बन गया है। यह प्रवृत्ति धीरे-धीरे समाज को धर्म के मूल सार से दूर कर रही है। युवाओं में यह धारणा बन रही है कि धर्म का अर्थ केवल पाखंड और ढोंग है। परिणामस्वरूप वे उससे विमुख हो रहे हैं, जबकि सच्चाई यह है कि धर्म का अर्थ मंदिर की ऊंचाई या भव्यता नहीं, बल्कि मन की पवित्रता में निहित है- 'मंदिर की ऊंचाई से ईश्वर नहीं मिलते, मन की पवित्रता से भाव सच्चे खिलते। धर्म का अर्थ तो आडंबर कभी नहीं रहा, सच्चाई, करुणा, प्रेम ही उसका गहना रहा।' धर्म का असली उद्देश्य व्यक्ति को भीतर से शुद्ध करना और समाज में प्रेम व सद्भावना फैलाना है। यही कारण है कि संत कबीर, गुरु नानक, महात्मा बुद्ध और स्वामी विवेकानंद जैसे महान विचारकों ने हमेशा आडंबर का विरोध किया। उन्होंने धर्म को आचरण और मानवीय मूल्यों से जोड़ा। कबीरदास ने कहा था-'पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुआ, पंडित भया न कोय, ढाई आखर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होय।' यह पंक्ति बताती है कि सच्चा ज्ञान पुस्तकों या अनुष्ठानों से नहीं, बल्कि प्रेम और करुणा से प्राप्त होता है। यदि धर्म इसी प्रकार बाहरी तामझाम में उलझा रहा, तो इसका सार समाप्त हो जाएगा और यह केवल औपचारिकता बनकर रह जाएगा। धर्म का वास्तविक अर्थ है आत्मा की शुद्धता, दूसरों के प्रति सहानुभूति और सत्य के मार्ग पर चलना। जब हम इन मूल्यों को अपने आचरण में उतारेंगे, तभी धर्म जीवित रहेगा। आवश्यकता इस बात की है कि हम धर्म को उसके मूल स्वरूप में पुन: स्थापित करें-जहां भक्ति का स्थान दिल में हो, मंदिरों की दीवारों में नहीं। जहां सेवा, प्रेम और सत्य ही ईश्वर की सच्ची पूजा बनें। धर्म को दिखावे से मुक्त कर सादगी और करुणा के मार्ग पर लौटाना ही उसका पुनर्जागरण है।

अत: धर्म का सच्चा स्वरूप आडंबर में नहीं, बल्कि आचरण में बसता है। जब व्यक्ति अपने जीवन में सत्य, प्रेम और नैतिकता को अपनाता है, तभी वह वास्तव में धार्मिक कहलाता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

गौरैया के जीवन पर संकटकालीन परिस्थितियां बनना चिंतनीय विषय

समूचे विश्व के कोने-कोने में 20 मार्च को गौरैया दिवस मनाया जाता है। यह विशेष दिन इनकी महत्ता को दर्शाता है। गौरैया देखने में बेहद आकर्षक, मनमोहक दिखाई देती है। रंग इसका भूरा, छोटी सी पूंछ और मजबूत चोंच होती है । इसका घर के आंगन में फुदक-फुदक कर नाचना मन को असीम प्रसन्नता प्रदान करता था।

वीरेन्द्र शर्मा वात्स्यायन
लोअर अरनियाला, ऊना
मो. 94172-80333

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

लोग खाना खाते समय इन्हें रोटी के छोटे-छोटे टुकड़े डालकर मन में संतुष्टि प्राप्त करते पर समय ने अब इसके अस्तित्व को बेहद खतरनाक मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया है। इसका मुख्य कारण हमारी जीवन शैली में आया विशेष परिवर्तन है। मानव जीवन की जीवनशैली से अनेक विसंगतियां उत्पन्न होने से भी गौरैया के जीवन पर संकटकालीन गंभीर परिस्थितियों का निर्माण होना गंभीर चिंता का विषय है। समय परिवर्तित युग में आजकल गौरैया का हमसे दूर जाना स्वाभाविक है। गांवों में जहां इनके रहने का स्थान है। पेड़-पौधों की बहुतायत है। चारों ओर कृषि का विशाल घेरा है, वहां इनके दर्शन अभी भी यथासंभव हो रहे हैं पर शहरीकरण ने इसका पूर्णत: सफाया करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। अब ऐसा समय आ गया है कि नीड़ गौरैयों से खाली होते जा रहे हैं। इनके स्थान पर अन्य पंछी, छोटी-छोटी काली-सफेद चिड़ियां अपना रहन बसेरा बनातीं नजर आ रही हैं।

गौरैया को अब स्वयं को परिस्थितियों के अनुकूल होना अत्यधिक मुश्किल हो रहा है। इसके अनेक कारण हैं यथा मोबाइल फोन का बढ़ता क्रेज। मोबाइल टॉवरों के विकिरण के दुष्प्रभाव से गौरैया की संख्या सीमित होती जा रही है। इनसे गौरैया के मस्तिष्क व उनकी प्रजनन क्षमता पर भयानक प्रभाव पड़ रहा है। दूसरी ओर पर्यावरण प्रदूषण भी इन

पर विपरीत असर डाल रहा है। वास्तव में पर्यावरण प्रदूषण के दुष्परिणाम से वे छोटे-मोटे कीट-पतेगे आमतौर पर मर रहे हैं जो कि गौरैया का प्रिय भोजन हैं। बिना खाए-पिए कौन जीवित रहेगा? शहरीकरण ने तो गौरैया के अस्तित्व को प्राय: खत्म कर दिया है।

कंक्रीट के बने महलों में अब घोसले कहां? गांवों के लोग शहरों की ओर जा रहे हैं। आज से तीन-चार दशक पूर्व ऐसा रुझान नहीं था। लोग प्रेमपूर्वक रहते। देसी खाद से खेतीबाड़ी की जाती थी और अब समय ने करवट बदली फसलों पर कीटनाशकों का धड़ल्ले से अकारण छिड़काव हो रहा है।

इंसान लालचवश ऐसा कर रहा है। इससे गौरैयों का खात्मा तो हो ही रहा है साथ ही अनेक प्रकार की भयानक बीमारियां उत्पन्न हो रही हैं जिनका इलाज ढूंढना मुश्किल हो रहा है। परिणामस्वरूप इंसान खुद तो विकटतम परिस्थितियों में फंस रहा है और साथ ही मूक, निरीह पंछियों को मौत के मुंह में धकेल रहा है। गौरैया प्रजाति लुप्त होने के कगार पर है। नि:संदेह यह तो सर्वविदित है कि गौरैया पुराने जमाने में कच्चे घरों में शहतीरों इत्यादि में घोसले बना कर रहतीं थीं। अब कच्चे मकानों की जगह पक्के घरों के निर्माण होने से घोसलों के लिए यथासंभव स्थान नहीं रहा।

समयाभाव और बदलती जीवनशैली के कारण गौरैया के लिए हमारे आस-पास रहने योग्य स्थान नहीं बचे हैं। लोग उसके घटते अस्तित्व के प्रति उदासीन हो गए हैं, जबकि यह हमारे भविष्य का भी संकेत है। कुछ प्रकृति प्रेमी लोग पेड़ों पर कृत्रिम घोसले बनाकर और उन्हें दाना-पानी देकर संरक्षण का प्रयास कर रहे हैं, परंतु यह संख्या बहुत कम है।

केवल गौरैया दिवस मनाना पर्याप्त नहीं, यह तो एक औपचारिकता भर है। यदि हमने अभी ध्यान नहीं दिया, तो आने वाली पीढ़ियां गौरैया को केवल पुस्तकों में देख पाएंगी। अत: हमें उसके संरक्षण के लिए जागरूक होकर ठोस कदम उठाने होंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

आधुनिकता की दौड़ में कहीं पीछे न छूट जाएं हमारे संस्कार

पिछले सप्ताह मुझे हमारे दिल्ली से आए एक परिवारिक मित्र अमित कौशिक जी का सानिध्य प्राप्त हुआ। उनके साथ रात्रि भोजन पर बैठने का अवसर मिला तो स्वाभाविक रूप से परिवार, बच्चों और संस्कारों पर चर्चा शुरू हो गई। बातचीत के दौरान उन्होंने एक बहुत ही सुंदर और विचारणीय प्रसंग साझा किया, जिसने मेरे मन पर गहरा प्रभाव छोड़ा। उन्होंने बताया कि एक बार उनकी माता जी अपनी छोटी पोती के साथ किसी सत्संग में गईं थीं। सत्संग के दौरान उस बच्ची के व्यवहार और शालीनता को देखकर एक महिला ने कौशिक जी की माता जी से कहा-'आपकी पोती तो बहुत शिष्टाचार वाली है, हमारे बच्चे तो बहुत शरारती हैं। आप इसकी परवरिश कैसे करती हैं?'

अतुल कुमार
गांव गड़खल, त. कसौली, जिला सोलन, मो. 9805731752

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

इस पर कौशिक जी की माता जी ने मुस्कुराते हुए उत्तर दिया-'बच्चे हमारे कहने से नहीं, हमारे करने से सीखते हैं। वे हमारे उपदेशों से नहीं, हमारे आचरण से प्रभावित होते हैं।' अपनी बात को स्पष्ट करते हुए उन्होंने बताया कि उनका बेटा अमित प्रतिदिन रात को सोने से पहले अपने पिता जी के चरण दबाकर ही विश्राम करता है और उनकी बहू भी अपने ससुर-सास के पैर दबाती है। यह देखकर उनकी छोटी पोती ने भी अपने माता-पिता और दादा-दादी के चरण दबाने की आदत अपना ली है।

यह प्रसंग सुनकर मैं गहरी सोच में पड़ गया। हमारे घर में भी श्रीरामचरितमानस का नियमित पाठ होता है। उसमें भगवान श्रीराम, लक्ष्मण जी, सीता जी आदि के सेवा-भाव और बड़ों के चरण स्पर्श के कई प्रेरणादायक प्रसंग हैं-लक्ष्मण जी द्वारा श्रीराम के चरण दबाना, श्रीराम द्वारा गुरुजनों की सेवा करना, सीता जी द्वारा माताओं के चरणों की सेवा करना। फिर भी हमारे घर में न तो मैं और न ही मेरे बच्चे इस परंपरा का पालन करते हैं। क्या कारण है कि जिन मूल्यों की हम चर्चा तो करते हैं, उनका पालन अपने जीवन में नहीं करते? इस प्रश्न ने मुझे भीतर

तक झकझोर दिया। मैंने निर्णय लिया कि मैं यह जानने का प्रयास करूं कि क्या आज भी हमारे समाज में बड़ों के चरण दबाने या उनके सेवा-भाव की परंपरा जीवित है या नहीं। मैंने अपने मित्रों, रिश्तेदारों और परिचितों-लगभग चालीस लोगों से इस विषय में बात की। परिणाम जानकर आश्चर्य हुआ।

लगभग सभी ने कहा कि न तो वे स्वयं और न ही उनके बच्चे घर में अपने बड़ों के चरण दबाते हैं। केवल एक रिश्तेदार ने बताया कि उनके घर में एक बुजुर्ग बीमार हैं, इसलिए वे सेवा स्वरूप उनके पैर दबा देते हैं। यह जानकर मुझे लगा कि हम आधुनिकता की दौड़ में कहीं अपने संस्कारों को पीछे छोड़ आए हैं। आज हम अपने बुजुर्गों के आशीर्वाद को अब केवल एक औपचारिकता मानने लगे हैं। पहले जहां बड़ों के चरण छूना सम्मान और प्रेम की निशानी होता था, वहीं आज हम केवल 'गोडे छूने' या 'नमस्ते' कह देने तक सीमित रह गए हैं। हमारा समाज सदैव से संस्कारों और पारिवारिक मूल्यों पर आधारित रहा है। मैं कोई सामाजिक शोधकर्ता तो नहीं हूं, पर कह सकता हूं कि लगभग दो प्रतिशत लोग हैं जो घर में अपने बड़ों के पांव दबाते है। क्या हम सोशल मीडिया के इस युग में अपनी संस्कृति अपने धर्म से मिलने वाली शिक्षाओं को भूल गए हैं या हम इतने आधुनिक हो गए हैं कि हमें अपने बुजुर्गों के आशीष लेने उनकी सेवा करने की कोई आवश्यकता महसूस नहीं होती। जब इस विषय पर मैंने अपने मित्रों से चर्चा की तो एक बात और निकल कर आई कि हम पांव दबाने की बात करते हो आज कल हम पांव छूने की जगह गोडे छूते हैं। हमें अमित कौशिक जी की माता जी की बात पर पुन: विचार कर चाहिए कि हमें आने वाली पीढ़ी को कुछ अच्छे जीवन मूल्य सिखाने है तो उनके सामने स्वयं उनका आचरण अपने जीवन में लाना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

दुष्कर्म के दोषी को 15 वर्ष का कठोर कारावास, 5 लाख जुर्माना

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

उप जिला न्यायवादी राजीव शर्मा ने जानकारी दी कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सरकाघाट स्थित जोगिंद्रनगर डॉ. अबीरा वासू ने सरकार बनाम पवन कुमार प्रकरण में आरोपी पवन कुमार पुत्र रूमी राम, निवासी गांव सिहवाहली (बटाहर), डाकघर कुफरी तहसील पधर को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के तहत बलात्कार के अपराध में 15 वर्ष के कठोर कारावास और 5 लाख रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में आरोपी को एक वर्ष का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

इसके साथ ही अदालत ने आरोपी को आईपीसी की धारा 506 के तहत एक वर्ष का साधारण कारावास और 1,000 रुपए जुर्माने की सजा भी दी है। जुर्माना न भरने की स्थिति में आरोपी को 7 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। उप जिला न्यायवादी राजीव शर्मा ने बताया कि यह मामला वर्ष 2018 का है। 19 फरवरी 2018 को जब पीड़िता का पति काम पर गया हुआ था और सास एक शादी समारोह में शामिल होने गई थी, तब पीड़िता घर पर

जुर्माना अदा न करने पर एक वर्ष का होगा अतिरिक्त कारावास

अकेली थी। उसी दौरान आरोपी पवन कुमार ने मौका पाकर पीड़िता के घर के बाहर घात लगाई और रात लगभग 11 बजे जब वह शौच के लिए बाहर निकली, तो आरोपी ने उस पर हमला कर दिया। बचाव के प्रयास में पीड़िता और आरोपी के बीच हाथापाई हुई, जिसमें आरोपी को चोट भी लगी। इसके बाद आरोपी ने पीड़िता के कपड़े फाड़कर उसके साथ जबरन बलात्कार किया और उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

मामले की शिकायत दर्ज होने के बाद पीड़िता का चिकित्सकीय परीक्षण करवाया गया और स्थानीय पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 376 और 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। उप जिला न्यायवादी शर्मा ने बताया कि अभियोजन पक्ष ने न्यायालय में 15 गवाहों के बयान दर्ज करवाए और पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत किए, जिनके आधार पर अदालत ने आरोपी पवन कुमार को दोषी ठहराते हुए यह सजा सुनाई।

यात्रियों से भरी एचआरटीसी बस से उठा धुआं, मची अफरातफरी

टर्बो खराबी के कारण धुएं से भरी बस, खल्याणा के पास बड़ा हादसा टला

रितेश, अनंत ज्ञान

सरकाघाट। उपमंडल सरकाघाट के तहत बल्द्वाड़ा-खल्याणा-सुंदरनगर संपर्क मार्ग पर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। यात्रियों से भरी एचआरटीसी बस (एचपी31बी 3781) के टर्बो में अचानक खराबी आने से बस धुएं से भर गई। बस में बैठे यात्रियों में घबराहट और डर का माहौल फैल गया।

गनीमत रही कि चालक और परिचालक ने सूझबूझ दिखाते हुए बस को तुरंत सड़क किनारे रोक लिया और लगभग 25 से अधिक यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। थोड़ी ही देर में इंजन से गाढ़ा धुआं उठने लगा, जिससे पूरी बस धुएं के गोले में बदल गई। घटना स्थल पर काफी देर तक अफरातफरी और यातायात बाधित रहा।

खल्याणा के पास एचआरटीसी बस से उठे धुएं के कारण मची अफरातफरी, चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यह वही बस है जो कुछ दिन पहले जहमत गांव के पास खराब पड़ी थी और मरम्मत के बाद सोमवार को दोबारा रूट पर भेजी गई थी। स्थानीय लोगों ने कहा कि बल्द्वाड़ा-सुंदरनगर मार्ग पर बस परिवहन की सुविधा पहले ही सीमित है, और इस तरह की घटनाओं से लोगों में दहशत और असुरक्षा की भावना बढ़ रही है।

ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से मांग की है कि जेएनएनयूआरएम योजना के तहत चल रही पुरानी बसों की पूरी तकनीकी जांच के बाद ही उन्हें ग्रामीण रूटों पर भेजा जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

इस संबंध में क्षेत्रीय प्रबंधक सुंदरनगर अजेंद्र चौधरी ने बताया कि बस के टर्बो में अचानक खराबी आने के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई थी। बस पूरी तरह से सुरक्षित है। सोशल मीडिया पर बस में आग लगने की जो खबरें चल रही हैं, वे पूरी तरह भ्रामक और झूठी हैं।

सीएम ने आपदा राहत कार्यक्रम को भड़ास निकालने का मंच बनाया: जयराम ठाकुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

मंडी में आयोजित प्रेसवार्ता में पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आपदा राहत वितरण कार्यक्रम को अपनी राजनीतिक भड़ास निकालने का मंच बना दिया। ऐसे मौकों पर संवेदनशीलता अपेक्षित होती है, लेकिन सरकार ने मर्यादाएं तोड़ दीं और विपक्ष के विधायकों को जानबूझकर कार्यक्रम से दूर रखा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने हिमाचल को अब तक लगभग 5500 करोड़ रुपये और 1.11 लाख प्रधानमंत्री आवास दिए हैं, परंतु राज्य सरकार अब तक इसका दसवां हिस्सा भी आपदा प्रभावितों तक नहीं पहुंचा सकी है।

मुख्यमंत्री केवल घोषणाओं में व्यस्त हैं, जबकि टूटी सड़कें आज तक जस की तस हैं। ठाकुर ने आरोप लगाया कि सरकार ने पीएसयू के प्रोजेक्ट्स कांग्रेस शासित राज्यों के ठेकेदारों को देकर भ्रष्टाचार की सीमाएं पार की हैं। शराब नीति में भी दिल्ली की तर्ज पर हेराफेरी की गई है जिससे प्रदेश को करोड़ों रुपये का नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि अम्ब की शराब फैक्ट्री में दो साल से अवैध उत्पादन हो रहा था और मुख्यमंत्री कार्यालय ने कार्रवाई रोकने का प्रयास किया। जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार कर और कर्ज के सहारे चल रही है, तीन साल में ऋण 40 हजार करोड़ तक पहुंच गया है।

उन्होंने कहा कि आपदा में जनता ने सरकार पर नहीं, बल्कि भाजपा पर भरोसा किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने 15-15 किलोमीटर पैदल चलकर राहत सामग्री पहुंचाई, जबकि कांग्रेस नेता केवल बयानबाजी करते रहे। उन्होंने कहा कि सरकार को अपने असंवेदनशील रवैये पर लज्जा आनी चाहिए।

न्यूज ब्रीफ

बहू ने सास पर किया हमला, मामला दर्ज

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत आने वाले बैरी गांव में पारिवारिक विवाद के चलते एक महिला पर उसकी बहू द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में थाना सरकाघाट में शिकायत दर्ज की गई है। शिकायतकर्ता सरला देवी पत्नी स्वर्गीय हरी चंद निवासी बैरी, डाकघर ब्रांग तहसील सरकाघाट ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 9 नवंबर की शाम लगभग 6 बजे उसकी बहू शीला देवी पत्नी सतीश कुमार ने उसे रास्ते में रोककर बिना किसी कारण के उसके साथ मारपीट की और गाली-गलौज की। सरला देवी ने बताया कि उसने बड़ी मुश्किल से भागकर अपनी जान बचाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पोंटा स्कूल में एनएसएस शिविर का समापन

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। राजकीय उत्कृष्ट माध्यमिक पाठशाला पोंटा में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का समापन प्रधानाच्य श्रीमती सरिता शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि सतीश कुमार शर्मा ने बच्चों को शुभ संदेश दिए। शिविर के प्रोग्राम ऑफिसर राजेश कुमार और गिरिजा गुप्ता ने विशेष भूमिका निभाई और विद्यालय परिवार के सहयोग की सराहना की। शिविर में छात्रों को व्यक्तित्व और नेतृत्व कौशल विकसित करने, सामाजिक और नागरिक जिम्मेदारी की भावना बढ़ाने, तथा व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने के अवसर मिले। बच्चों को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के शिविर छात्रों को समुदाय की बेहतर समझ, आपदाओं से निपटने की क्षमता, और विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में भागीदारी के अवसर प्रदान करते हैं, जो उनके प्रवेश और रोजगार के अवसरों में भी सहायक साबित होते हैं।

वृंदावन व जयपुर का किया शैक्षणिक भ्रमण

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। स्थानीय पाठशाला लॉर्ड्स कान्वेंट के 10वीं से 12वीं कक्षा के छात्रों ने वृंदावन और जयपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को इतिहास, संस्कृति और धर्म के बारे में जानने का अवसर देना था। वृंदावन में कृष्ण जन्मस्थान मंदिर, गोविंद देव जी मंदिर, प्रेम मंदिर और गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा की गई। इसके बाद जयपुर में हवा महल, सिटी पैलेस, आमेर किला और जंतर मंतर का दौरा किया गया। इस भ्रमण ने छात्रों को न केवल ऐतिहासिक और सांस्कृतिक जानकारी दी, बल्कि उनके जीवन कौशल और अनुभव को भी समृद्ध किया।

हराबाग स्कूल के खिलाड़ियों का किया स्वागत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हराबाग के 6 खिलाड़ी छात्र व छात्राओं ने बिलासपुर जिला के जुखाला में आयोजित राज्य स्तरीय ओपन खो-खो प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। अंशुल, साहिल ठाकुर, अर्नव ठाकुर, सुमीक्षा, शारवी ठाकुर और ज्योति ने मंडी जिला की टीम से खेलते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता से लौटकर स्कूल पहुंचने पर स्कूल प्रबंधन कमेटी और विद्यार्थियों ने हार पहनाकर खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानाचार्य निधि शर्मा ने खेलों में बच्चों की सफलता के लिए शारीरिक शिक्षा शिक्षक परस राम, बच्चों की मेहनत और अभिभावकों के सहयोग को श्रेय दिया। स्कूल स्टाफ व प्रबंधन ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

लड़भड़ोल में आर्थिक जागरूकता परीक्षण संपन्न

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। राजकीय महाविद्यालय लड़भड़ोल के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा मंगलवार को पांचवां आर्थिक जागरूकता परीक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. मुनीष ठाकुर रहे। प्रतियोगिता में कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परिणामों में अंसिका ने प्रथम स्थान, गुंजन ने द्वितीय स्थान और मुस्कान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संयोजक प्रो. तिलक शर्मा ने बताया कि यह परीक्षण वर्ष 2021 से प्रतिवर्ष आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य छात्रों में अर्थशास्त्र के प्रति रुचि जागृत करना और व्यवहारिक ज्ञान बढ़ाना है। मुख्य अतिथि डॉ. मुनीष ठाकुर ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में प्रतिस्पर्धा और गहन आर्थिक समझ विकसित करने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम के अंत में संयोजक ने सभी प्रतिभागियों, सहयोगियों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

संगठन की एकता बनाए रखने की अपील की

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम इकाई जोगिंद्रनगर की बैठक इकाई अध्यक्ष ई. एसके ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन इकाई महासचिव एनआर वर्मा ने किया। दिवंगत चार बोर्ड पेंशनरों को याद करते हुए सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। 82 वर्षीय ध्याणू राम को लाठी, सौल और टोपी भेंट कर सम्मानित किया गया। संगठन सचिव यू. एस. कटवाल ने कहा कि पेंशनरों को देय 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते में से केवल 3 प्रतिशत ही दिया गया है और 14 प्रतिशत अब भी बकाया है। उन्होंने सरकार द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सेवा विस्तार से बेरोजगार युवाओं के अवसर प्रभावित होने की भी चिंता व्यक्त की। मुख्य सलाहकार ठाकुर दान सिंह ने कहा कि आयु के आधार पर बकाया भुगतान उचित नहीं है। प्रेस सचिव विशन दास बहल ने पुरानी पेंशन योजना के लाभ न मिलने पर चिंता जताई और बोर्ड के अस्तित्व को सुरक्षित रखने की आवश्यकता पर जोर दिया।

जोगिंद्रनगर में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय, जोगिंद्रनगर में हिमालयन परिषद् फॉर साइंटिफिक रिसर्च द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'जड़ों की पुनः खोज, भविष्य की नई कल्पना: भारतीय ज्ञान प्रणाली पर बहुआयामी दृष्टिकोण' का दूसरा दिन संपन्न हुआ। देश-विदेश के 160 विद्वानों ने भारतीय ज्ञान प्रणाली के विविध आयामों पर अपने शोध कार्य प्रस्तुत किए और विचार साझा किए। डॉ. मीना चौधरी ने कीटों के जैविक नियंत्रण और मानव स्वास्थ्य पर उनके प्रभाव पर चर्चा की, जबकि डॉ. नीलांबुर छेत्री ने हिमालय में पर्वत श्रृंगिंग और स्थिरता हेतु नियंत्रित मानव गतिविधियों पर जोर दिया। डॉ. सुरेंद्र सिंह ने वेदों की शिक्षाओं को पुनः अपनाने का आग्रह किया और डॉ. एरिक मोरन ने औपनिवेशिक हिमालय में अपराध व दंड की अवधारणा पर प्रकाश डाला। सम्मेलन का समापन डॉ. सुरेंद्र सिंह के सारगर्भित वक्तव्य और महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा अतिथियों का सम्मान एवं स्मृति चिन्ह वितरण के साथ हुआ। मुख्य अतिथि प्रो. निशा वैद्य ने इसे 'एक मील का पत्थर और नई शुरुआत' करार दिया। आयोजन संयोजक डॉ. दीप्ति शर्मा, सचिव डॉ. पवन कुमार और समन्वयक सुश्री आरती शर्मा को सफल आयोजन के लिए सराहा गया। सम्मेलन ने बौद्धिक समुदाय को भारतीय ज्ञान प्रणाली की जड़ों को समझने और अनुसंधान में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

15 अगस्त की घोषणाएं पूरी न करने पर भड़के वरिष्ठ नागरिक

वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद की बैठक सरकाघाट में प्रधान प्रकाश चंद चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

ज्येष्ठ एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद की बैठक सरकाघाट में प्रधान प्रकाश चंद चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्र के विकास, जनहित और प्रशासनिक उदासीनता पर गहन चर्चा हुई।

परिषद सदस्यों ने मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा 15 अगस्त को सरकाघाट स्कूल खेल मैदान में की गई घोषणाओं पूरा न करने पर नाराजगी जताई व इन घोषणाओं को शीघ्र लागू करने की मांग उठाई। मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं में सरकाघाट बस अड्डे का आधुनिकीकरण, शॉपिंग कम्प्लैक्स निर्माण, स्कूल के सामने और शिव मंदिर के पीछे स्थित खंडहर भवन को गिराकर बहुमंजिला पार्किंग निर्माण, अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी को नेरचौक से सरकाघाट स्थानांतरित करने व केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग प्रमुख रही। परिषद ने प्रशासन से सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आवारा कुत्तों व गोवंश के लिए स्थायी आश्रय स्थल बनाने की मांग की। इसके साथ ही हमीरपुर में महिला हत्या की घटना पर रोष व्यक्त करते हुए दोषियों को सख्त सजा देने की मांग की गई।

बैठक में वरिष्ठ नागरिकों की एक निगरानी समिति का गठन किया गया, जो अस्पतालों, बैंकों और सरकारी विभागों में वरिष्ठ नागरिकों को दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा करेगी। बैठक में महासचिव कुलदीप गुलरिया, राज्य सचिव मेहर सिंह चंदेल सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी का दायित्व रमेश भारद्वाज को सौंपा गया।

सड़क नहीं सुधारी, तो करेंगे विरोध-प्रदर्शन: चमन राही

उपायुक्त के समक्ष रखी बल्ह क्षेत्र की मांगें, डीसी ने हल करने का दिया आश्वासन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

अखिल भारतीय दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद हिमाचल प्रदेश के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही के नेतृत्व में मंडी जिला के अलग-अलग ब्लॉकों की समस्याओं को लेकर उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान एपीएमसी के चेयरमैन संजीव गुलेरिया, परिषद के अल्पसंख्यक राज्य संयोजक सन्नी ईपन, ग्राम पंचायत बडसू के प्रधान गोबिंद वर्धन, पूर्व राष्ट्रीय कोच दया राम चौधरी, ओबीसी जिला महासचिव कर्म सिंह सैणी, पुष्प ठाकुर, सावित्री ठाकुर परिषद के पदाधिकारी, चंपा चौधरी, महिला मंडल प्रधान रमा देवी, सूदन सिंह, सेवानिवृत एसई एलआर चौधरी एवं प्रधान शीतला माता मंदिर के प्रबंधन कमेटी सुंदरनगर भौण, गोपाल पंच, निक्का राम, नितिका, जगदीश कुमार, निक्का राम और ई. यशवंत सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

चमन राही बल्ह विस क्षेत्र की समस्याओं को लेकर डीसी मंडी को ज्ञापन देते हुए।

इस दौरान उन्होंने मांग पत्र में बताया कि ग्राम पंचायत बडसू के लिए एचआरटीसी की बस बगला-बडसू रुट काफी समय से बंद पड़ी हुई है। सड़क की खस्ता हालत के चलते उक्त मार्ग पर बसें सहित अन्य वाहन नहीं चल पा रही है। जिसके चलते क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं उक्त क्षेत्र की पंचायत ने सड़क की दशा सुधारने के लिए प्रस्ताव पारित सड़क के दोनों तरफ निशानदेही, चलाह सड़क के लिए निशानदेही, भडयाल पंचायत की पीडब्लयूडी की सड़क की निशानदेही करवाने की मांग की है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि आपदा के दौरान बल्ह क्षेत्र के भडयाल पंचायत में भारी भू-कटाव हुआ है। सैंकड़ों लोगों के खेत-खलिहान बह चुके है, लेकिन प्रभावितों को अभी तक कोई मुआवजा नहीं मिला है।

उन्होंने मांग की है कि जिस तरह आपदा प्रभावितों को प्रदेश सरकार ने राहत राशि वितरित की है। उसी तरह सैंकड़ों एकड़ जमीन से हाथ धो बैठे लोगों को भी मुआवजा दिया जाए। इसके अलावा रत्ति से लेदा वाया सोयराबालट, मैरामसीत, कोठी, गुरुकोठा सड़क की हालत खस्ता को लेकर कई बार विभाग से मिल चुके है। लेकिन आज दिन तक कोई कार्य नहीं हो पाया है। वहीं बल्ह विस क्षेत्र के तहत पडने वाले इलाका बगड़ा के हजारों लोगों को यातायात की सुविधा से जोड़ने वाले सड़क की इन दिनों खस्ता है। उक्त मार्ग कई जगह से धंस चुका है। उपायुक्त मंडी ने एसडीएम बल्ह को तत्काल प्रभाव से जल्द सड़कों को निशानदेही करने सहित अन्य समस्याओं को हल करने के निर्देश दिए है। इसके अलावा उन्होंने ग्राम पंचायत जैदेवी में प्रधान के नेतृत्व में प्रस्ताव कर श्मशानघाट के निर्माण में विवाद खत्म करने की मांग की है, ताकि श्मशानघाट का निर्माण समय पर हो सके।

विरासत संरक्षण पर केंद्रित स्पर्धा में धर्मशाला की टीम रही विजेता

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

भारतीय सांस्कृतिक धरोहर संरक्षण मंडी चैप्टर ने स्कूली छात्रों के लिए देश की धरोहर और विरासत के संरक्षण पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिला स्तर पर चयनित चार टीमों धर्मशाला, शिमला, मंडी और कांगड़ा ने इसमें भाग लिया।

मंडी में इस प्रकार की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता पहली बार आयोजित की गई। धर्मशाला के अचचि वर्ग स्कूल की शौर्य और अंजना पठानिया की टीम विजेता रही, जो अब दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। प्रतियोगिता में शिमला के स्वर्ण पब्लिक हाई स्कूल की भूमिका ठाकुर और अहाता चंदेल, विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल मंडी की इनायत और आयुषी, तथा कांगड़ा की मॉन्टेसरी कैंब्रिज स्कूल की आरुषि और वानिका ने भाग लिया। मंडी नगर के महापौर वीरेंद्र भट्ट ने विजेता और प्रतिभागी टीमों को पुरस्कार प्रदान किए तथा कहा कि मंडी नगर निगम स्थानीय संस्कृति और विरासत संरक्षण से जुड़े कार्यक्रमों को हरसंभव समर्थन देगा। मंडी इंटेक के संयोजक नरेश मल्होत्रा ने कहा कि यह प्रतियोगिता मंडी चैप्टर के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि ऐसे आयोजन लोगों में विरासत संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं। सह संयोजक अनिल शर्मा ने विजेता टीम को बधाई देते हुए अन्य प्रतिभागी छात्रों, शिक्षकों और मंडी नगर निगम को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

मतदाताओं की अपील स्वीकार, अब सही वार्ड में किया दर्ज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी-सह-उपमंडलाधिकारी (सदर) मंडी रूपिन्द्र कौर ने जानकारी दी है कि नगर निगम मंडी के वार्ड संख्या 9, पैलेस कॉलोनी-ढ्ढ के मतदाताओं की अपील पर राज्य निर्वाचन आयोग हिमाचल प्रदेश द्वारा उचित निर्णय लिया गया है।

उन्होंने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव से प्राप्त पत्र के अनुसार वार्ड संख्या 9, पैलेस कॉलोनी-ढ्ढ के क्रमांक 385 से 493 तथा 669 से 670 तक के मतदाता, जिन्हें पूर्व में त्रुटिवश वार्ड संख्या 10, सुहडा में अंकित कर दिया गया था, अब विधिवत रूप से वार्ड संख्या 9 में ही दर्ज कर दिए गए हैं। निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी ने बताया कि इन मतदाताओं की सूची हिमाचल प्रदेश नगर निगम निर्वाचन नियम, 2012 के प्रावधानों के अनुरूप तैयार कर ली गई है और इसे नियमानुसार अंतिम रूप से प्रकाशित किया जाएगा।

नशे से दूर रहने का संदेश लेकर गोपालपुर और धर्मपुर आएगा जत्था: भूपिंद्र भूप्पी

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

नशा भगाओ-युवा बचाओ-भविष्य बचाओ अभियान के संदेश को लेकर ज्ञान विज्ञान एवं साक्षरता समिति का कला जत्था मंडी से उपायुक्त अपूर्व देवगन द्वारा रवाना किया गया। यह जत्था 14 नवंबर को बलद्वाड़ा और सरकाघाट, 15 को सजाओपीपलु और टिहरा तथा 16 को चोलथरा और रखोह में कार्यक्रम प्रस्तुत करेगा। इन कार्यक्रमों में पंचायत प्रतिनिधि, महिला मंडल, स्वयं सहायता समूह, आंगनवाड़ी व आशा कार्यकर्ता, पूर्व सैनिक और अन्य सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थाएं भाग लेंगी।

कार्यक्रमों के आयोजन हेतु क्षेत्रीय कमेटियां गठित की गई हैं, जिनमें बलद्वाड़ा में केके ठाकुर, सरकाघाट में प्रेमकुमारी ठाकुर व सुनीता पटियाल, सजाओपीपलु में डॉ. विना राठौर व रणताज राणा, टिहरा में कैप्टन रमेश तपवाल, चोलथरा में परजीत ठाकुर व कैप्टन ओंकार सिंह और रखोह में पूर्ण चंद

पराशर व मनोज वर्मा शामिल हैं। 16 नवंबर को चोलथरा में तीन आयु वर्ग के लड़कों और लड़कियों के लिए मिनी मैराथन भी आयोजित की जाएगी, जिसमें राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती प्रतियोगिता में कांस्य पदक विजेता स्निग्धताराज ठाकुर विशेष अतिथि होंगे।

धर्मपुर नशा मुक्ति अभियान समिति के अध्यक्ष एवं एथलेटिक्स कोच भूपिंद्र भूप्पी ने कहा कि युवाओं में तेजी से बढ़ते नशे की समस्या समाज और देश के लिए चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि केवल दंडात्मक उपाय पर्याप्त नहीं

बलद्वाड़ा, सरकाघाट, सजाओपीपलु और टिहरा में होंगे कार्यक्रम

मिनी मैराथन का भी किया जाएगा आयोजन

हैं, बल्कि युवाओं को खेलों और सामाजिक गतिविधियों में शामिल कर जागरूक करना आवश्यक है। हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति की यह पहल सराहनीय है और इसे जन अभियान के रूप में गांव-गांव तक फैलाना होगा।

सम्मान कम्युनिटी सर्विस और आउटरीच में उत्कृष्टता के लिए किया सम्मानित

डेंटल कॉलेज सुंदरनगर को मिला राष्ट्रीय अवॉर्ड

उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान

सुंदरनगर। हिमाचल डेंटल कॉलेज, सुंदरनगर ने इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) द्वारा आयोजित डॉ. आर अहमद नेशनल स्टूडेंट अवॉर्ड्स में डेंटल कॉलेज की श्रेणी में कम्युनिटी सर्विस एंड आउटरीच अवॉर्ड प्राप्त कर जिला मंडी और हिमाचल प्रदेश का गौरव बढ़ाया। यह सम्मान 9 नवम्बर को मुंबई स्थित जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित वर्ल्ड डेंटल शो के दौरान प्रदान किया गया, जहां कॉलेज को देशभर के विभिन्न कॉलेजों से मिली प्रविष्टियों में से सामुदायिक सेवा और सामाजिक योगदान के उत्कृष्ट कार्यों के लिए चयनित किया गया।

इस उपलब्धि के पीछे निदेशकों डॉ. अनिल सिंगला और डॉ. विकास जिंदल की दूरदर्शी सोच और नेतृत्व का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिन्होंने संस्थान को सदैव

डेंटल कॉलेज सुंदरनगर को मुंबई में मिला राष्ट्रीय अवॉर्ड।

सामाजिक सेवा की दिशा में प्रेरित किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह ने कहा कि यह सम्मान छात्रों, शिक्षकों और स्टाफ के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। वर्ष 1994 से कॉलेज अपने दंत उपचार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत हर वर्ष लगभग 6,000 से अधिक मरीजों को निःशुल्क उपचार और परामर्श प्रदान कर रहा है तथा मोबाइल डेंटल वैन के माध्यम से ऑन-साइट उपचार करता है। सभी आउटरीच गतिविधियाँ डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री के नेतृत्व में डॉ. साहिल ठाकर द्वारा संचालित की जाती हैं, जिसमें डॉ. रमेश रानी, डॉ. साहिल नेगी, श्रीमती द्रौपदी और श्री सेवक राम सहयोग देते हैं। संस्थान ने हिमालयन हेल्थ एक्सचेंज, रोटरी क्लब ऑफ सुंदरनगर, रेडक्रॉस मंडी

मुंबई में आयोजित वर्ल्ड डेंटल शो में मिला गौरव

छात्रों व स्टाफ के सामूहिक प्रयासों का परिणाम

जिला, स्पेशल ओलंपिक्स भारत व अन्य सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मौखिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए हैं। इसके अतिरिक्त, कॉलेज जेलों, स्कूलों और कॉलेजों में नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविर व जागरूकता अभियान चलाता है। टोबैको फ्री यूथ एम्बेसडर और डेंटल मार्शल कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को तंबाकू-मुक्त समाज और मौखिक स्वच्छता के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। समाज के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता और सेवा के कारण यह राष्ट्रीय सम्मान संस्थान की वर्षों की सामाजिक निष्ठा और समर्पण का प्रतीक बना है।

पड्डल मैदान में कोचिंग मैकेनिज्म को किया जाएगा सुदृढ़: अपूर्व देवगन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

जिला खेल परिषद की बैठक मंगलवार को उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला खेल परिषद अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय के वीसी रूम में आयोजित की गई। इसमें जिला में खेल अधोसंरचना के विकास पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि मंडी के युवाओं ने खेलों के क्षेत्र में भी कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए जिला खेल परिषद कृत संकल्प है। उन्होंने कहा कि पड्डल मैदान में कोचिंग मैकेनिज्म को और सुदृढ़ किया जाएगा। जिला खेल परिषद की आय बढ़ाने पर भी विस्तृत चर्चा की गई। परिषद की दुकानों में अगर सबलेटिंग की है तो उन पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बैडमिंटन हॉल की छत पर सात किलो वॉट का सोलर प्लांट लगाया जाएगा ताकि बिजली की बचत हो सके। पड्डल मैदान में लगाई गई सोलर लाइट्स में जिनमें खराबी आई है उन्हें शीघ्र मुरम्मत के निर्देश दिए। बैडमिंटन फील्ड की मुरम्मत का प्राक्कलन बनाने के निर्देश दिए। पड्डल मैदान में हाई मास्ट लाइट लगाने की संभावनाएं तलाशने के लिए विभाग को निर्देश दिए ताकि रात्रि के समय भी खिलाड़ियों को खेल के अवसर मिल सके। खिलाड़ियों के लिए सिंथेटिक ट्रैक बिछाने की संभावनाओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई। पैविलियन में स्टैंड का निर्माण किया जाएगा जिसमें निजी संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाएगा। प्रशिक्षण एकेडमी के लिए पड्डल मैदान का प्रयोग करने के लिए खेल परिषद से अनुमति लेनी होगी तथा प्रतिमाह निर्धारित शुल्क जमा करवाना होगा तथा परिषद द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों को मानना होगा । परिषद द्वारा खिलाड़ियों के कल्याण के लिए चलाई जी रही विभिन्न स्कीमों को इस वित्त वर्ष में भी जारी रखा जाएगा। जिला खेल परिषद की बैठक में वर्ष 2024-25 में आय-व्यय का अनुमोदन किया गया तथा वर्ष 2025-26 के अनुमानित आय-व्यय पर भी चर्चा की गई। जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी कविता ठाकुर ने बैठक की कार्रवाई का संचालन किया।

न्यूज ब्रीफ

राकेश कालिया वार्षिक समारोह में होंगे मुख्यातिथि

अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा। विधायक राकेश कालिया 14 नवंबर को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दौलतपुर चौक के वार्षिक पारितोषिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। यह जानकारी स्कूल के प्रिंसिपल वासुदेव ठाकुर ने दी। इस अवसर पर मां सरस्वती की प्रतिमा भी पाठशाला परिसर में स्थापित की जाएगी।

सड़क ठीक करने पर जताया आभार

अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा। गोंदपुर बनेहड़ा से बिलू तलाई की बहुत दयनीय स्थिति थी सड़क में गड्ढों का आलम था सड़क के आसपास की आबादी के लोग भी काफी परेशान थे वाहनों की आवा जाही में भारी परेशानी हो रही थी लोक निर्माण विभाग ने अब सड़क की मरम्मत लगभग कर दी है जिस कारण आप अब सुंकाली रोड के लोगों में खुशी की लहर है, पंचायत सदस्य एडवोकेट राजकुमारी शर्मा ने इलाके के विधायक राकेश कालिया एवं लोक निर्माण विभाग का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली बहुत अनुकरणीय है, स्थानीय लोगों ने भी विधायक एवं लोक निर्माण विभाग का आभार व्यक्त किया है।

चिट्टा युवाओं की जिंदगी पर लगा रहा ग्रहण

अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी। हिमाचल प्रदेश में नशे की समस्या तेजी से बढ़ रही है, जिससे युवाओं की जिंदगी बर्बाद हो रही है। अंतरराष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद शर्मा ने कहा कि यह गंभीर सामाजिक समस्या अब गांव-गांव तक फैल चुकी है और इसके खिलाफ ज़मीनी स्तर पर ठोस कदम उठाने की बेहद आवश्यकता है। शर्मा ने कहा कि वह पिछले दस वर्षों से नशे के खिलाफ अभियान में जुड़े हुए हैं और हर जिले में पुलिस थानों और शिक्षण संस्थाओं में उनका यह अभियान चला हुआ है। उन्होंने 15 नवंबर को रिज मैदान में सरकार द्वारा नशे के खिलाफ आयोजित जागरूकता रैली का समर्थन किया, लेकिन कहा कि सरकार को नशे के खिलाफ योजनाओं को एक योजनाबद्ध तरीके से धरातल पर उतारना होगा। शर्मा ने सुझाव दिया कि हिमाचल में आधुनिक नशा मुक्ति केंद्र खोले जाएं, जहां पर एक अच्छे डॉक्टर और स्टाफ की नियुक्ति की जाए। उन्होंने पंचायत स्तर पर नशा निवारण कमेटियां गठित करने और स्कूलों में भी नशा निवारण कमेटियां बनाने का सुझाव दिया। शर्मा ने जिला प्रशासन से आग्रह किया कि डीसी और बीडीओ पंचायतों में सक्रिय रूप से नशा विरोधी अभियान चलाएं और स्कूल स्तर पर इसकी निगरानी शिक्षा अधिकारियों द्वारा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री और राज्यपाल को पत्र लिखकर मांग की है कि प्रदेश में नशे पर रोकथाम के लिए एक समग्र और ठोस नीति तैयार की जाए।

धर्माणी करेंगे यूथ फेस्टिवल का शुभारंभ

अनंत ज्ञान, ऊना। तकनीकी शिक्षा, नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री श्री राजेश धर्माणी 12 नवंबर को राजकीय महाविद्यालय, ऊना में एचपीयू यूथ फेस्टिवल का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर स्टेट राफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सतपाल सिंह रायजादा विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को प्रातः 10 बजे महाविद्यालय परिसर में होगा। यह महोत्सव 12 से 15 नवंबर तक चलेगा। आयोजन में शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य, आधुनिक कोरियोग्राफी और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

स्मार्ट विनिर्माण पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना। उद्योग विभाग ऊना ने केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय तथा विश्व बैंक के सहयोग से आरएएमपी (सूक्ष्म व लघु उद्यमों की क्षमता बढ़ाने संबंधी कार्यक्रम) के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र मेहतपुर में स्मार्ट विनिर्माण (उन्नत उत्पादन तकनीक) विषय पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की। कार्यक्रम में उद्योग विभाग के संयुक्त निदेशक अंशुल धीमान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मेहतपुर औद्योगिक संघ के अध्यक्ष सीएस कपूर, महासचिव विजय लव, स्थानीय पार्षद बलराम चंदेल तथा औद्योगिक क्षेत्र मेहतपुर के सहायक अधिकारी दीपक वर्मा भी मौजूद रहे।कार्यशाला में केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (एक मिनी रत्न सार्वजनिक उपक्रम), नई दिल्ली सहित आरएएमपी से संबद्ध विशेषज्ञ दल ने भागीदारी की। अंशुल धीमान ने संबोधन में कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम देश की आर्थिक धुरी हैं। प्रतिस्पर्धा और उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए आधुनिक विनिर्माण तकनीकों को अपनाना समय की आवश्यकता है। कार्यशाला विशेषज्ञों ने उद्योग संचालकों को बताया कि उत्पादन प्रणालियों में स्वचालन, चीजों का इंटरनेट तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी तकनीकों को अपनाने से औद्योगिक कार्यक्षमता बढ़ती है, उत्पादन लागत घटती है और उत्पाद गुणवत्ता में सुधार संभव होता है।

मुख्यमंत्री राहत कोष में दिए 51 हजार रुपए

अनंत ज्ञान, ऊना। सैनिक सेवा संगठन डेरा बाबा रुद्रानंद नारी ने मुख्यमंत्री राहत कोष में 51 हजार रुपए रुपए का योगदान दिया है। मंगलवार को सैनिक सेवा संगठन के चेयरमैन कर्नल डीपी वशिष्ट के नेतृत्व में अन्य सदस्यों ने सहायक आयुक्त वीरेंद्र शर्मा को चेक भेंट किया। इस मौके पर संगठन के सचिव जय लाल शर्मा, रविंद्र शर्मा, पवन शर्मा, जरनैल सिंह मनकोटिया भी उपस्थित थे। कर्नल डीपी वशिष्ट ने कहा कि संगठन की तरफ से प्रदेश में हाल ही में आई आपदा के चलते मुख्यमंत्री राहत कोष में 51 हजार रुपए का सहयोग किया गया है। उन्होंने कहा कि आपदा में प्रदेश में भारी क्षति हुई है। कई लोग आपदा से प्रभावित हुए है। लोगों के मकान क्षतिग्रस्त हो गए। सडक़ें, पानी, बिजली सहित अन्य सुविधाएं प्रभावित हो गई। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में प्रदेश सरकार को आर्थिक सहयोग दिया गया है, ताकि सभी के सहयोग से प्रदेश में जन-जीवन को पुनः पटरी पर लाया जा सके। उन्होंने क्षेत्र के अन्य लोगों से भी आहवान किया कि ऐसे समय में प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिए आगे आए। उधर, सहायक आयुक्त वीरेंद्र शर्मा ने सैनिक सेवा संगठन का मुख्यमंत्री रिलीफ फंड में सहयोग करने के लिए आभार व्यक्त किया।

बीबीएमबी की टीम फाइनल में पहुंची

अनंत ज्ञान, नंगल। भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) के अध्यक्ष इंजीनियर मनोज त्रिपाठी के दिशा निर्देशानुसार बीबीएमबी इंडोर स्टेडियम में आयोजित 29वीं अंतर सीपीएसयू वॉलीबाल प्रतियोगिता के तहत रोमांचक मुकाबले खेले गए। ग्रुप-ए में डीवीसी और टीएचडीसी के बीच मैच खेला गया। इसमें टीएचडीएस ने जीत दर्ज की। दूसरे मैच में मेजबान बीबीएमबी की टीम ने टीएचडीसी को 25-17 व 25-11 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। तीसरे मैच में एनएचपीसी ने सीईए को 25-21 व 25-15 से हराया। पूल बी में पावर ग्रिड ने आरईसी को 25-7 व 25-9 से, पीएफसी ने एमओपी को 25-23 व 25-23 से, एसजेवीएन ने पावर ग्रिड को 25-20 व 25-10 से हराया। इसके बाद खेले गए सेमीफाइनल मैच में मेजबान बीबीएमबी की टीम ने तीन सेट में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पावर ग्रिड की टीम को हराकर फाइनल में स्थान पक्का किया।

रियायती यात्रियों के लिए 'हिम बस कार्ड' प्रक्रिया शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

- ऑनलाइन आवेदन की आसान प्रक्रिया
- समय पर कार्ड बनवाना जरूरी : सुरेश धीमान

रियायती श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों को बेहतर, पारदर्शी और व्यवस्थित सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) ने आरएफआईडी आधारित 'हिम बस कार्ड' प्रणाली की शुरुआत की है।

इस कार्ड के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को रियायत का लाभ सुगमता से उपलब्ध होगा और यात्रा प्रक्रियाओं में अनावश्यक औपचारिकताओं से भी राहत मिलेगी। ऊना क्षेत्र में 'हिम बस कार्ड' तैयार करने की प्रक्रिया 1 नवंबर से शुरू कर दी गई है। एचआरटीसी ऊना के उपमंडलीय प्रबंधक सुरेश धीमान ने बताया कि यह कार्ड उन सभी यात्रियों के लिए लागू है, जो निगम की बसों में नि:शुल्क अथवा रियायती श्रेणी के अंतर्गत यात्रा सुविधा प्राप्त करते हैं। कार्ड बनवाने के इच्छुक विद्यार्थी एवं लाभार्थी एचआरटीसी ऊना बस संस्थान की पास शाखा में जाकर अपना कार्ड बनवा सकते हैं। वर्तमान में निगम की बसों में रियायती यात्रा सुविधा प्राप्त करने वाले सभी श्रेणियां इस कार्ड प्रणाली के अंतर्गत आती हैं। इनमें 10+2 तक के सरकारी एवं मान्यता प्राप्त निजी शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी, राज्य व केंद्र सरकार तथा बोर्ड/निगम कर्मचारी, निजी क्षेत्र के कर्मचारी, महिला यात्री, पुलिस एवं जेल विभाग (निर्धारित रैंक तक), पूर्व विधायक और पूर्व सांसद, स्वतंत्रता सेनानी एवं उनकी पत्नियां, मान्यता प्राप्त पत्रकार, वीरता पुरस्कार प्राप्त सैनिक, युद्ध विधवाएं, दिव्यांगजन, एचआरटीसी सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं उनकी विधवाएं, राष्ट्रीय व राज्य पुरस्कार प्राप्त अध्यापक एवं बालक (21 वर्ष तक) सहित अन्य पात्र श्रेणियां शामिल हैं। लाभार्थी हिम एक्सेस पोर्टल https//sso.hp.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। नागरिक श्रेणी में नया उपयोगकर्ता पंजीकरण कर आधार संख्या व मोबाइल नंबर सत्यापित करने के बाद, एचआरटीसी सर्विसेज में पासेज विकल्प चुनकर संबंधित रियायती श्रेणी के अनुसार आवेदन पत्र भरना होगा। आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने व निर्धारित शुल्क (जहां लागू हो) जमा करने के पश्चात आवेदन स्वीकृत हो जाएगा। इसके बाद लाभार्थी अपने निकटतम/निर्धारित पास केंद्र से 'हिम बस कार्ड' प्राप्त कर सकते हैं। उपमंडलीय प्रबंधक सुरेश धीमान ने सभी पात्र यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे समय रहते अपना 'हिम बस कार्ड' बनवा लें, ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो और रियायती सुविधा का लाभ सुचारू रूप से प्राप्त हो सके।

ट्रैक्टर चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर

अनंत ज्ञान, ऊना। पुलिस थाना सदर के तहत संतोषगढ़ में ट्रैक्टर की टक्कर से एक बाइक सवार घायल हो गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। घायल का इलाज क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में चल रहा है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार सोमवार रात करीब आठ बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संतोषगढ़ में इंद्रजीत सिंह निवासी सनोली, जिला ऊना को घायल अवस्था में लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे ऊना अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ऊना अस्पताल पहुंची और घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। जांच में सामने आया कि एक ट्रैक्टर चालक लेंटर डालने वाली मिक्सचर मशीन को लेकर सनोली से अजोली की ओर जा रहा था, जबकि इंद्रजीत अजोली से सनोली की दिशा में अपनी बाइक पर जा रहा था। ट्रैक्टर चालक ने मिक्सचर के गार्डर बाहर निकाल रखे थे। ट्रैक्टर को लापरवाही से चलाने और गार्डर बाहर होने के कारण बाइक सवार इंद्रजीत उसकी चपेट में आकर घायल हो गया।

सदाशिव मंदिर तलमेहड़ा में जिला स्तरीय स्काउट तृतीया सोपान परीक्षण शिविर शुरू

प्रशिक्षण शिविर में मौजूद स्काउट एंड गाइड और आयोजक।

अनंत ज्ञान, तलमेहड़ा

भारत स्काउट एंड गाइड्स जिला ऊना का पांच दिवसीय तृतीया सोपान प्रशिक्षण एवं परीक्षण शिविर का शुभारंभ सदाशिव मंदिर तलमेहड़ा में हुआ।

इसमें प्रधान मंदिर समिति सदा शिव परवीन शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने विभिन्न स्कूलों से आए प्रतिभागियों को अनुशासन में रहकर अच्छी बातें सीखने का आह्वान किया और भारत स्काउट एंड गाइड टीम ऊना के मार्गदर्शन में रहकर कैंप को यादगार बनाने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि जिला ऊना के 95 स्कूलों से 374 स्काउट कैंप में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। इसके साथ ही 41 स्काउट मास्टर बेसिक ट्रेनिंग का कोर्स कर रहे हैं । डीओसी अमन देव ने कहा कि 14 नवंबर तक चलने वाले पांच दिवसीय तृतीया सोपान ट्रेनिंग एवं टेस्टिंग कैंप में जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार, विजय संधू एलओसी, करनैल सिंह संधू एलओसी, सुरजीत सिंह एलओसी एवं रिसोर्स पर्सन पिंटू सिंह, राजीव कुमार, राकेश कुमार, लखन कुमार, किशोरी लाल कुमार, राजन शर्मा, राजेश कुमार, संजीव कुमार, बिंदेश के रूप में कैंप का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

इस कैंप में भाग लेने वाले सभी स्काउट मास्टर 14 नवंबर तक विभिन्न परीक्षाओं को पास कर अपने बेसिक ट्रेनिंग के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे तथा सभी स्काउट्स 14 नवंबर तक विभिन्न परीक्षाओं को पास कर अपने तृतीया सोपान के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे।

राहुल शर्मा बने भाजपा युवा मोर्चा ऊना के सोशल मीडिया संयोजक

अनंत ज्ञान, बंगाणा

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला ऊना में संगठन को डिजिटल रूप से और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से राहुल शर्मा को जिला ऊना का सोशल मीडिया संयोजक नियुक्त किया गया है।

इस जिम्मेदारी मिलने के बाद राहुल शर्मा ने कहा कि वे पूर्ण ईमानदारी, समर्पण और निष्ठा के साथ पार्टी के डिजिटल प्रचार-प्रसार में अपना योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि आज के दौर में सोशल मीडिया संगठन का एक सशक्त माध्यम है और भाजपा युवा मोर्चा इस दिशा में पहले से ही अग्रणी रहा है। राहुल शर्मा ने अपनी नियुक्ति पर राज्य भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, भाजपा जिला ऊना युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष, भाजपा जिला अध्यक्ष, तथा कुटलैहड़ क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता दविंदर कुमार भुट्टो सहित सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो भरोसा उन पर जताया है, उसे वे पूरी लगन से निभाने का प्रयास करेंगे। संयोजक राहुल शर्मा के परिवार का राजनीति से गहरा नाता रहा है। उनके पिता कृष्ण पाल शर्मा भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं और वे दो बार रिकॉर्ड मतों से जिला पार्षद निर्वाचित हो चुके हैं। इसके अतिरिक्त वे जिला ऊना जिला परिषद के उपाध्यक्ष पद का दायित्व भी निभा चुके हैं, उन्हें राजनीति की प्रेरणा अपने पिता से घर पर ही मिली है और वे हमेशा सेवा और समर्पण के भाव से समाज तथा संगठन के लिए कार्य करते आए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा युवा मोर्चा जिले के हर बूथ और गांव स्तर तक पार्टी की नीतियों और योजनाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगा। राहुल शर्मा ने युवाओं से भी अपील की कि वे राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने में अपना योगदान दें।

विवेक झलेड़ा में शोक संतप्त परिवार से मिले, दी आर्थिक सहायता

अनंत ज्ञान, बंगाणा

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने मंगलवार को क्षेत्र के जल शक्ति विभाग विश्राम गृह वसाल में अधिकारियों के साथ जनता की जन समस्याएं सुनीं।

इस दौरान विधायक विवेक शर्मा ने विभिन्न पंचायतों से आए लोगों की शिकायतें व मांगें ध्यानपूर्वक सुनीं और मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य जनता की समस्याओं का घर-द्वार पर समाधान करना है, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न झेलनी पड़े। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि जनसेवा हमारा सर्वोच्च ध्येय है। जनता के हर छोटे-बड़े मुद्दे पर सरकार और प्रशासन पूरी तत्परता से काम कर रहे हैं। हमारी कोशिश है कि विकास कार्यों की गति तेज हो और कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र प्रदेश में विकास का आदर्श उदाहरण बने। उन्होंने कहा कि अधिकारी जनहित के कार्यों में लापरवाही न बरतें और लोगों की शिकायतों का निपटारा समयबद्ध तरीके से करें। विधायक विवेक शर्मा ने जन समस्याओं को सुनने के बाद कुटलैहड़ के झलेड़ा गांव का दौरा किया, जहां उन्होंने 24 वर्षीय रविंद्र कुमार, पुत्र मेहर चंद के आकस्मिक निधन पर घर जाकर गहरा शोक व्यक्त किया। इस दुखद घटना से प्रभावित होकर विधायक शर्मा ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और संवेदना प्रकट की।

उन्होंने परिवार की आर्थिक मदद के रूप में 20,000 की राशि प्रदान की। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि ईश्वर रविंद्र कुमार की आत्मा को शांति प्रदान करें और परिवार को इस कठिन समय में दुख सहने की शक्ति दें। उन्होंने आश्वासन दिया कि हर संभव सहायता सरकार और प्रशासन की ओर से उपलब्ध करवाई जाएगी। विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ मेरा परिवार है, और इस परिवार के हर सदस्य की खुशी-दुख में वे हमेशा साथ रहेंगे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि किसी भी समस्या या कठिनाई के समय संकोच न करें, बल्कि सीधे संपर्क करें ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। विधायक विवेक शर्मा की इस जनसुनवाई और संवेदनशील पहल की क्षेत्र के लोगों ने सराहना की।

विधायक विवेक शर्मा जल शक्ति विभाग विश्राम गृह वसाल में जनसमस्याएं सुनते हुए।

जरूरतमंदों को दी आर्थिक सहायता

अनंत ज्ञान, बंगाणा। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने एक बार फिर समाजसेवा और जनसंपर्क की मिसाल पेश की है। मेरा कुटलैहड़ मेरा परिवार अभियान के तहत उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र के तीन जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि गांव कोटला कलां के निवासी संजीव कुमार के पुत्र आरुष, जो कैंसर से पीड़ित हैं, को उन्होंने दस हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। साथ ही उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि आगे भी हर संभव सहायता दी जाएगी ताकि परिवार इस कठिन समय में मजबूती से खड़ा रह सके। विधायक विवेक शर्मा ने ईश्वर से प्रार्थना की कि आरुष जल्द स्वस्थ होकर सामान्य जीवन में लौट आए। गांव लोहर बसाल की सुश्री प्रियंका कुमार, सुपुत्री बक्शी राम को विधायक विवेक शर्मा ने पांच हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी।

चार लोगों के मौके पर किए चालान

विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब। खंड स्तरीय फ्लाइंग स्क्वॉड ने कोटरा के प्रावधानों को लागू करवाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य खंड अंब के विभिन्न स्थानों का दौरा किया और गौतम ढाबा पक्का परोह में कोटरा के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर चार लोगों के सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करते हुए पाया तथा मौके पर ही उनका चालान किया। इस स्क्वाड में सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर दिनेश चंद पुलिस विभाग की तरफ से सुनील और तहसील ऑफिस से मनदीप सिंह और एक्साइज विभाग के अधिकारी राकेश रेहलिया उपस्थित रहे। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राहुल ने बताया कि आगामी समय में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि सार्वजनिक स्थानों पर खुले आम धूम्रपान को रोका जा सके। इस कार्रवाई में स्वास्थ्य शिक्षक राजेश शर्मा भी उपस्थित रहे।

छात्रों व स्टाफ को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों पर किया जागरूक

दौलतपुर चौक की एनसीसी इकाई द्वारा स्वच्छ परिसर अभियान का आयोजन।

अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक

तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान के दिशा-निर्देशों के तहत राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय दौलतपुर चौक की एनसीसी इकाई द्वारा मंगलवार को स्वच्छ परिसर अभियान का आयोजन किया गया।

इस अभियान का उद्देश्य महाविद्यालय परिसर को पूर्णत: तंबाकू मुक्त बनाना तथा शून्य-सहनशीलता नीति को अपनाने की दिशा में विद्यार्थियों में जागरूकता फैलाना रहा। कार्यक्रम के दौरान एनसीसी कैडेट्स ने कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया और छात्रों व स्टाफ को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार शर्मा ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि तंबाकू सेवन न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि यह समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने सभी से तंबाकू मुक्त वातावरण बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस अभियान में प्रो. सुनील रयात, प्रो. नैना सिंह तथा प्रो. श्रेया भारद्वाज सहित कॉलेज के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। एनसीसी इकाई द्वारा चलाया गया यह अभियान कॉलेज समुदाय में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने की दिशा में एक सराहनीय पहल रहा।

172 लोगों को मिला स्वास्थ्य लाभ

अनंत ज्ञान, टाहलीवाल

सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन और प्रयास संस्था के सहयोग से संचालित सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम ने ग्राम पंचायत कर्मपुर वार्ड नंबर-2 में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। शिविर में कुल 172 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई, जबकि 132 लोगों के निशुल्क ब्लड टेस्ट भी किए गए।

इनमें शुगर, लिपिड प्रोफाइल, यूरिक एसिड, कैल्शियम सहित अन्य जांचें शामिल रहीं। टीम ने ग्रामीणों को बीमारियों की रोकथाम, संतुलित आहार, नियमित जांच और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया। जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। शिविर के सफल संचालन में आशा वर्कर्स और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का भी विशेष योगदान रहा, जिन्होंने लोगों को शिविर तक पहुंचाने और बच्चों के पोषण मूल्यांकन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम के सदस्य डॉ. प्रदीप कुमार, रुचि, मुनीश और निहाल सिंह उपस्थित रहे। इसी दौरान बच्चों के वजन में सुधार व पोषण के महत्व पर सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम के सदस्य डॉ. प्रदीप कुमार ने विशेष स्वास्थ्य सुझाव भी साझा किए। सर्दियों में बच्चों के लिए उन्होंने दूध शेक, सूखे मेवों के लड्डू, दलिया, पोहा, उपमा, अंडा और दूध जैसे पौष्टिक विकल्पों को सर्वोत्तम बताया। वहीं चिप्स, कोल्ड ड्रिंक, पैकेट फूड और बहुत ठंडे पानी से परहेज की सलाह दी। डॉ. प्रदीप कुमार ने बच्चों को शांत माहौल में खाना और मोबाइल से दूरी रखकर भोजन करवाने तथा प्रतिदिन 15 से 20 मिनट धूप में बैठाने की भी जरूरत पर बल दिया।

सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा द्वारा कर्मपुर वार्ड नंबर-2 में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर।

संवाद उपायुक्त ऊना जतिन लाल की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना की समीक्षा बैठक संपन्न

बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

उपायुक्त जतिन लाल ने मंगलवार को प्रधानमंत्री केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना की प्रगति तथा लाभार्थी बच्चों की स्थिति की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता की।

जिला बाल संरक्षण कार्यालय के सौजन्य से आयोजित इस बैठक में उपायुक्त ने लाभार्थी बच्चों से सीधा संवाद किया और उनकी आवश्यकताओं एवं समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य को सुरक्षित और सशक्त बनाना जिला प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बच्चों का सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर भविष्य सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि इन बच्चों की मुस्कान ही हमारे प्रयासों की वास्तविक सफलता है। प्रशासन उनके साथ हर कदम पर खड़ा है। उनकी शिक्षा, सुरक्षा और समग्र विकास के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि वे किसी भी स्तर पर अपने आपको अकेला महसूस न करें। उन्होंने बताया कि यह योजना उन बच्चों के लिए प्रारंभ की गई है जिनके माता-पिता दोनों की कोविड-19 महामारी के दौरान मृत्यु हो गई थी। इस योजना के तहत प्रथम से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को प्रति वर्ष बीस हजार रुपये की छात्रवृत्ति दी जाती है, साथ ही अनाथ बच्चों को चार हजार रुपये प्रतिमाह पॉकेट मनी के रूप में सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की जाती है। डीसी ने यह भी जानकारी दी कि जिला ऊना के चार बच्चे इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत किए गए थे, जिनमें से तीन बच्चों को अब मुख्यमंत्री सुख-आश्रय योजना में स्थानांतरित किया गया है, जिससे उन्हें और व्यापक संरक्षण एवं सहयोग प्राप्त हो सके। बैठक में जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमलदीप सिंह सहित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

उपायुक्त जतिन लाल बैठक की अध्यक्षता करते हुए साथ हैं अन्य अधिकारी।

अंब स्कूल में बच्चों संग बिताए आत्मीय पल

अनंत ज्ञान, अंब

उपायुक्त ऊना जतिन लाल व उनकी धर्मपत्नी एवं जिला रेड क्रॉस सोसायटी के अस्पताल कल्याण अनुभाग की अध्यक्ष डॉ. रेणु सहरावत ने मंगलवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय अंब का दौरा किया।

दोनों ने बच्चों के साथ आत्मीय पल बिताए और उन्हें 272 जोड़ी जूते तथा जुराबें वितरित कीं। यह कार्यक्रम जिला रेड क्रॉस सोसाइटी एवं एस.आर.पी. केयर फॉर इंडिया फाउंडेशन, पोलियां पुरोहितां के सौजन्य से आयोजित किया गया।उपायुक्त ने इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सहयोग और संवेदनशीलता की भावना को सशक्त बनाते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं और उनके सर्वांगीण विकास के लिए समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर योगदान देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे प्रयास न केवल बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाते हैं, बल्कि पूरे समाज में सकारात्मकता का संदेश फैलाते हैं।डॉ. रेणु सहरावत ने बच्चों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने तथा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने और उपायुक्त ने बच्चों के साथ मिड-डे-मील साझा किया तथा विद्यालय के अध्यापकों द्वारा तैयार पौष्टिक भोजन की प्रशंसा की। एसआरपी केयर फॉर इंडिया फाउंडेशन की निदेशक सुषमा शर्मा ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत शिक्षा खंड अंब के 16 प्राथमिक विद्यालयों में कुल 1023 छात्रों को जूते वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनकी डीसी ने भरपूर सराहना की।

आपदाओं को लेकर दिया गया व्याख्यान

अनंत ज्ञान, बड़ूही। राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में आपदा प्रबंधन क्लब द्वारा एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आपदाओं के दौरान सही प्रतिक्रिया करने, सुरक्षा उपायों को समझने व आत्म सुरक्षा की भावना विकसित करने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर कविता कौशल ने शिरकत की। इस विशेष व्याख्यान को प्रोफेसर नवीन शर्मा के द्वारा किया गया, जिन्होंने विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी आपदा, चाहे वह प्राकृतिक हो या मानव निर्मित से निपटने के लिए पूर्व तैयारी संयम और सही निर्णय की क्षमता अत्यंत आवश्यक होती है। शर्मा ने वास्तविक उदाहरण के माध्यम से विद्यार्थियों को यह समझाया कि कैसे उचित जागरूकता व प्रशिक्षण से हम संकट की घड़ी में बेहतर ढंग से कार्य कर सकते हैं। कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर कबिता कौशल ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए आपदा प्रबंधन की उपयोगिता व जागरूकता के महत्व प

मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने झनियार गांव में आगजनी से हुए नुकसान का लिया जायजा, प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता का आश्वासन

सरकार देगी राहत, पुनर्वास व मंदिरों के पुनर्निर्माण में सहयोग

शीला कौल, अनंत ज्ञान

बंजार। बंजार उपमंडल की नोहांडा पंचायत के गांव झनियार में सोमवार को हुई भीषण आगजनी की घटना से हुए भारी नुकसान का जायजा लेने के लिए लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह स्वयं मौके पर पहुंचे।

उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर सांत्वना व्यक्त की और उन्हें राज्य सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया।मंत्री ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से झनियार गांव भेजा है, ताकि प्रभावित परिवारों की स्थिति का जायज़ा लेकर राहत और पुनर्वास कार्यों को गति दी जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार इस संकट की घड़ी में हर प्रभावित परिवार के साथ खड़ी है और तांदी गांव की तर्ज पर झनियार के लोगों को भी उचित सरकारी सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस घटना में 16 मकान पूरी तरह जलकर राख हो गए हैं, जिनमें दो मंदिर और चार गौशालाएं भी शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन ने तुरंत राहत और पुनर्वास कार्य आरंभ कर दिए थे। प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री और अंतरिम सहायता राशि उपलब्ध करवाई गई है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि झनियार एक बहुत पुराना और पारंपरिक वास्तुकला वाला गांव था। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ऐसे पुराने गांव को संरक्षित रखने के लिए लोगों को अपने घरों का भी बीमा करवाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार भी आगजनी की घटनाओं को देखते हुए लोगों को बीमे के लिए प्रोत्साहित करेगी, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं में नुकसान की भरपाई हो सके। उन्होंने ग्रामीणों से यह भी आह्वान किया कि वे घर के पास सूखी घास या ज्वलनशील सामग्री एकत्रित न करें, ताकि आगजनी जैसी घटनाओं से बचा जा सके। मंत्री ने कहा कि झनियार गांव तक सड़क न होने के कारण राहत पहुंचाने में कठिनाई हुई, जिसके चलते नुकसान भी अधिक हुआ।

नोहांडा पंचायत के गांव झनियार में आगजनी की घटना से हुए भारी नुकसान का जायजा लेने के लिए लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह पहुंचे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना-4 में इस क्षेत्र को शामिल किया गया था, लेकिन तय मापदंडों के अनुरुप जनसंख्या कम होने से यह क्षेत्र इससे छूट गया। उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि झनियार गांव को भी सड़क सुविधा से जोड़ा जाएगा। उन्होंने इस मौके पर झनियार गांव में वाटर टैंक निर्माण के निर्देश भी दिए और जिला प्रशासन को नुकसान का विस्तृत मूल्यांकन कर रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किए। विक्रमादित्य सिंह ने कहा, हम देव संस्कृति को मानने वाले लोग हैं, और इस आगजनी में मंदिरों का जल जाना अत्यंत दुखद है। सरकार और स्थानीय प्रशासन मंदिरों के पुनर्निर्माण में भी सहयोग प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए इस गांव को शीघ्र स्पेन लगाने के लिए जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने राजा वीरभद्र फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से 3 लाख रुपए की सहायता राशि की घोषणा की और मौके पर उपस्थित प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री भी वितरित की। इस अवसर पर बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी, एपीएमसी के अध्यक्ष मियां राम सिंह, प्रधान ग्राम पंचायत अंकुश, एसडीएम बंजार पंकज शर्मा, तेजा ठाकुर, शेष राम आज़ाद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बंजार की 20 सड़कों के लिए 142 करोड़ : विक्रमादित्य

अनंत ज्ञान, बंजार। लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (चरण-4) के तहत 2300 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। इस योजना से राज्यभर में ग्रामीण सड़कों के सुदृढ़ीकरण और विस्तार को नई गति मिलेगी।उन्होंने बताया कि बंजार उपमंडल की सड़कों के लिए पीडीएनए के अंतर्गत 24 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत हुई है, जिससे क्षेत्र में क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्निर्माण कार्य को गति दी जाएगी।मंत्री ने बातया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना चरण-4 के तहत बंजार उपमंडल की 20 सड़कों के लिए 142 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में संपर्क सुविधा बेहतर होगी और पर्यटन एवं कृषि गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। सैंज क्षेत्र के तरेहड़ा में पुल निर्माण के लिए 2 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है। यह पुल क्षेत्रवासियों की लंबे समय से लंबित मांग थी, जो अब पूरी होने जा रही है। इस वर्ष मानसून के दौरान जिला कुल्लू के बंजार क्षेत्र में सबसे अधिक क्षति हुई थी। सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि आवंटित धनराशि का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण उपयोग हो। उन्होंने कहा कि वे स्वयं सभी क्षेत्रों में जाकर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की मैदानी समीक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य ग्रामीण संपर्क सड़कों को मजबूत बनाना और विकास योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंचाना है।

झनियार गांव अग्निकांड: विधायक शौरी पहुंचे प्रभावित परिवारों के बीच, राहत व पुनर्वास कार्यों का लिया जायजा

अनंत ज्ञान, बंजार

सोमवार का दिन बंजार विधानसभा क्षेत्र की तीर्थन घाटी के लिए अत्यंत पीड़ादायक साबित हुआ, जब दुर्गम नोहांडा पंचायत का झनियार गांव भीषण अग्निकांड की चपेट में आ गया। एक वर्ष के भीतर यह क्षेत्र में आगजनी की दूसरी बड़ी घटना है, जिसने 16 परिवारों को बेघर कर दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी शाम को ही प्रभावित गांव पहुंचे और ग्रामीणों के दु:ख में सहभागी बने। इस अग्निकांड में कुल 16 मकान पूरी तरह जलकर राख हो गए हैं। विधायक शौरी ने राहत व पुनर्वास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए तथा व्यक्तिगत रूप से स्थिति का जायजा लिया। मंगलवार को भी वे पूरे दिन प्रभावित परिवारों के बीच रहे और स्वयं राहत सामग्री वितरित की। इस दौरान उन्होंने 16 परिवारों को राशन किट, तिरपाल, कंबल तथा बर्तन किट प्रदान की। इसके अतिरिक्त विधायक शौरी ने ग्रामीणों को नगद राहत का भी आश्वासन दिया है व गांव में सामूहिक भोज की एक माह जिम्मेवारी ली है। विधायक शौरी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि गांव को जल्द ही पुन: बसाया जाएगा, तथा सरकार और समाज दोनों के सहयोग से पुनर्निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ होंगे। उन्होंने स्थानीय जनता, सामाजिक संस्थाओं व समाजसेवियों से अपील की कि इस कठिन भौगोलिक क्षेत्र और आगामी शीतकालीन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए दिल खोलकर सहयोग करें।साथ ही विधायक शौरी ने समस्त क्षेत्रवासियों से आग्रह किया कि शुष्क मौसम में आगजनी की संभावनाओं को लेकर सतर्कता बरतें और किसी भी असामान्य स्थिति में तत्काल प्रशासन को

न्यूज ब्रीफ

सिक्योरिटी गार्ड के पदों को लेकर होंगे साक्षात्कार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, आनी। प्रभारी उप रोजगार कार्यालय आनी जिला कुल्लू ने कहा कि एसआईएस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड आरटीए हमीरपुर द्वारा उम्मीदवारों के लिए सिक्योरिटी गार्ड के पदों की भर्ती की मांग इस कार्यालय को अधिसूचित की गई है। उक्त भर्ती हेतु कैंपस साक्षात्कार उप रोजगार कार्यालय आनी मे आयोजित कराये जाएंगे। रिक्तियों के लिए आवश्यक योग्यता दसवी पास तथा आयु 19 से चालीस वर्ष के बीच होनी चाहिए। वेतनमान रुपए 17000 से 18000 मासिक होगा तथा नौकरी का कार्य स्थल हिमाचल और चंडीगढ़ है। योग्य उम्मीदवार अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजो सहित दिनांक 18 नवंबर को प्रातः 11 बजे उपरोजगार कार्यालय आनी में पहुंच कर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। उम्मीदवार हिमाचल प्रदेश के रोजगार कार्यालय में पंजीकृत हो और यदि पंजीकृत नहीं है, तो अपना पंजीकरण ऑनलाइन करवा लें तथा इंटरव्यू के लिए ऑनलाइन आवेदन करें। इच्छुक तथा योग्य उम्मीदवारो से अनुरोध है कि वो ऑनलाइन पंजीकरण के लिए विभाग के पोर्टल www.eemis.hp.nic.in पर जाएं। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय, कुल्लू 01902-222522 पर संपर्क करें।

आपदा प्रभावित पंचायत तलाड़ा को मिले 13 लाख

अनंत ज्ञान, सैंज। जिला कुल्लू की सैंज घाटी की ग्राम पंचायत तलाड़ा में आपदा प्रभावित परिवारों को शिमला के समाजसेवी सर्वजीत सिंह बॉबी के द्वारा 13 लाख नगद और 170 राशन किट दी गई। इससे आपदा प्रभावित परिवारों को बड़ा सहारा मिला है। ऐसे में अब तलाड़ा ग्राम पंचायत समाज सेवी सर्वजीत सिंह बॉबी का आभार व्यक्त करती है। तलाड़ा ग्राम पंचायत के प्रधान सुभाष ठाकुर ने बताया कि इस साल भारी बारिश से पंचायत में जहां 130 से अधिक मकान क्षतिग्रस्त हुए। तो वही अन्य कई आशिक रूप से मकान क्षतिग्रस्त हुए है। पंचायत में अधिकतर जमीने, बगीचे टूट चुके थे और सड़के बंद पड़ी थी। लोगों का बिजली, पानी भी बंद हो चुका था और खेतों में तैयार नगदी फसले नष्ट हो गई थी। जनता को आपदा में राशन की दिक्कत भी हो रही थी। ऐसे में समाज सेवी सर्वजीत सिंह बॉबी पंचायत में आपदा प्रभावितों की मदद के लिए आ गए। इसके अलावा अन्य कई समाजसेवी ने भी प्रभावित परिवारों की मदद की। जिसके चलते आज आपदा प्रभावत परिवारों का जीवन सामान्य हुआ है। ऐसे में आपदा प्रभावित परिवारों के साथ-साथ ग्राम पंचायत तलाड़ा सभी समाजसेवियों का आभार व्यक्त करती है।

जनजातीय क्षेत्र की संस्कृति में दिखाई गहरी रुचि

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। डॉ. अभिषेक जैन सचिव (वित्त, अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी तथा योजना) हिमाचल प्रदेश सरकार ने क्षेत्रीय संग्रहालय तथा पुस्तकालय केलांग का दौरा किया और जनजातीय क्षेत्र की संस्कृति, कला और साहित्य में गहरी रुचि दिखाई। उन्होंने संग्रहालय एवं पुस्तकालय के संचालन व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए, जिनमें पुस्तकालय में कंप्यूटर की व्यवस्था और पाठन क्षेत्र को विस्तारित करने की आवश्यकता को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। डॉ. जैन ने कहा कि आधुनिक तकनीक से पुस्तकालय को सुसज्जित करने से अनुसंधान एवं अध्ययन गतिविधियों में तेजी आएगी तथा विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने जनजातीय क्षेत्र के सांस्कृतिक संरक्षण को बढ़ावा देने तथा कलात्मक धरोहर के प्रचार-प्रसार के लिए संग्रहालय में नवीन प्रदर्शनी एवं शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव भी दिया। संग्रहालय में रखी दुर्लभ वस्तुओं एवं साहित्यिक कृतियों को सुरक्षित रखने के लिए उन्होंने रिकॉर्डिंग एवं डिजिटलीकरण को आवश्यक बताया और पुस्तकालय में अधिक जगह उपलब्ध कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। डॉ. जैन ने प्रतिपादित किया कि जनजातीय समाज की सांस्कृतिक विरासत को स्थानीय युवाओं और शोधार्थियों तक पहुंचाने के लिए विशेष योजनाएं बनाई जाएंगी। स्थानीय प्रशासन ने उनके सुझावों को अमल में लाने का आश्वासन दिया और बताया कि संग्रहालय एवं पुस्तकालय में सुधार की प्रक्रिया तेज़ी से शुरू की जाएगी।

26 नवंबर के प्रदर्शन को लेकर बनी रणनीति

अनंत ज्ञान, आनी। हिमाचल किसान सभा निरमंड ब्लॉक की बैठक निरमंड कार्यालय में हुई।

इसमें 26 नवंबर को प्रस्तावित प्रदर्शन की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में किसान सभा के जिला महासचिव देवकी नंद, ब्लॉक अध्यक्ष पूर्ण ठाकुर, परमिंदर और रंजीत ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों से खेती-बागवानी घाटे का सौदा बन गई है। मनरेगा में रोजगार की कमी, मजदूरी का अभाव और श्रमिक कल्याण बोर्ड से लाभ न मिलने पर भी नाराजगी जताई गई। नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार किसानों को बेदखल कर गरीबों को उजाड़ रही है। हालिया आपदा से प्रभावित परिवारों को अब तक मुआवजा न मिलने पर भी चिंता जताई गई। बैठक में रामपुर परियोजना प्रभावितों को 2017-18 के बाद एक प्रतिशत रॉयल्टी न मिलने का मुद्दा भी उठा। बैठक में परस राम, सन्नी राणा, हंसा, सुषमा, भागा देवी, कृष्णा देवी, लता, सीता, रमिला, नीरथ सिंह और गुलपाल सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

प्रदर्शन को लेकर चर्चा करते हुए किसान सभा के सदस्य।

किसान सभा और सीटू की चेतावनी

अनंत ज्ञान, आनी। सीटू आनी संयोजक पदम प्रभाकर ने कहा कि आनी क्षेत्र की तमाम ग्रामीण सड़कों को दुरुस्त कर बस सेवा तुरंत बहाल की जाए, अन्यथा 26 नवंबर को लोकनिर्माण विभाग कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। किसान सभा और सीटू आनी ने स्थानीय मांगों को लेकर एसडीएम आनी के माध्यम से मुख्यमंत्री सहित संबंधित विभागों को मांगपत्र सौंपा है। सभा ने बताया कि भारी बरसात के बाद करीब 75 दिन बीत चुके हैं, फिर भी अधिकांश सड़कों पर बस सेवा बहाल नहीं हुई है। करशाला और टीपर में चार बसें पिछले चार महीनों से फंसी पड़ी हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई रूट जैसे आनी-करशाला, आनी-बांशा, आनी-बिशल, आनी-दलाश और आनी-टिपर मार्ग अब भी बंद पड़े हैं।पदम प्रभाकर ने आरोप लगाया कि लोकनिर्माण और परिवहन विभाग पंगु हो चुके हैं। ग्रामीणों को छोटी गाड़ियों में महंगा किराया देना पड़ता है, कई जगहों पर गैस सिलेंडर की सप्लाई तक नहीं पहुंच पा रही। उन्होंने कहा कि सब्जी मंडी आनी और लुहरी बस स्टैंड निर्माण जैसे मुद्दे केवल घोषणाओं तक सीमित हैं।किसान सभा ने कोहिला के लिए रात्रि बस सेवा शुरू करने और जाओ-लढागी मार्ग पर पैरापिट व डंगे निर्माण की भी मांग की। सभा ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस की नव-उदारवादी नीतियों के कारण व्यवस्था चरमराई हुई है।

दामोठी-भरटी धार सड़क की बदहाल स्थिति पर लोगों में रोष

अनंत ज्ञान, बंजार

दामोठी भरटीधार सड़क की खस्ता हालत ने स्थानीय जनता को भारी मुश्किल में डाल दिया है। लगातार तीन वर्षों से इस सड़क पर कोई भी मरम्मत कार्य नहीं हुआ, जिसके चलते मार्ग दिन-प्रतिदिन जर्जर होता जा रहा है। स्थानीय युवा मंडल नरहा एवं मिहार सहित तांदी, शाच, दुगली और तुन क्षेत्र की पंचायतों ने लोक निर्माण विभाग बंजार से सड़क की त्वरित मरम्मत और बहाली की मांग की है।

ग्रामीणों के अनुसार, मिहार, नरहा और लतीपरी के बीच के स्थान अत्यंत खतरनाक बन चुके हैं। हाल ही में इसी मार्ग पर एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुआ, जिससे सड़क की खतरनाक स्थिति उजागर हुई है। सड़क पर जमी भारी मात्रा में मलबा और बंद पड़ी नालियों के कारण बरसात के दिनों में पानी सीधे सड़क पर बहता है, जिससे कटाव तेजी से बढ़ रहा है। यही नहीं, इस मार्ग पर चलने वाली एकमात्र बस सेवा 2023 से बंद है, जिससे विद्यार्थियों, बुजुर्गों और आम जनता को रोजाना टैक्सी का सहारा लेना पड़ता है।स्थानीय प्रतिनिधियों ने बताया कि चार पंचायतें पूरी तरह इस मार्ग पर निर्भर हैं, और इसके बंद रहने से एनएच-305 पर भी रोजाना जाम की स्थिति बन जाती है। स्कूल और कॉलेज के छात्रों को लगभग 10 किलोमीटर पैदल चलकर आना-जाना पड़ रहा है।युवा मंडल ने विभाग को चेतावनी दी है कि यदि तीन दिनों के भीतर मरम्मत कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, तो सभी प्रभावित पंचायतें लोक निर्माण विभाग के विरुद्ध शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगी।

एक दिन संगीत के नाम बच्चों ने मचाई धूम

अनंत ज्ञान, बंजार। नगर पंचायत बंजार के वार्ड नंबर 7 स्थित ग्रेट हिमालयन पब्लिक स्कूल बंजार के प्रांगण में एक दिन संगीत के नाम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समा बांध दिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पीटीए पदाधिकारी, अध्यापक वर्ग तथा अभिभावकगण विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम पहली बार विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया था। छात्रों ने कथक, सेमी-कथक, भरतनाट्यम, ओडिसी, डांडिया और वेस्टर्न डांस प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण ओडिसी नृत्य और संगीत विभाग द्वारा प्रस्तुत आर्केस्ट्रा रहा, जिसने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। प्रधानाचार्य बीरबल ठाकुर और पीटीए अध्यक्ष टेढ़ी सिंह नेगी ने छात्रों व अभिभावकों को संबोधित करते हुए बच्चों की प्रतिभा की सराहना की।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कार व सम्मान पत्र प्रदान किए गए। इस मौके पर पी.टी.ए. उपाध्यक्ष मीनाक्षी सर्वटा, सदस्य गंगा देवी, मनीषा, भूटा सिंह, ईश्वर चंद, डिंपल शर्मा, सहित अध्यापक वर्ग और अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

राजस्व गांवों में बोई गई फसलों के लिए खसरों/भूखंडों पर डिजिटल रूप से होगा सर्वे

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

डिजिटल फसल सर्वेक्षण के तहत हिमाचल प्रदेश राज्य के विभिन्न राजस्व गांवों में बोई गई फसलों के लिए खसरों/ भूखंडों (भूमि अभिलेखों के अनुसार) पर डिजिटल रूप से सर्वे किया जाएगा।

इस बारे में कृषि विभाग के कुल्लू जिले के उपनिदेशक डॉ. ऋतु गुप्ता ने बताया की मोबाइल इंटरफेस के माध्यम से फसल की बुवाई का विवरण एकत्र करने के लिए डिजिटलफसल सर्वेक्षण (डीसीएस) प्रणाली स्थापित की गई है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि डेटा सीधे खेत से प्राप्त किया जाए। इसके तहत कृषि विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा जारी निर्देशानुसार निजी सर्वेयर नियुक्त किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया की आवेदन के लिए संभावित निजी सर्वेक्षक की आयु 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए और उसके पास वैध आधार कार्ड और बैंक विवरण होना चाहिए। एटीएम/ बीटीएम/ पर्यवेक्षक, हिमाचल प्रदेशशिवा/ जिका/ एईओ आउटसोर्स/कृषि सखी/ पशु सखी/बेरोजगार बीएससी कृषि स्नातक, बागवानी स्नातक, वानिकी स्नातक/ एसएचजी/ पैक्स सचिव/ पटवारी/ पंचायती राज संस्था के प्रतिनिधि भी आवेदन कर सकते हैं। प्रत्येक सर्वेक्षण के लिए सर्वेक्षकों को प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित उपयुक्त प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार वेबसाइट https Ñ//hpdcs.agristack.gov.in/crop-survey-hp और केवल एंड्रॉइड फोन के लिए प्लेस्टोर पर उपलब्ध ऐप (DCS हिमाचल प्रदेश) पर पंजीकरण कर सकते हैं। उम्मीदवार को डिजिटल फसल सर्वेक्षण के दौरान डेटा संग्रह के लिए एंड्रॉइड फोन पर मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करने का ज्ञान होना चाहिए और हिमाचल प्रदेश के स्थानीय क्षेत्रों और भू-भाग से अच्छी तरह वाकिफ होना चाहिए। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपडेट के लिए नियमित रूप से वेबसाइट https Ñ//agriculture.hp.gov.in देखते रहें।

बिजली कर्मियों की सुरक्षा के लिए 'विंटर स्नो किट' हो उपलब्ध

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग। जिला परिषद सदस्य कुंगा बौद्ध ने लाहौल-स्पीति की डीसी किरण भड़ाना से आगामी सर्दियों को ध्यान में रखते हुए बिजली विभाग के फील्ड कर्मचारियों को विंटर स्नो किट और सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाने की मांग की है। कुंगा बौद्ध ने डीसी को भेजे ज्ञापन में कहा कि शीतकालीन मौसम के दौरान बिजली विभाग के तकनीकी कर्मचारियों को कठिन परिस्थितियों में कार्य करना पड़ता है। भारी बर्फबारी, शून्य से नीचे तापमान और दुर्गम इलाकों में बिजली आपूर्ति बनाए रखने के दौरान उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। उन्होंने मांग की है कि विभाग को जल्द ही स्नो ड्रेस, स्नो बूट, इंसुलेटेड दस्ताने, इंसुलेटेड टूल्स, सुरक्षा बेल्ट सहित अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाई जाए, ताकि कर्मचारी सुरक्षित व प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें। कुंगा बौद्ध ने डीसी से आग्रह किया कि इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर बिजली विभाग को सर्दियों से पहले सभी जरूरी उपकरण उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया तेज की जाए।

देव समाज में आक्रोश: 'देव आस्था' सर्वोपरि

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

कुल्लू में देव समाज महासंघ के बैनर तले देव सेवा संस्था के अध्यक्ष जय ठाकुर के नेतृत्व में देव समाज से जुड़े लोगों ने अपनी पुरातन देव परंपराओं की रक्षा और दशहरा उत्सव के बढ़ते व्यवसायीकरण के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया।

देव समाज ने स्पष्ट किया कि अब देवी-देवताओं और देव संस्कृति के अपमान पर पारंपरिक संघर्ष नहीं, बल्कि सीधे संघ बनाकर फैसला किया जाएगा। इसका अर्थ है कि अब देव आस्था के मामलों में कोई समझौता नहीं होगा। वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 1972 से 2025 तक कई घटनाओं में देवी-देवताओं की भावनाएं आहत हुई हैं। नग्गर 'जगती' की आवश्यकता इस बात का संकेत है कि देवभूमि में कुछ गंभीर रूप से गलत हो रहा है। समाज का आरोप है कि दशहरा उत्सव अब पैसा कमाने का साधन बन गया है और अपनी पवित्रता खो चुका है

देव परंपराओं की रक्षा व दशहरा उत्सव के बढ़ते व्यवसायीकरण के विरोध में प्रदर्शन किया।

इसलिए मांग की गई कि दशहरा को उसकी मूल परंपरा और देव संस्कृति के अनुरूप मनाया जाए। जय ठाकुर ने चेतावनी दी कि अब जो भी देवी-देवताओं या देव संस्कृति का अपमान करेगा, उसके खिलाफ संघर्ष नहीं बल्कि संघ का फैसला होगा।

उन्होंने कहा कि देवी-देवताओं से ऊपर कोई नहीं और अब त्वरित एवं संगठित कार्रवाई की जाएगी। ढालपुर ग्राउंड की भूमि पर भी सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि यह जगह रानियों द्वारा देवी-देवताओं को समर्पित की गई थी, न कि व्यापार के लिए। इस भूमि का उपयोग केवल देव आस्था की सेवा में होना चाहिए। उन्होंने युवाओं से देव संस्कृति की रक्षा में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की और नेताओं को चेताया कि देव समाज को राजनीति में न घसीटें। जय ठाकुर ने कहा कि सरकारें आती-जाती रहेंगी पर देव परंपराएं शाश्वत हैं। यह आंदोलन इस बात का संकेत है कि देवभूमि की जनता अब अपनी आस्था और संस्कृति से किसी भी प्रकार के खिलवाड़ को बर्दाश्त नहीं करेगी।

पुलिस पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने लंबित मांगों की उठाई आवाज

अनंत ज्ञान, आनी

पुलिस पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिला कुल्लू की बैठक मंगलवार को उपमंडल मुख्यालय आनी में आयोजित की गई।

इसमें जिले के ईनर व आऊटर सिराज के तीन उपमंडल बंजार, आनी व निरमंड यूनियन के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता पुलिस पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सेवानिवृत्त डीएसपी राम देव ठाकुर ने की। बैठक में पुलिस पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं व मांगों पर विचार-विमर्श किया गया और सरकार से उन्हें जल्द सुलझाने का आग्रह किया गया. इस मौके पर संघ के जिलाध्यक्ष राम देव ठाकुर ने कहा कि पुलिस पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन. एक गैर राजनीतिक संगठन है. जो सभी वर्गों को साथ लेकर. सेवानिवृत्ति के बाद अपने हक की लड़ाई लड़ रहा है। बैठक के दौरान सदस्यों ने पूर्व लंबित मुद्दों को दोहराते हुए अपनी मांगों को फिर से सरकार के समक्ष रखने की बात कही। प्रमुख मांगों में 11 प्रतिशत महंगाई भत्ते (डीए) के एरियर की अदायगी, छठे वेतन आयोग की सिफारिशों के तहत बकाया राशि के भुगतान तथा पेंशनर्स के चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलों के जल्द भुगतान की मांग शामिल रही। जिला अध्यक्ष रामदेव ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार के पास उनके कई वित्तीय मामले लंबित पड़े हैं, जिससे पेंशनर्स को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से, डीए के एरियर और छठे वेतन आयोग के बढ़े हुए वेतनमान का भुगतान अब तक नहीं किया गया है, जिससे सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिलों का भुगतान न होने के कारण वरिष्ठ पेंशनर्स को अपनी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए स्वयं खर्च उठाना पड़ रहा है, जिससे वे आर्थिक दबाव में हैं। सरकार अपने खर्चों में कटौती कर, प्रदेश के विकास की ओर ध्यान दे और पेंशनरों की लंबित बकाया राशि को जल्द से जल्द जारी करें, ताकि पुलिस पेंशनर्स को राहत मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि यदि सरकार उनकी मांगों को अनदेखा करती है, तो पेंशनर्स आगे की रणनीति तय करने के लिए मजबूर होंगे।

बैठक विकास कार्यों के प्राक्कलन बनाने से पूर्व स्वयं साइट का निरीक्षण अवश्य करें

लोगों के साथ तालमेल बिठाकर कार्य करें अधिकारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

कुल्लू के बचत भवन में मंगलवार को आनी, भुंतर, नग्गर, निरमंड, बंजार तथा कुल्लू के खंड विकास अधिकारियों, विभिन्न लाइन विभागों के अधिकारियों तथा तकनीकी सहायकों की बैठक हुई।

बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने की। इस दौरान विकास कार्यों तथा लंबित पड़े कार्यों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने एसडीआरएफ/एनडीआरएफ के कार्यों की प्राथमिकता को पुनर्निर्धारित करके शीघ्र स्वीकृति के लिए प्रस्तुत करने के निर्देश दिए तथा सभी बीडीओ/ जेई तथा तकनीकी सहायकों को कोई भी एस्टीमेट बनाने से पहले साइट का निरीक्षण करने तथा सभी लम्बित कार्यों को आगामी पंचायत चुनावों से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए।उन्होंने आदर्श ग्राम योजना में पूर्ण कार्यों के उपयोगिता प्रमाण पत्र शीघ्र प्रेषित करने को कहा तथा गतिमान कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि

बैठक के दौरान अधिकारियों से चर्चा करती हुई डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश।

पंचायत घरों के निर्माण, आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण, शौचालय निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना, पंचायत निरीक्षण, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन तथा संचालन, तरल कचरा प्रबंधन, ठोस कचरा प्रबंधन, एनआरएलएम के अतर्गत स्वयं सहायता समूह के लोन की बैंक लिंकेज की प्रगति को बढ़ाना, हिम ईरा कैंटीन के निर्माण, संवाद ग्राम सेवा योजना, मुख्यमंत्री लोक भवन निर्माण एवं मनरेगा से कार्यों को पूरा करने में द्रुत गति से आगे बढ़ें। सभी खंड विकास अधिकारियों को लोगों के साथ तालमेल बिठाकर कार्य करने के निर्देश दिए।

उन्होंने मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत खेल मैदान के लिए प्रत्येक विधानसभा के लिए एक बेहतरीन खेल मैदान बनाने की सभी औपचारिकताएं शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए।उन्होंने नई पंचायत घर के निर्माण के कार्यों को 15 में वित्त आयोग के अंतर्गत विकास कार्यों को द्रुत गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि अभी तक 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत 62 फीसदी का व्यय का लक्ष्य जिला में पूर्ण हुआ है जिसको शत प्रतिशत करने की आवश्यकता है। उन्होंने ई - परिवार सत्यापन तथा मवेशियों के सत्यापन की प्रक्रिया को भी तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए।इसके साथ ही उन्होंने पंचायत के निर्वाचित प्रतिनिधियों पर चल रही जांच तथा रिकवरी की प्रक्रिया को भी तेजी से पूर्ण करके संपन्न करने की निर्देश दिए। बैठक का संचालन परियोजना अधिकारी जिला ग्रामीण विकास अभिकरण दया राम ने किया। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्वनी कुमार, जिला राजस्व अधिकारी डॉ. गणेश भी उपस्थित रहे।

एचपीएमसी खरीद केंद्र बंद होने से लाहौल के बागवानों को भारी नुकसान

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

हिमाचल प्रदेश बागवानी उपज विपणन और प्रसंस्करण निगम के खरीद केंद्रों को समय से पहले बंद कर दिए जाने के कारण लाहौल घाटी के सेब उत्पादक किसान गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं।

कुल्लू फलोत्पादक मंडल के प्रधान प्रेम शर्मा ने जारी एक प्र

न्यूज ब्रीफ

अच्छी नस्ल की गायों, बछड़ों की होगी नीलामी

अनंत ज्ञान, नाहन। सिरमौर जिले के पशुपालकों व किसानों के लिए एक बेहतरीन मौका सामने आया है। आदर्श केंद्रीय कारागार, नाहन के डेयरी फार्म में पशुओं की बंपर नीलामी का आयोजन किया जा रहा है। कारागार प्रशासन ने सूचित किया है कि जेल के डेयरी फार्म में मौजूद अच्छी नस्ल की दुधारू गायों, बछियों और बछड़ों की नीलामी की जाएगी। कारागार अधीक्षक, भानु प्रकाश शर्मा द्वारा जारी सूचना (क्रमांक 8845) के अनुसार, यह नीलामी आगामी 15 नवंबर को प्रातः 11:30 बजे आदर्श केंद्रीय कारागार, नाहन के परिसर में शुरू की जाएगी। नीलामी में शामिल किए जा रहे पशु उत्तम नस्ल के हैं, खासकर दुधारू गाएं, जो डेयरी फार्मिंग के इच्छुक व्यक्तियों के लिए बेहतरीन साबित हो सकती हैं। अधीक्षक भानु प्रकाश शर्मा ने बताया कि बोली प्रक्रिया में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्तियों को कुछ महत्वपूर्ण शर्तें उसी समय बताई जाएंगी। हालांकि, सबसे जरूरी शर्त यह हैं कि बोली विजेता को बोली की पूरी राशि उसी समय जमा करवानी होगी। कारागार प्रशासन ने सिरमौर और आसपास के क्षेत्रों के सभी इच्छुक पशुपालकों व किसानों से आह्वान किया कि वे निर्धारित तिथि व समय पर जेल परिसर में पधारकर इस नीलामी प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। यह नीलामी उच्च नस्ल के पशुधन प्राप्त करने का एक शानदार अवसर है।

ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर जिला पुलिस सख्त

अनंत ज्ञान, नाहन। मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक सिरमौर ने बताया कि यह अभियान जनसुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार जारी रहेगा। पुलिस थाना रेणुका जी क्षेत्र में एक युवक के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी तपेंद्र सिंह निवासी कोलार, पांवटा साहिब जलाल नदी के पास तेज रफ्तार व लापरवाही से मोटरसाइकिल चलाते हुए स्टंट कर रहा था। स्थानीय निवासी राजेंद्र निवासी तिरमाली, ददाहू के बयान पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। जांच जारी है जिला पुलिस ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों को सभ्य, नियंत्रित व सुरक्षित तरीके से चलाएं, ताकि स्वयं व अन्य लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। पुलिस ने कहा कि भविष्य में भी कानून तोड़ने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कानूनगो से मारपीट का मामला दर्ज

अनंत ज्ञान, अर्की। पुलिस स्टेशन अर्की में मारपीट का मामला दर्ज हुआ है। पुलिस के अनुसार विनय कुमार पुत्र स्व. राम प्रताप शर्मा निवासी वीपीओ घडसी ब्रह्मणा, डाकघर तहसील कसौली क्षेत्रीय कानूनगो अर्की कार्यरत तहसील कार्यालय ने शिकायत दर्ज करवाई कि यह क्षेत्रीय कानूनगो अर्की के पद पर तैनात है। गत दिवस ज्योही वह पटवार खाना बखालग पहुंचा, तो पटवार खाना में कार्यरत पटवारी देवेंद्र कुमार ने बिना किसी कारण गाली गलौज के साथ इसके मुंह पर मुक्के मारने शुरू कर दिए। इस कारण इसे चोट लगी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

सेवानिवृत्त एसोसिएशन ने मांगे लंबित भत्ते

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सेवानिवृत्त एसोसिएशन दाड़लाघाट व नम्होल यूनिट की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कमल ठाकुर ने की। बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों, इनमें बकाया महंगाई भत्ता, लीव इन कैशमेंट, ग्रेच्युटी व मेडिकल रिइम्बर्समेंट बिलों का जल्द भुगतान शामिल है, उसको लेकर बोर्ड प्रबंधन से आग्रह किया कि इनका निपटारा जल्द किया जाए। अध्यक्ष प्रेम केशव ने बताया कि बैठक में यह भी निर्णय लिया कि 9 दिसंबर को पेंशन दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसी अवसर पर एसोसिएशन की पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। समारोह के दौरान वरिष्ठ सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक के अंत में अध्यक्ष प्रेम केशव ने सभी सेवानिवृत्त सदस्यों से अपील की कि वे पेंशन दिवस समारोह में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस अवसर पर कमल, लता, परसराम, सुखराम, कृष्णु राम, कालिदास, कुलदीप कुमार, किशोर कुमार, दित्तु राम, सुहारु राम, प्रेमलाल, राजूराम, रुद्र बहादुर, पार्वती, विजय, प्रेम केशव सहित अन्य मौजूद रहे।

सांस्कृतिक प्रतियोगिता में अव्वल रहे स्टूडेंट्स सम्मानित

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में प्रातःकालीन सभा के दौरान प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर की अध्यक्षता में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मंच संचालन वरिष्ठ प्रवक्ता महेंद्र पाल कौंडल ने किया। उन्होंने जानकारी दी कि राज्य स्तरीय छात्र-छात्रा सांस्कृतिक प्रतियोगिता, जो हाल ही में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंबोया, जिला सिरमौर में आयोजित हुई, उसमें विद्यालय का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। कार्यक्रम में राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों व संगीत प्रवक्ता नरेंद्र कुमार का फूल-मालाओं और हार पहनाकर स्वागत व अभिनंदन किया। विद्यालय ने इस प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में संस्कृत गीतिका, संस्कृत श्लोक उच्चारण और समूह गान प्रतियोगिता में जिला सोलन का प्रतिनिधित्व किया। इन प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए जमा दो के छात्र धीरज ने संस्कृत गीतिका में तथा जमा दो के छात्र दीक्षित ने संस्कृत श्लोक उच्चारण में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि इस सफलता का श्रेय संगीत प्रवक्ता नरेंद्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन व विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत को जाता है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

ताइक्वांडो प्रतियोगिता में महक ने झटका स्वर्ण

अनंत ज्ञान, राजगढ़। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा हाल ही में राजकीय कन्या महाविद्यालय शिमला में अंतर महाविद्यालय ताइक्वांडो प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ की महक शर्मा ने 46 वर्ग किलोग्राम में स्वर्ण पदक प्राप्त किया, जबकि रोहित ने 66 वर्ग किलो में रजत पदक व शुभम ने 54 वर्ग किलोग्राम में कांस्य पदक प्राप्त किया। कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्य राजेंद्र वर्मा ने स्टाफ व बच्चों सहित खिलाड़ियों का फूलमालाओं के साथ स्वागत किया । प्राचार्य ने इस उपलब्धि के लिए खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि कॉलेज के मेधावी खिलाड़ियों ने राजगढ़ क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उन्होने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कड़ी मेहनत एवं अनुशासन जीवन में लाने का आवाहन किया।

विस उपाध्यक्ष 13 व 14 को सिरमौर के प्रवास पर

अनंत ज्ञान, नाहन। हिमाचल प्रदेश विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार 13 व 14 नवंबर को जिला सिरमौर के प्रवास पर रहेंगे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि विधानसभा उपाध्यक्ष 13 नवंबर को रेणुका विधानसभा क्षेत्र के गताधार में लोगों से मिलेंगे। उपाध्यक्ष 14 नवंबर को लुधियाना में क्षेत्र की जनता से मिलने के उपरांत दोपहर बाद बागथन में जिला स्तरीय बाल दिवस मेला बागथन के समापन अवसर पर मुख्यातिथि होंगे।

सपरून में अधूरा फुटपाथ राहगीरों के लिए खतरा

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

सोलन। नगर निगम और ठेकेदार की कार्यप्रणाली से सपरून में आधा अधूरा फुटपाथ राहगीरों के लिए खतरा बन चुका है। निर्माण कार्य अधर में होने के बावजूद इससे पुराने रास्ते से जोड़ दिया है। ऐसे में राहगीर रास्ता समझकर निर्माणाधीन रास्ते में निकल पड़ते हैं पर इसके बीच में पुलिया निर्माण को लोहे के एंगल लगाए गए हैं। राहगीर पीछे हटने के बजाए जोखिम उठाकर एंगल से होकर गुजर रहे हैं, ऐसे में अनहोनी होने पर नगर निगम और ठेकेदार जिम्मेदारी होनी चाहिए। वहीं, करीब 20 लाख खर्च होने के बावजूद यह कार्य अधर में है यदि किन्ही कारणों से कार्य लंबित है, तो इसमें लोगों की सुरक्षा हेतु सूचना बोर्ड लगाया जाना चाहिए।

सपरून में अधूरे फुटपाथ से जोखिम उठाकर गुजरते लोग।

> **सपरून** में फुटपाथ और पार्किंग निर्माण में अंतिम चरण में चल रहा है। फुटपाथ का निर्माण जल्द पूरा करने व पार्किंग के टेंडर लगाने के लिए नगर निगम से आग्रह किया गया है।
>
> **राजीव कौड़ा, पार्षद व पूर्व डिप्टी मेयर, नगर निगम सोलन।**

वाहनों के रश के बीच चलने को मजबूर

स्थानीय वार्ड 13 और 14 के वासियों को उम्मीद थी कि दिवाली तक यह कार्य पूरा हो जाएगा पर ऐसा संभव नहीं हुआ। फुटपाथ की कमी से लोगों को जान जोखिम में डालकर वाहनों के रश के बीच चलने को मजबूर होना पड़ता है। कार्य में देरी का मुख्य कारण बजट बताया जा रहा है। बता दें कि सपरून में वार्ड 14 के पार्षद व पूर्व डिप्टी मेयर राजीव कौड़ा प्रयासों से पार्किंग, फुटपाथ और वाटर स्टोरेज टैंक का निर्माण किया जा रहा है। इन कार्यों में 50 लाख से अधिक राशि खर्च होगा। यदि समय रहते सपरून में फुटपाथ बने, तो शहर के चार वार्डों के लोगों को सुविधा मिलेगी। वार्ड-14 की हाउसिंग कॉलोनी, कमल ऑर्चर्ड सोसायटी, वार्ड-13 का क्लीन, सपरून पंचायत, वार्ड -16 का रबोन, आंजी तथा वार्ड -1 का देउंघाट सहित बाहर से आने वाले यात्रियों की आवाजाही सुगम होगी। इसी मार्ग से रोज उप नगरों और आसपास के गांव से सैकड़ों की संख्या में लोग सोलन शहर पहुंचतेहैं।

दो मंत्रियों की मौजूदगी में हुआ था शिलान्यास

19 जनवरी, 2025 स्थानीय विधायक व मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और लोक निर्माण और शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने 30 लाख रुपए से निर्मित किए जाने वाले बाइपास सपरून पर शहीद स्मारक पार्क, 20 लाख रुपए से निर्मित किए जाने वाले बाईपास सपरून फुटपाथ के निर्माण कार्य और 8.08 लाख रुपए से लगभग बाई पास सपरुन में पार्किंग के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी थी, तब दोनों मंत्रियों ने इस कार्य को समय सीमा पर पूरा करने के निर्देश दिए थे पर शिलान्यास के 10 महीने बीत जाने इतना समय बीत जाने पर भी नगर निगम इन कार्यो को पूरा नहीं कर पाया है।

बद्दी के होटल में खाने में निकला कॉकरोच, हुआ हंगामा

अनंत ज्ञान, बद्दी

बद्दी के होटल आई स्केयर के खाने में कॉकरोच निकलने के बाद जमकर हंगामा हुआ।

स्थानीय निवासी ने मामले के बाद खाद्य आपूर्ति विभाग सोलन को शिकायत भेजकर जांच व कार्रवाई की मांग उठाई है। इससे पहले भी बद्दी के कई होटलों में ऐसे मामले सामने चुके हैं। शिकायत में हरीश कुमार निवासी सराजमाजरा वार्ड 3, बद्दी ने बताया के बीते कल 10 नवंबर को मैं अपने दोस्तों के साथ बद्दी के होमलैंड माल स्थित आई स्केयर होटल में गया था। जब हम लोग होटल के बार में बैठे थे, उस समय आसपास मक्खी मच्छर ओर कीड़े हमें दिखे। हम ने बार स्टाफ से बकायदा शिकायत की कि यहां मक्खी मच्छर व कीड़े घूम रहे हैं इनका कुछ कीजिये या हमें मच्छर मारने वाला रैकेट दे दो, लेकिन बार स्टाफ ने हमारी शिकायत को अनसुना कर दिया ओर कोई ध्यान नहीं दिया। बार में बैठने के बाद हम लोग होटल आई स्केयर के रेस्टोरेंट में गए ओर खाना ऑर्डर किया। तभी हमने खाना शुरू ही किया था कि पनीर की सब्जी से एक कॉकरोच निकला। इस पर हम ने रेस्टोरेंट स्टाफ को मौके पर बुलाया, लेकिन जैसे ही उन्हें पता चला खाने में कुछ था, तो वह मौके से भाग गए। फिर हम ने आई स्केयर होटल के जीएम को बुलाया ओर शिकायत की, लेकिन उनका रवैया हैरान करने वाला था। होटल के जीएम अली ने कहा ये खाने में कॉकरोच निकलना आम बात है और गलती मानने की बजाए उन्होंने कहा कि खाना खा लो ऐसी बातें करते हुए दुर्व्यवहार किया। शिकायत में हरीश कुमार ने खाद्य आपूर्ति विभाग से होटल के किचन, शराब बार व रेस्टोरेंट की जांच कर सेम्पिंग करने की गुहार लगाई है। हरीश ने कहा कि यह लोग लोगों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं ओर लापरवाही के बाद भी कस्टमर से दुर्व्यवहार करने से नहीं चूक रहे। ऐसे होटलों के जांच कर इन पर नकेल कसी जाए। उधर इस बारे होटल के जीएम अली ने आरोपों को नकारते हुए कहा कि सारे प्रकरण की कैमरा टीम से जांच करवाई जा रही है, जबकि फूड इंस्पेक्टर सोलन अनुज कुमार का कहना है शिकायत के आधार पर जांच व कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

40 हजार करोड़ कर्ज लेने के बाद भी विकास कार्य ठप

डॉ. बिंदल बोले, भाग रही है कांग्रेस सरकार अपनी जिम्मेदारियों से

अनंत ज्ञान, नाहन

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार पर जनता के प्रति जवाबदेही से भागने का गंभीर आरोप लगाया है। डॉ. बिंदल मंगलवार को नाहन में भाजपा माता त्रिलोकपुर मंडल की संगठनात्मक बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि 2022 में जनता ने कांग्रेस को सत्ता सौंपी, लेकिन इस सरकार के तीन साल पूरे हो गए हैं और मुख्यमंत्री व मंत्रियों ने आज तक प्रदेश के जनमानस की सुध नहीं ली है। डॉ. बिंदल ने कांग्रेस नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि वे लगातार भाजपा को कोसकर एक नया नेरेटिव बनाने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि जनता ने उन्हें दायित्व दिया है और उनसे अपेक्षा करती है कि वे उनकी चिंता करें। उन्होंने कांग्रेस की गारंटियों पर सवाल खड़े करते हुए पूछा कि कहाँ गए पाँच लाख रोजगार और बहनों के 1500 रुपये?

नाहन पहुंचे डॉ. राजीव बिंदल का स्वागत करते पार्टी कार्यकर्ता।

उन्होंने कहा कि जनता ने एक लाख सरकारी नौकरी की उम्मीद में सरकार बनाई, मगर आज बेरोजगार युवक सड़कों पर नारे लगाने को मजबूर हैं। इसी तरह, जिन 28 लाख बहनों ने कांग्रेस को सत्ता की चाबी सौंपी थी, वे आज भी 1500 रुपये के इंतजार में हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि किसान, बागवान, युवा, मजदूर, कर्मचारी, और पैंशनर्स सभी सरकार की बेरुखी से त्रस्त हैं, जबकि कांग्रेस सरकार अपने आनंद में मस्त है। उन्होंने संस्थानों को बंद करने को हिमाचल प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार के इतिहास का सबसे बड़ा काला अध्याय बताया। डॉ. बिंदल ने कहा कि डेढ़ लाख सरकारी पदों को समाप्त करके बेरोजगार युवाओं के साथ अन्याय किया गया है।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि प्रदेश की जनता जानना चाहती है कि सत्ता में आने के लिए दी गई गाहरंटियां पूरी क्यों नहीं हो रही हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि 40 हजार करोड़ रुपये का कर्ज लेने के बावजूद भी प्रदेश में विकास कार्य ठप क्यों हैं, और स्कूल, कॉलेज, अस्पताल जैसे सरकारी संस्थान क्यों बंद हो रहे हैं। डॉ. बिंदल ने कहा कि इन सभी सवालों के जवाब कांग्रेस सरकार को देने ही पड़ेंगे।

हिमाचल छात्रवृत्ति घोटाले के मास्टरमाइंड रजनीश बंसल फरार, अपराधी घोषित

एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान

नाहन। हिमाचल प्रदेश के बहुचर्चित छात्रवृत्ति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की विशेष अदालत ने कालाअंब स्थित हिमालयन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रबंध निदेशक रजनीश बंसल को उद्घोषित फरार अपराधी घोषित कर दिया है। अदालत ने यह फैसला इसलिए लिया क्योंकि बंसल लगातार समन की अवहेलना करते हुए अदालत की कार्यवाही से बचते रहे।

ईडी की ओर से उनके खिलाफ पांच समन जारी किए गए थे, लेकिन वे 6 फरवरी, 2025 को भी उपस्थित नहीं हुए। ईडी ने 29 जनवरी, 2025 को मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत बंसल के पंचकूला स्थित घर पर छापा मारा था, जिसमें उनके भाई को गिरफ्तार किया गया था। रजनीश बंसल की अंतरिम जमानत याचिका पहले ही अदालत द्वारा खारिज की जा चुकी थी। इसके बाद 12 मार्च, 2025 को न्यायालय ने उनके खिलाफ ओपन-एंडेड गैर-जमानती वारंट जारी किया था। आदेशानुसार उद्घोषणा की प्रतियां उनके कुरुक्षेत्र निवास, कालाअंब स्थित संस्थान और शिमला अदालत के नोटिस बोर्ड पर चस्पां की गईं। हालांकि, कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि उन्हें कोई नोटिस नहीं मिला, फिर भी अदालत ने माना कि आरोपी जानबूझकर कार्यवाही से बच रहा है। अदालत ने निर्देश दिए कि बंसल का नाम ईडी के फरार आरोपियों की सूची में दर्ज किया जाए, जिससे अब उनकी संपत्तियों की कुर्की और नीलामी का रास्ता साफ हो गया है। यह मामला वर्ष 2014-15 के छात्रवृत्ति घोटाले से जुड़ा है, जिसमें अधिकारियों व निजी विश्वविद्यालय संचालकों की मिलीभगत से करोड़ों रुपए हड़पे गए थे। यह मामला 2018 में दर्ज हुआ था, जिसे 2019 में सीबीआई को सौंपा गया। 8 अप्रैल, 2024 को सीबीआई ने रजनीश को गिरफ्तार किया था पर बाद में उन्हें जमानत मिल गई। ईडी 19 जुलाई 2019 से इस प्रकरण में धन शोधन की जांच कर रहा है।

52 ग्राम चरस के साथ पकड़ा व्यक्ति

अनंत ज्ञान, नाहन। पांवटा साहिब में सड़क पर एक दुकान के बहार खड़े व्यक्ति के कब्जे से पुलिस ने शक के आधार पर उसके केरी बैग से 52 ग्राम चरस बरामद की। आरोपी को हिरासत में लेकर एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है। एसपी सिरमौर एनएस नेगी ने बताया कि पुलिस थाना पुरुवाला की पुलिस टीम ने गश्त के दौरान राजपुर बाजार में एक दुकान के पास सड़क किनारे खड़े एक व्यक्ति को शक के आधार पर उसकी तालशी ली। एसपी ने बताया कि आरोपी रजत शर्मा पुत्र खतरी राम निवासी गांव बनौर तं. पांवटा साहिब अपने दाहिन दाहिने हाथ मे उठाए कैरी बैग अंदर एक पोलीथीन लिफाफा के अंदर बतीनुमा काले रंग का पदार्थ चरस कुल वजन 52 ग्राम बरामद हुआ। आरोपी को पुलिस रिमांड के लिए अदालत में पेश किया जा रहा है।

शिलाई के पूर्व विधायक बलदेव तोमर के विकास की चर्चा रेणुका में : रावत

अनंत ज्ञान, नाहन

सिरमौर भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान करते हुए कहा कि शिलाई के पूर्व विधायक बलदेव सिंह तोमर के विकास की चर्चा से संबंधित वीडियो इन दोनों सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रही है।

रावत ने बताया कि पिछले दिनों शौर्य चक्र से सम्मानित मेरी स्वर्गीय चाची संदला देवी की रेणुका विधानसभा चुनाव क्षेत्र के गांव सागंना में धर्मशांत थी। इस मौके पर बहुत सारे मेहमान आए थे मेहमान एवं गांव के लोग इस अवसर पर आपस में विकास की चर्चा करने लगे, जिसमें कुछ लोग कह रहे थे कि कांग्रेस सरकार पांवटा से शिलाई के लिए बहुत अच्छा सड़क संपर्क मार्ग बना रहे हैं। इस पर संगडाह के प्रतिष्ठित व्यक्ति रणदीप ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार नहीं यह सड़क संपर्क मार्ग पूर्व विधायक बलदेव सिंह तोमर की देन है, जिन्होंने इस सड़क संपर्क मार्ग बनाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के माध्यम से केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से इस राष्ट्रीय उच्च मार्ग बनाने के लिए पैसा स्वीकृत करवाया है। रणदीप ने इस चर्चा के दौरान यह भी कहा कि अगर बलदेव सिंह तोमर विधानसभा चुनाव के दौरान रेणुका नहीं आते, तो वह अपना चुनाव भी जीत जाते। पूर्व विधायक बलदेव तोमर ने विकास के साथ-साथ गिरि पार क्षेत्र की जनता को एसटी का दर्जा भी दिलाया है, जो गिरि पार क्षेत्र की जनता को कभी नहीं मिल सकता था। इसके लिए गिरिपार क्षेत्र की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर एवं शिलाई के पूर्व विधायक बलदेव सिंह तोमर की आजीवन आभारी है।

खो-खो विश्व कप विजेता टीम की सदस्य नीता को सरकार दे पुरस्कार: चंबयाल

अनंत ज्ञान, कंडाघाट। हाल ही में विश्व कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की हिस्सा रही रोहड़ू की रेणुका ठाकुर को प्रदेश सरकार ने एक करोड़ के ईनाम की घोषणा की। इसी तर्ज पर मान्यता प्राप्त खेल खो-खो में इसी साल जनवरी में विश्व कप विजेता भारतीय महिला टीम का हिस्सा रही जिला कुल्लू के खराल गांव की खिलाडी नीता राणा को सरकार ने कोई पुरस्कार नहीं दिया। सरकार को मान्यता प्राप्त खेलों के खिलाडियों से भेदभाव नहीं करना चाहिए यह बात प्रदेश हॉकी संघ के पूर्व सह सचिव और बॉक्सिंग संघ सोलन के कार्यकारी अध्यक्ष रणधीर चम्बयाल ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कही ।उन्होंने कहा की सरकार को सभी खेलों के खिलाडियों को समान रूप से प्रोत्साहित करना को सरकार नकद राशि के साथ नौकरी देने की घोषणा करें।

ठाकुर सूरत सिंह मेमोरियल वॉलीबाल टूर्नामेंट शुरू

अनंत ज्ञान, राजगढ़

राजगढ़ के नेहरू मैदान में पीच वैली वॉलीबाल क्लब राजगढ़ द्वारा आयोजित स्वर्गीय ठाकुर सूरत सिंह मेमोरियल वॉलीबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ अर्जुन अवार्डी एवं पूर्व अंतरराष्ट्रीय वॉलीबाल खिलाड़ी अमीर सिंह ने किया।

उनके साथ अंतरराष्ट्रीय वॉलीबाल कोच पीएस चौहान, मोहन नगरोटा, तथा राजगढ़ क्षेत्र की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कुंजना ठाकुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं ।शुभारंभ अवसर पर अमीर सिंह ने कहा कि उन्हें लगभग 11 वर्षों तक देश का प्रतिनिधित्व करने का गौरव प्राप्त हुआ है। उन्होंने पीच वैली वॉलीबाल क्लब को इस प्रतियोगिता के आयोजन के लिए बधाई और शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों में भी वॉलीबाल खेल के प्रति गहरी रुचि है और इस प्रकार की प्रतियोगिताएं ग्रामीण

अर्जुन अवार्डी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अमीर सिंह खिलाड़ियों के साथ।

प्रतिभाओं को निखारने का कार्य करती हैं। अमीर सिंह ने आयोजकों को अपनी ओर से 51 हजार की राशि प्रदान की ।प्रतियोगिता के संयोजक सतीश ठाकुर ने बताया कि यह तीन दिवसीय टूर्नामेंट हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों की टीमों के बीच लीग आधार पर खेला जा रहा है। विजेता टीम को 51हजार, उपविजेता को 31 हजार तथा तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 21 हजार का नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। सचिव भूपेंद्र चौहान ने जानकारी दी कि पहले दिन खेले गए मुकाबलों में जिला सिरमौर की टीम ने स्पोर्ट्स हॉस्टल ऊना को 20-25, 25-8, 25-19 और 25-18 से हराया, जबकि जिला हमीरपुर की टीम ने शिमला को सीधे सेटों में 25-14, 25-19 और 25-16 से पराजित किया ।समापन समारोह में वॉलीबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

52 स्वयंसेवी प्री-आरडी के लिए चयनित

वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कंडाघाट में राज्य स्तरीय एनएसएस युवा नेतृत्व शिविर का सफल समापन।

प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान

कंडाघाट। वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कंडाघाट में आयोजित पांच दिवसीय राज्य स्तरीय एनएसएस युवा नेतृत्व शिविर का समापन समारोह मंगलवार को आयोजित किया गया।

इस शिविर में जिला सोलन और सिरमौर के 152 विद्यालयों से कुल 304 छात्र और छात्रा स्वयंसेवियों ने भाग लिया। इनमें से 26 छात्र और 26 छात्रा स्वयंसेवक आगामी प्री-आरडी स्तर के शिविर के लिए चयनित किए गए। समापन समारोह में नायब तहसीलदार खेम चंद वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य कुलदीप सूर्या ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि शिविर के दौरान प्रतिभागियों में युवा नेतृत्व, अनुशासन, सेवा भावना और राष्ट्रीय चेतना का अद्भुत समन्वय देखने को मिला, जो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि एनएसएस युवाओं को राष्ट्र निर्माण की दिशा में तैयार करने वाला एक सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवियों ने एकल नृत्य, पंजाबी गिद्धा, सिरमौरी नाटी और सोलो गीत जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सोलन जिले के समन्वयक डॉ. भट्टी ने शिविर की पांचों दिनों की गतिविधियों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया।

उन्होंने बताया कि व्यक्तित्व विकास सत्र, नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यशालाएं, आपदा प्रबंधन एवं प्राथमिक उपचार, सामाजिक उत्तरदायित्व पर समूह कार्य, प्लॉग रन, स्वच्छता अभियान, टीम बिल्डिंग एवं सांस्कृतिक विविधता कार्यक्रम जैसी गतिविधियों के आधार पर 52 स्वयंसेवियों का चयन राज्य स्तर से प्री-आरडी शिविर के लिए किया गया। कार्यक्रम पर्यवेक्षक राहत कुमार गौतम ने कहा कि शिविर में अनुशासन, संगठन और सहभागिता का स्तर अत्यंत उत्कृष्ट रहा।

मुख्य अतिथि खेम चंद वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि एनएसएस केवल एक संगठन नहीं, बल्कि सेवा और राष्ट्र निर्माण की सशक्त धारा है। यहां जो अनुशासन, नेतृत्व और ऊर्जा दिखाई दी है, वही आने वाले सशक्त भारत की नींव बनेगी।

समारोह मलावन में नेहरू युवक मंडल की खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

हिम अकादमी नम्होल बना विजेता

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट

नेहरू युवक मंडल मलावन के सौजन्य से गांव मलावन में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व जिला परिषद सदस्य दाड़लाघाट रामकृष्ण शर्मा ने किया, जबकि सेवक संघ हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष चुन्नीलाल विशिष्टातिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्यातिथि रामकृष्ण शर्मा ने खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया तथा सफल आयोजन के लिए 11,000 रुपए की राशि बतौर सहयोग प्रदान की। प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला हिम अकादमी नम्होल और शिमला-7 के बीच खेला गया, जिसमें हिम अकादमी नम्होल विजेता रही। समापन समारोह में अर्की विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय अवस्थी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। युवा मंडल अध्यक्ष पुनीत बंसल ने उन्हें शॉल और टोपी पहनाकर सम्मानित किया।

अर्की विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय अवस्थी खिलाड़ियों के साथ।

विधायक अवस्थी ने विजेता टीम को 10,000 रुपए और उपविजेता टीम को 6,000 रुपए की राशि तथा ट्रॉफी प्रदान की। इस दौरान युवा मंडल के मुख्य सलाहकार हेमराज ने विधायक को गांव की विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया। विधायक संजय अवस्थी ने समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने की घोषणा करते सामुदायिक भवन के लिए 5 लाख, स्कूल के खेल मैदान के लिए 3 लाख, गांव में 10 सोलर लाइटें लगाने, युवा मंडल को कबड्डी मैट देने, मलावन-बणी सड़क मार्ग और पंप हाउस मार्ग के लिए धनराशि उपलब्ध कराने, हंस फाउंडेशन की एंबुलेंस के सुचारु संचालन तथा महिला मंडल भवन के लिए 1 लाख देने की घोषणा की।

विधायक ने निजी तौर पर युवा मंडल मलावन को 21,000 रुपए की आर्थिक सहायता देने की भी घोषणा की। कार्यक्रम के अंत में युवा मंडल के महासचिव भगत सिंह ने विधायक संजय अवस्थी और सभी अतिथियों का आभार जताया।

शूलिनी विलेज में छात्रावास ब्लॉक की रखी आधारशिला

अनंत ज्ञान, सोलन

शूलिनी विश्वविद्यालय ने अपने परिसर में फाउंडेशन फॉर लाइफ साइंसेज एंड बिजनेस मैनेजमेंट की अध्यक्ष सरोज खोसला का 85वां जन्मदिन पर शूलिनी विलेज में नए छात्रावास ब्लॉक की आधारशिला रखी। साथ ही सिल्ब अध्यक्ष सरोज खोसला का जन्मदिन गर्मजोशी व हर्षोल्लास के साथ मनाया।

यह अवसर न केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि थी, बल्कि शिक्षा व संस्थागत विकास में उनके निरंतर योगदान के लिए कृतज्ञता और प्रशंसा का भी क्षण

न्यूज ब्रीफ

प्रदर्शनी मैच से राष्ट्रीय अभियान की शुरुआत

अनंत ज्ञान, मोहाली। भारत की सबसे बड़ी ग्रासरूट टेनिस बॉल बॉक्स क्रिकेट लीग गली मोहल्ला क्रिकेट लीग (जीएमसीएल) ने दिल्ली राज्य में एक भव्य प्रदर्शनी मैच के साथ अपने राष्ट्रीय अभियान की शुरुआत की। यह मैच चौधरी मांगे राम बॉक्स क्रिकेट वेंचर, बद्दी रोड पर खेला गया। इस मैच में, 15 वर्ष से अधिक आयु के युवा खिलाड़ियों ने इन्फ्लूएंसर्ज और मीडिया पेशेवरों की एक टीम के खिलाफ मुकाबला किया। इस मैच को खिलाड़ियों से शानदार प्रतिक्रिया मिली और इसने राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा विकास के एक अभियान के रूप में जीएमसीएल को मजबूत किया। इस अवसर पर सभी से इसमें भाग लेने की अपील भी की गई। इस अवसर पर, जीएमसीएल के संस्थापक बाबा इंदर प्रीत सिंह ने कहा कि जीएमसीएल देश भर में प्रेस कॉन्फ्रेंस और प्रदर्शनी मैचों के माध्यम से एक राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में जागरूकता फैलाएगा। हमारा उद्देश्य क्रिकेट को न केवल भारत में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी युवाओं के लिए एक करियर विकल्प के रूप में परिभाषित करना है।

हरियाणा के सभी गांवों में चलेगा सफाई अभियान

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। हरियाणा के ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत कार्यरत राज्य स्तरीय स्पेशल टास्क फोर्स के चेयरमैन एवं असंध से विधायक योगेंद्र सिंह राणा ने कहा कि हरियाणा की सभी ग्राम पंचायतों के साथ मिलकर प्रदेश भर के गांवों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। जिसके तहत गांवों की गलियों, तालाबों की सफाई, शहरों की तर्ज पर कूड़े को अलग-अलग करने की योजना को लागू किया जाएगा। योगेंद्र राणा चेयरमैन पद का कार्यभार ग्रहण करने के बाद मंगलवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा के स्पीकर हरविंद्र कल्याण, विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार तथा हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने उन्हें पदभार ग्रहण करवाया। पत्रकारों से बातचीत में योगेंद्र राणा ने इस नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बहुत जल्द संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक बुलाकर गांवों के लिए विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। अगले चार साल के लिए समूचे प्रदेश में स्वच्छता अभियान के लिए विशेष रोड मैप तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी तथा विकास एवं पंचायत मंत्री के साथ बैठक के बाद प्रदेश के सभी जिलों में जिला टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा। जिला स्तर पर टास्क फोर्स चेयरमैन तथा सदस्य नियुक्त किए जाएंगे।

'दिल्ली विस्फोट के साजिशकर्ताओं को नहीं बख्शेंगे'

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने दिल्ली के लाल किला के पास हुई विस्फोट की घटना को निंदनीय और दुखद बताया। उन्होंने कहा कि इस बम विस्फोट में शामिल लोगों का पर्दाफाश होगा और उन्हें मोदी सरकार कड़ी से कड़ी सजा दिलाएगी। मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि बम विस्फोट के साजिशकर्ता अगर पाताल में भी छिप जाए मोदी सरकार उन्हें छोड़ने वाली नहीं है। विस्फोट करने वालों को चेताते हुए कहा कि साजिशकर्ताओं को यह समझ लेना चाहिए कि अब वे पाताल में भी होंगे तो उन्हें मोदी सरकार किसी भी सूरत में नहीं बख्शेगी। उन्होंने भगवान से दिवंगतों की आत्मा को शांति प्रदान करने और शोकाकुल परिजनों को इस कठिन घड़ी में धैर्य और आत्मबल देने की प्रार्थना की। पंडित मोहन लाल बड़ौली मंगलवार को गुरुगाम स्थित मां शीतला देवी मंदिर पहुंचे और दर्शन कर पूजा अर्चना की। उन्होंने हरियाणा प्रदेश के जन-जन के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और आरोग्यता का प्रकाश सदा बना रहने की माता रानी से प्रार्थना की।

श्री गुरु तेग बहादुर संपूर्ण विश्व के मानवाधिकारों के प्रथम महानायक :सैनी

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

'हिंद की चादर' श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष के पावन अवसर पर मंगलवार को दूसरी पवित्र नगर कीर्तन यात्रा का शुभारंभ हरियाणा के पंचकूला जिले के पिंजौर स्थित पावन भूमि से हुआ।

इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में गुरुद्वारा श्री गुरु नानक दरबार, गांव गोरखनाथ में अरदास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष अरदास करते हुए प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक, अंबाला का नाम श्री गुरु तेग बहादुर जी के नाम पर रखने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी केवल सिख समुदाय या भारत के ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व के मानवाधिकारों के प्रथम

महानायक हैं। उन्होंने धर्म और देश की रक्षा हेतु सर्वोच्च बलिदान दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिंजौर से आरंभ की गई यह दूसरी नगर कीर्तन यात्रा, गुरु जी के तप, त्याग, विचार और धर्म रक्षा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का व्यापक अभियान है। उन्होंने बताया कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में चार पवित्र नगर कीर्तन यात्राएं निकाली जा रही हैं जो हरियाणा के सभी जिलों से गुजरेंगी। इन यात्राओं का समापन 24 नवंबर को कुरुक्षेत्र में होगा। अगले दिन, 25 नवंबर को श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी वर्ष पर कुरुक्षेत्र में महासमागम का आयोजन होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यातिथि के रूप में शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी का हरियाणा की पावन धरा से गहरा संबंध रहा है। वर्ष 1665 में उन्होंने सिख पंथ के मुख्यालय को धमतान (परगना जींद, बांगर देश - वर्तमान हरियाणा) में स्थानांतरित किया था। उसी वर्ष उन्होंने बांगर देश से लोहगढ़ की यात्रा करते हुए जींद, कैथल, चीका, कराह, सियाना सईदा और पिहोवा में संगत से मिलकर उन्हें धर्म मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इसके पश्चात गुरु जी ने कुरुक्षेत्र जिले के बारना गांव, थानेसर, लाडवा और यमुनानगर क्षेत्र में भी दौरा किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणावासियों का यह परम सौभाग्य है कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के पावन चरण इस भूमि पर कई बार पड़े। उन्होंने अपने प्रवास के दौरान संगतों को दिव्य ज्ञान प्रदान किया और धर्म की रक्षा के लिए प्रेरित किया। जहां-जहां वे पधारे, वहां स्थापित गुरुघर आज भी उनकी शिक्षाओं और आदर्शों की ज्योति को प्रज्वलित कर रहे हैं।

राज्यपाल ने मेडिसिटी, चंडीगढ़ में नए ग्रेवालआई इंस्टिट्यूट का किया उद्घाटन

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

ग्रेवाल आई इंस्टिट्यूट ने चंडीगढ़ में अपने नए आई हॉस्पिटल के उद्घाटन की घोषणा की। पंजाब के राज्यपाल एवं केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने मुख्यअतिथि के रूप में इस अत्याधुनिक सुविधा का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में चिकित्सा समुदाय के अनेक प्रतिष्ठित विशेषज्ञ और अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

दैनिक सुविधा को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया। यह अस्पताल पर्याप्तऑन-साइट पार्किंग (समर्पित ड्रॉप-ऑफ बे के साथ), बाधा-मुक्त एवं व्हीलचेयर-अनुकूल प्रवेश (चौड़े कॉरिडोर, रैंप और लिफ्टें) और सुविधाजनक सड़क संपर्क व सार्वजनिक परिवहन की निकटता प्रदान करता है।

नतीजतन, प्रतीक्षा समय कम, डायग्नोस्टिक्स समन्वित, और डॉक्टरों के साथ आमने-सामनेअधिक समय संभव होता है। नई सुविधा के साथ-साथ, ग्रेवाल आई इंस्टिट्यूट समुदाय-केंद्रित पहलों और रोगी-शिक्षा अभियानोंको और गहरा करेगा, ताकि क्षेत्र में सुलभ और उच्च-गुणवत्ता वाली नेत्र-सेवा केअपने दीर्घकालिक विजन को और सशक्त बनाया जा सके।

डायरेक्ट टू बाइप्लेन न्यूरो कैथलैब प्रोसेस से स्ट्रोक के मरीजों को मिली नई जिंदगी

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

एक मिनट का स्ट्रोक 20 लाख ब्रेन सेल्स को करता है प्रभावित

ब्रेन स्ट्रोक लंबी अवधि में दिव्यांगता और यहां तक कि मृत्यु का एक प्रमुख कारण है। यह जानलेवा मेडिकल स्थिति ब्रेन सेल्स (मस्तिष्क कोशिकाओं) को अपरिवर्तनीय नुक्सान पहुंचाती है। इसके साथ ही ये गोल्डन ऑवर के महत्व को भी सामने लाता है, जिसका अर्थ है कि स्ट्रोक होने के बाद के पहले 60 मिनट जान बचाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण होते हैं।

इलाज के लिए महत्वपूर्ण समय बचाने के लिए, फोर्टिस हॉस्पिटल मोहाली ने डायरेक्ट टू कैथ लैब स्ट्रोक ट्रीटमेंट प्रोसेस को शुरू किया है, जिसमें रोगी को रेडियोलॉजिकल स्कैन के बजाय सीधे फ्लैट पैनल सीटी क्षमता वाली बाइप्लेन न्यूरो कैथलैब में ले जाया जाता है - यह एक स्पेशलाइज्ड मेडिकल सुविधा है जो सबसे एडवांस्ड इमेजिंग तकनीक से लैस है जो न्यूरोवैस्कुलर स्थितियों के डायग्नोसिस और ट्रीटमेंट के लिए हाई-रिजॉल्यूशन सटीकता प्रदान करती है। यह इंस्टेंट मेडिकल इंटरवेंशन मस्तिष्क कोशिकाओं को बचाने और लॉन्गटर्म नुक्सान को कम करने में मदद करता है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए, डॉ. विवेक गुप्ता, एडीशनल डायरेक्टर, इंटरवेंशनल न्यूरोरेडियोलॉजी और डायरेक्टर, बाइप्लेन न्यूरो कैथलैब ने कहा कि एक मिनट का स्ट्रोक या रक्त की सप्लाई में कमी लगभग 20 लाख ब्रेन सेल्स को प्रभावित करती है।

संजीव भारद्वाज बने प्रदेश कांग्रेस के मीडिया इंचार्ज

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। हरियाणा कांग्रेस के नए प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने अब संगठन में नई नियुक्तियां शुरू कर दी हैं। पंचकूला निवासी संजीव भारद्वाज को बड़ी जिम्मेदारी देते हुए उन्हें प्रदेश कांग्रेस कमेटी का मीडिया इंचार्ज नियुक्त किया है। संजीव भारद्वाज की पत्नी सुधा भारद्वाज हरियाणा में महिला कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष हैं। संजीव भारद्वाज की नियुक्ति चांदवीर हुड्डा की जगह हुई है। उदयभान ने प्रधान बनने के बाद चांदवीर हुड्डा को यह जिम्मेदारी सौंपी थी। राव नरेंद्र सिंह ने मीडिया इंचार्ज का प्रस्ताव पार्टी के हरियाणा मामलों के प्रभारी बीके हरिप्रसाद को भेजा था। उनकी मंजूरी मिलने के बाद नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। इससे पहले संजीव भारद्वाज हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता भी रहे हैं।

स्वास्थ्य, आस्था व नशामुक्त पंजाब का दिया संदेश

अनंत ज्ञान, मोहाली

हंसाली खेल दौड़ 2025 का दो दिवसीय मैराथन भव्य तरीके से संपन्न हुआ।

इसमें हजारों धावकों, खेल प्रेमियों और स्वास्थ्य प्रेमियों ने भाग लिया। इस अवसर पर न केवल पंजाब से, बल्कि अन्य राज्यों से भी लोग पहुंचे। यह भव्य आयोजन हंसाली साहिब ट्रस्ट द्वारा संत बाबा परमजीत सिंह जी हंसाली साहिब वालों के नेतृत्व में ब्रह्म ज्ञानी संत बाबा अजीत सिंह जी हंसाली साहिब वालों के आशीर्वाद से आयोजित किया गया था। इस आयोजन को पंजाब पर्यटन, पैरागॉन सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 69 मोहाली और इंडिया रन फेस्टिवल का सहयोग प्राप्त था। इस दौड़ का उद्देश्य नशामुक्त पंजाब का संदेश फैलाना, कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना और 100 वर्षीय महान

धावक स्व. फौजा सिंह जी को श्रद्धांजलि देना था। 5, 10, 21 और 42 किलोमीटर की श्रेणियों में 4,000 से ज़्यादा प्रतिभागियों, जिनमें सभी आयु वर्ग के पुरुष और महिलाएं शामिल थे, ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ पूरी करने वाले प्रत्येक धावक को एक पदक प्रदान किया गया, जबकि प्रत्येक श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को ट्रॉफी, पदक और नकद पुरस्कार दिए गए। 10 किलोमीटर श्रेणी में प्रथम पुरस्कार 5100 रुपए, द्वितीय 2500 रुपए और तृतीय 1100 रुपए था। 21 किलोमीटर श्रेणी में प्रथम पुरस्कार 11000 रुपए, द्वितीय 5100 रुपए और तृतीय 3100 रुपए था। इसी प्रकार, 42 किलोमीटर मैराथन के लिए प्रथम पुरस्कार 15000 रुपए, द्वितीय 10100 रुपए और तृतीय 5000 रुपए था। पुरुषों (18-34 वर्ष) की 42 किलोमीटर श्रेणी में, रहीम के.एस. ने 2:45:40 के शानदार समय के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। दिनेश जंगा 2:49:20 के समय के साथ दूसरे और राघव ज्योत 2:50:44 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

देश-विदेश

पतंजलि के 'धोखा' वाले च्यवनप्राश एड पर रोक

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट बोला दूसरों को नीचा नहीं दिखा सकते, 72 घंटे के भीतर सभी प्लेटफॉर्म से हटाओ

दिल्ली हाईकोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद के स्पेशल च्यवनप्राश एड को 72 घंटे के भीतर बंद करने का आदेश दिया है। इस एड में पतंजलि ने दूसरे ब्रांड्स को 'धोखा' कहा था। डाबर इंडिया की शिकायत पर जस्टिस तेजस करिया की बेंच ने 6 नवंबर को ये अंतरिम आदेश पास किया था, जिसे आज पढ़ा गया। कोर्ट ने कहा कि आप तुलना करने वाला विज्ञापन चला सकते हैं, लेकिन दूसरों को नीचा दिखाने वाला या गलत और भ्रामक स्टेटमेंट्स नहीं चलेंगे। यह रोक फरवरी 2026 तक लागू रहेगी। अब पतंजलि अपने इस एड को टीवी, सोशल मीडिया और प्रिंट मीडिया कहीं भी नहीं दिखा सकता। कोर्ट ने कहा कि एक आम आदमी की नजर से देखें तो ये एड इम्प्रेशन क्रिएट करता है कि दूसरे प्रोडक्ट्स धोखा हैं। पतंजलि को 72 घंटों में एड को सभी प्लेटफॉर्म्स से हटाना या ब्लॉक करना होगा।

नेशनल टीवी चैनल्स, स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स, डिजिटल, प्रिंट मीडिया और सोशल मीडिया अकाउंट्स जैसे यूट्यूब, इंस्टाग्राम पर रोक। कोई नया एड नहीं चला सकता जो च्यवनप्राश को 'धोखा' कहे या उसके मेडिकल वैल्यू पर सवाल उठाए। (अनंत ज्ञान)

अमेरिका ने ड्रग्स ले जा रही नावों पर हवाई हमला किया, 6 लोगों की मौत

एजेंसी, वॉशिंगटन। अमेरिका ने पूर्वी प्रशांत महासागर में दो संदिग्ध नावों पर हवाई हमला किया। अमेरिका के रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने बताया कि ये नाव ड्रग्स लेकर जा रहे थे। इसमें 6 लोग मारे गए हैं। यह हमला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 'नार्को-आतंकवादियों' के खिलाफ मुहिम का हिस्सा है। हेगसेथ ने एक्स पर पोस्ट किया कि ट्रम्प के आदेश पर नावों पर हमले हुए। ये नावें आतंकवादी संगठनों से जुड़ी थीं और कोकीन तस्करी कर रही थीं। ट्रंप प्रशासन ने सितंबर से अब तक 19 हमले किए हैं, जिसमें कम से कम 75 लोग मारे गए है। (अनंत ज्ञान)

पाकिस्तान के डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में सुसाइड अटैक; 12 की मौत, 27 लोग घायल

एजेंसी, इस्लामाबाद

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के पास मंगलवार को दोपहर 1 बजे जोरदार धमाका हुआ। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें 12 लोगों की मौत हुई, जबकि 27 घायल हुए हैं। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि यह पुलिस लाइन्स हेडक्वार्टर तक सुनी गई, जिससे आसपास के इलाकों में दहशत फैल गई। हादसे के तुरंत बाद रेस्क्यू टीम और सुरक्षाबल मौके पर पहुंचे और पूरे क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि धमाका अदालत के पार्किंग एरिया में खड़ी गाड़ियों में हुआ। विस्फोट से कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए सुरक्षा एजेंसियां और बम निरोधक दस्ता मलबे की जांच कर रहे हैं। पाकिस्तानी जियो न्यूज के मुताबिक, यह विस्फोट एक सुसाइड अटैक था। अधिकारियों ने बताया कि हमलावर का सिर घटनास्थल पर मिला है, जिससे आत्मघाती हमले की पुष्टि हुई है। धमाके के समय कोर्ट हाउस इलाके में भारी ट्रैफिक था, जिसके कारण आसपास खड़े कई लोग भी घायल हो गए। सभी घायलों को तुरंत पीआईएमएस अस्पताल ले जाया गया। धमाके के बाद इलाके की घेराबंदी कर दी गई और सुरक्षा बलों ने पूरे क्षेत्र को सील कर दिया। अदालत परिसर को खाली करा लिया गया, वकीलों, न्यायाधीशों और अन्य नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। (अनंत ज्ञान)

दिल्ली धमाके के बाद पाक वायुसेना अलर्ट फाइटर जेट्स राजस्थान बॉर्डर पर गश्त कर रहे

एजेंसी, नई दिल्ली। दिल्ली धमाके के बाद पाकिस्तान ने घबराहट में राजस्थान से लगी सीमा पर वायु सेना की पेट्रोलिंग शुरू करा दी। उसकी तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने एक इमरजेंसी बैठक की। पीएम शहबाज शरीफ भी एनएसए और डीजी आईएसआई के साथ देर रात तक बैठकें करते रहे। इसी बीच जैसलमेर के बाड़मेर में सेना का युद्धाभ्यास ऑपरेशन त्रिशूल चल रहा है। इसमें पाकिस्तानी सीमा के पास हाईवे पर जगुआर फाइटर जेट उतारा गया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह सबसे बड़ा युद्धाभ्यास है। इस दौरान सुखोई-30 भी इमरजेंसी एयर स्ट्रिप पर उतरा। (अनंत ज्ञान)

लेबनान ने गद्दाफी के बेटे को रिहा किया

एजेंसी, बेरूत। लेबनान ने लीबिया के पूर्व तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी के सबसे छोटे बेटे हन्नीबल गद्दाफी को लगभग 10 वर्षों की हिरासत के बाद सोमवार को रिहा कर दिया। मीडिया खबरों के मुताबिक यह रिहाई 9 लाख डॉलर (लगभग 7.6 करोड़ रुपए) के जमानत भुगतान के बाद हुई, जो मूल रूप से निर्धारित 110 लाख डॉलर से काफी कम थी। 49 वर्षीय हन्नीबल गद्दाफी को दिसंबर 2015 में लेबनान पहुंचने पर गिरफ्तार कर लिया गया था। उन पर आरोप था कि उन्होंने 1978 में लेबनानी इमाम मुस्तफा अल-हज्जार के अपहरण और हत्या के बारे में जानकारी छिपाई, जो उनके पिता के शासनकाल के दौरान हुई थी। यह घटना लेबनानी आंदोलन 'अमल मिलिशिया' से जुड़ी थी, जिसे उनके पिता का समर्थन था। (अनंत ज्ञान)

लंदन में डेविड स्जेले को मिला बुकर प्राइज

एजेंसी, नई दिल्ली

लंदन में आयोजित बुकर प्राइज 2025 समारोह में डेविड स्जेले की नई उपन्यास फ्लेश को वह सम्मान मिला, जिसकी अवहेलना करना मुश्किल था। जूरी ने इसे 'सिंगुलर अचीवमेंट' (विलक्षण उपलब्धि) कहा-एक ऐसा उपन्यास जिसे, उनके शब्दों में, उन्होंने 'पहले कभी नहीं पढ़ा।'

फ्लेश को यह विशिष्ट स्थान सिर्फ उसके विषयों के कारण नहीं, बल्कि उसकी अनोखी शैली, उसकी चुप्पियों, और उसके पात्र 'इस्तवां' की उस मौजूदगी से मिला जो पन्नों के बीच होते हुए भी अज्ञात बनी रहती है। कहानी का नायक इस्तवां हंगरी की श्रमिक-

कालोनियों में पला, फिर बेहतर जीवन की तलाश में ब्रिटेन पहुंचा और वहां एक ऐसी दुनिया में खुद को पाता है, जहां वर्ग, शरीर, श्रम और अस्तित्व एक-दूसरे में उलझते हुए उसकी पहचान को लगातार बदलते रहते हैं। कहानी किसी बड़े प्लॉट या भावनात्मक चढ़ाव-उतार के बजाय छोटे, लगभग बोले न जाने वाले पलों से बनती है-वही पल जो एक आदमी के मन, उसके काम, उसकी इच्छाओं और उसकी असफलताओं को असल रूप में सामने लाते हैं। संवाद छोटे हैं-'ओके' और 'आई डोंट नो' -जैसे वाक्य, जिनके पीछे छिपी हुई थकान, दूरी और असहायता खुद पाठक पर उतर आती है। बुकर प्राइज जूरी ने इसी संक्षिप्त वाक्यांश को इसकी सबसे बड़ी ताकत बताया, क्योंकि लेखक ने भाषा को जटिल बनाए बिना एक ऐसे जीवन की परतें खोली हैं, जिसे साहित्य में अक्सर जगह नहीं मिलती। यह पुरुषत्व के उस रूप की खोज है जो न तो नायकत्व से भरा है, न नैतिकता के बड़े भाषणों से बल्कि रोज के संघर्ष, शरीर की सीमाओं, काम की कठोरता और अपनेपन की तलाश से बना है। (अनंत ज्ञान)

सेंसेक्स में 336 और निफ्टी में 121 अंक का उछाल

एजेंसी, मुंबई

हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को सेंसेक्स 336 अंक चढ़कर 83,871 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 121 अंक की तेजी रही, ये 25,695 के स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान बाजार में आज गिरावट थी। फिर, सेंसेक्स दिन के निचले स्तर से 600 अंक और निफ्टी 200 अंक रिकवर हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 24 शेयर्स ऊपर बंद हुए। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, अडाणी पोर्ट्स, महिंद्रा सहित कुल 8 शेयरों में 1%-2.5% तक की तेजी रही। बजाज फाइनेंस और बजाज फिनसर्व के शेयरों में 7.4% और

6.3% की गिरावट रही। वहीं, निफ्टी के 50 में से 40 शेयरों में तेजी रही। एनएसई के ऑटो सेक्टर में 1.07% और आईटी में 1.20% के साथ-साथ मेटल, प्राइवेट बैंकिंग और एफएमसीजी में तेजी रही। वहीं, सरकारी बैंकिंग, मीडिया, फार्मा और रियल्टी में गिरावट रही।

भारत-अमेरिका ट्रेड डील की उम्मीद: अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका और भारत ट्रेड डील के काफी करीब हैं। इससे आर्थिक और सुरक्षा संबंध मजबूत होंगे, एनर्जी एक्सपोर्ट बढ़ेगा और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। इससे निवेशकों का आत्मविश्वास बढ़ा है। वहीं, अमेरिकी सीनेट ने संघीय फंडिंग बहाल करने वाला बिल पास कर दिया, जिससे अमेरिका के इतिहास के सबसे लंबे शटडाउन का अंत होने की राह खुलेगी। इससे देरी से आने वाले आर्थिक डेटा (जैसे नॉन-फार्म पेरोल) पर स्पष्टता मिलेगी और फेडरल रिजर्व की नीति पर दिशा मिलेगी। (अनंत ज्ञान)

सोना 2,341 बढ़कर 1.24 लाख प्रति 10 ग्राम पहुंचा

एजेंसी, नई दिल्ली

सोने-चांदी के दाम में मंगलवार को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम सोना 1,706 रुपए बढ़कर 1,24,147 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने की कीमत 1,22,441 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। सिर्फ 2 कारोबारी दिनों में ही ये 4,047 रुपए बढ़ चुका है। बीते शुक्रवार को ये 1,20,100 रुपए पर था। वहीं, चांदी 2,695 रुपए बढ़कर 1,54,338 रुपए प्रति किलोग्राम पहुंच गई है। इससे पहले इसकी कीमत 1,51,643 प्रति किलोग्राम थी। 17 अक्तूबर को सोने ने 1,30,874 रुपए और 14 अक्तूबर को चांदी ने 1,78,100 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3% जीएसटी, मेकिंग चार्ज और ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल आरबीआई सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं। इस साल सोना 47,985 और चांदी 68,321 रुपए महंगी हुई है। (अनंत ज्ञान)

हम भारत के साथ एक समझौता कर रहे, टैरिफ कम कर देंगे: ट्रंप

एजेंसी, वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और भारत एक उचित व्यापार समझौते के काफी करीब हैं, जो पिछले समझौतों से बेहतर होगा। उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा कि भले ही अभी भारतीय अधिकारी उन्हें पसंद न करते हों, लेकिन समझौते के बाद वे उन्हें फिर से पसंद करने लगेंगे, क्योंकि यह सबके लिए अच्छा होगा। ट्रंप ने यह भी संकेत दिया कि वे भारत पर लगे वर्तमान टैरिफ (आयात शुल्क) को कम करने के लिए तैयार हैं।

इस दौरान, भारत में अमेरिका के मनोनीत राजदूत सर्जियो गोर के शपथ ग्रहण समारोह की अध्यक्षता करते हुए, ट्रंप ने भारत को एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार बताया। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और तेजी से बढ़ता हुआ देश है जिसकी आबादी 1.5 अरब से ज्यादा है, और प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनके संबंध शानदार हैं। ट्रंप ने राजदूत गोर पर भरोसा जताते हुए कहा कि वह दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करेंगे। (अनंत ज्ञान)

पाक जनरल आसिम मुनीर को मिली 'सुपरपावर'

एजेंसी, इस्लामाबाद

पाकिस्तान के संविधान में सत्ता के शीर्ष पदों के लिए कुछ अहम और आमूलचूल बदलाव किए जा रहे है। पाकिस्तान की संसद के उच्च सदन, सीनेट ने विवादास्पद 27वें संवैधानिक संशोधन को मंजूरी दे दी, जिसके तहत चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेस (रक्षा बल मुख्य प्रमुख) का एक नया पद सृजित किया जाएगा और एक संवैधानिक न्यायालय की स्थापना की जाएगी। यह विधेयक कई हफ्तों से विवाद का विषय बना हुआ था। सोमवार को कानून मंत्री आजम नजीर तरार ने इसे सीनेट में पेश किया, जबकि कार्यवाही की अध्यक्षता सीनेट के चेयरमैन यूसुफ रजा गिलानी ने की।

27वां संविधान संशोधन कर बनाया सीडीएफ

सरकार और उसके गठबंधन सहयोगियों ने मतदान में 64 मतों के साथ दो-तिहाई बहुमत हासिल किया, इसमें दो विपक्षी सांसदों का भी उसे साथ मिला। संविधान संशोधन विधेयक के अनुसार, अब राष्ट्रपति प्रधानमंत्री की सलाह पर सेना प्रमुख (चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ) और चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज की नियुक्ति करेंगे। इसमें यह भी प्रस्तावित किया गया है कि ज्वॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी के चेयरमैन का पद 27 नवंबर को समाप्त हो जाएगा। नए प्रावधानों के अनुसार सेना प्रमुख ही चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेस भी होंगे। आर्मी चीफ प्रधानमंत्री से परामर्श करके नेशनल स्ट्रैटेजिक कमांड के प्रमुख की नियुक्ति भी करेंगे और यह प्रमुख पाकिस्तान सेना से ही होगा। चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेस सेना, नौसेना और वायुसेना तीनों पर एकीकृत नियंत्रण रखेगा, क्योंकि आसिम मुनीर पहले से ही फील्ड मार्शल और आर्मी चीफ दोनों पदों पर हैं, इसलिए यह नया पद उन्हें पाकिस्तान की पूरी सैन्य व्यवस्था पर एकछत्र नियंत्रण देता है। अब सरकार को सशस्त्र बलों के अधिकारियों को फील्ड मार्शल, मार्शल ऑफ द एयर फोर्स और एडमिरल ऑफ द फ्लीट जैसे उच्च रैंकों तक पदोन्नत करने का अधिकार होगा।

फील्ड मार्शल का पद और उसके विशेषाधिकार आजीवन रहेंगे यानी जिन्हें यह पद मिलेगा, वे जीवनभर फील्ड मार्शल बने रहेंगे। नई व्यवस्था के तहत पाकिस्तान आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर को अतिरिक्त अधिकार मिलेंगे, क्योंकि अब वही चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज की भूमिका भी निभाएंगे. आसिम मुनीर फील्ड मार्शल हैं और वे आजीवन इस पद पर बने रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

स्पोर्ट्स विंडो

नैशा कुमामोतो मास्टर्स जापान ओपन के क्वालीफायर में हारी

एजेंसी, कुमामोतो (जापान)। भारत की युवा बैडमिंटन खिलाड़ी नैशा कौर भटोये मंगलवार को यहां क्वालीफायर में न्यूजीलैंड की शाउना ली से सीधे गेम में हारकर कुमामोतो मास्टर्स जापान ओपन के मुख्य ड्रॉ के लिए [ालीफाई करने में विफल रहीं। यह 17 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी इस सुपर 500 टूर्नामेंट के महिला एकल के [ालीफिकेशन राउंड में 32 मिनट में अपने से ऊंची रैंकिंग वाली प्रतिद्वंद्वी से 17-21, 18-21 से हार गई। इस प्रकार प्रतियोगिता के महिला एकल स्पर्धा में भारत का कोई प्रतिनिधित्व नहीं होगा। पुरुष एकल में लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय बुधवार को 475,000 डॉलर इनामी इस प्रतियोगिता में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। (अनंत ज्ञान)

फुटबाल खिलाड़ियों ने आईएसएल शुरू करने का किया आग्रह

एजेंसी, नई दिल्ली। भारतीय फुटबाल खिलाड़ियों ने मंगलवार को एक संयुक्त बयान जारी कर प्रशासकों से इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का नया सत्र जल्दी से जल्दी शुरू करने की अपील करते हुए कहा कि उनका गुस्सा और हताशा अब व्याकुलता में बदल गई है। यह अपील ऐसे समय में की गई है, जब अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने पिछले सप्ताह कहा था कि 16 अक्तूबर को आईएसएल के वाणिज्यिक अधिकारों के लिए अनुरोध (आरएफपी) के बाद उसे कोई बोली नहीं मिली है। इस आरएफपी में लीग के वाणिज्यिक और मीडिया अधिकारों के लिए 15 साल के अनुबंध के लिए बोलियां आमंत्रित की गई थीं। स्टार डिफेंडर संदेश झिंगन ने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा कि अभी हम जहां हैं, वहां से देरी करना अच्छा नहीं होगा। कोच, प्रशंसक, स्टाफ के सदस्य और खिलाड़ियों के लिए सब कुछ ठहर गया है। हमने बहुत मेहनत की है। हमने बहुत त्याग किया है और हम अपने सत्र को यूं ही खत्म नहीं होना देना चाहते हैं। (अनंत ज्ञान)

पाकिस्तान क्रिकेटर नसीम शाह के घर पर फायरिंग, बाल-बाल बचा परिवार

एजेंसी, इस्लामाबाद। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह के घर पर फायरिंग की घटना सामने आई है। यह वारदात उनके खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लोअर दीर इलाके में स्थित घर पर हुई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जिस समय हमला हुआ, उस वक्त नसीम शाह का परिवार घर पर मौजूद था। फायरिंग के दौरान घर की खिड़कियों, पार्किंग एरिया और मेन गेट को नुकसान पहुंचा है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि नसीम के छोटे भाई हुनेन शाह और उबैद शाह उस समय घर पर थे या नहीं। हुनेन शाह, जिन्होंने इस्लामाबाद यूनाइटेड की ओर से पीएसएल 2024 फाइनल में विजयी रन बनाए थे, हाल ही में कायदे-आजम ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया था, जहां उन्होंने अर्धशतक जमाने के साथ छह विकेट भी झटके। वहीं, उबैद शाह, जो मुल्तान सुल्तान्स की ओर से पीएसएल में खेलते हैं, ने पिछले महीने के अंत में लाहौर व्हाइट्स के लिए एक घरेलू मैच खेला था। (अनंत ज्ञान)

सामिया आरजू का खूबसूरत अंदाज

पाकिस्तान। हसन अली की पत्नी सामिया आरजू हरियाणा के नूंह जिले के मेवात की रहने वाली हैं। आरजू फ्लाइट अटेंडेंट भी रही हैं। इसी दौरान दुबई में उनकी मुलाकात हसन अली से हुई थी। सामिया के इंस्टाग्राम पर 3 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं।

टीम इंडिया के पास डब्ल्यूटीसी की प्वॉइंट्स टेबल के टॉप-2 में पहुंचने का मौका

ऑस्ट्रेलिया टॉप पर काबिज, भारत और दक्षिण अफ्रीका के लिए टेस्ट सीरीज अहम

एजेंसी, नई दिल्ली

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 (डब्ल्यूटीसी) के चक्र के लिए अगले दो महीने बेहद ही महत्वपूर्ण होने वाले हैं। इस दौरान कई टीमें फाइनल की दौड़ में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए एक-दूसरे से भिड़ेंगी। इसकी शुरुआज भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज के साथ 14 नवंबर से होने जा रही है। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज सीरीज प्वॉइंट्स टेबल पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालेगी। भारत ने सात में से चार मैच जीतकर 61.90% अंकों के साथ शानदार शुरुआत की है, लेकिन वह फिलहाल तीसरे पायदान पर है।

अब भारत को घरेलू सीरीज में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चुनौती का सामना करना है। अगर भारतीय टीम डिफेंडिंग चैंपियन के खिलाफ घरेलू सीरीज 2-0 से जीतती है तो उसका जीत प्रतिशत दूसरे स्थान पर काबिज श्रीलंका (66.67%) से ज्यादा हो जाएगा और इस तरह वह ऑस्ट्रेलिया के बाद दूसरे पायदान पर पहुंच जाएगी। (अनंत ज्ञान)

दक्षिण अफ्रीका के पास भी मौका

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम की बात करें तो उसने अब तक दो में से एक टेस्ट जीता है और वह वर्तमान में 50% अंकों के साथ पांचवें पायदान पर हैं। भारत के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज में उसके पास भी टॉप-2 में पहुंचने का बड़ा मौका है। अगर वह भारत को उसके घर में 2-0 से हराने में सफल हो जाती है तो वह 75% जीत प्रतिशत के साथ दूसरे पायदान पर पहुंच जाएगी।

भारत में 15 साल से टेस्ट नहीं जीता साउथ अफ्रीका

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियन साउथ अफ्रीका भारत दौरे पर है, जहां उसे दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। अफ्रीकी टीम के लिए यह दौरा आसान नहीं होगा, क्योंकि वह 15 साल से भारत में एक भी टेस्ट मैच नहीं जीत सकी है। हालांकि, साउथ अफ्रीका जून 2025 में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप जीतने के बाद एक भी सीरीज नहीं हारा है। दोनों टेस्ट मैच कोलकाता और गुवाहाटी में होंगे। यहां की स्पिन-फ्रेंडली पिचों पर रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल जैसे स्पिन ऑलराउंडर भारत की सबसे बड़ी ताकत साबित होंगे। इन तीनों के साथ चाइनामैन कुलदीप यादव साउथ अफ्रीकी बल्लेबाजों के लिए बड़ी परेशानी साबित हो सकते हैं।

पंत की वापसी, जुरेल के शतकों ने बढ़ाई चयनकर्ताओं की मुश्किल

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेली जाने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला 14 नवंबर से खेला जाएगा। कोलकाता के ऐतिहासिक ईडन गार्डन्स में खेले जाने वाले इस मैच में भारतीय विकेट कीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत चोट के बाद वापसी करेंगे। इसके बावजूद उनके बैकअप विकेट कीपर ध्रुव जुरेल के टीम में बने रहने की उम्मीद है। इसकी बड़ी वजह उनका फॉर्म है।

दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ खिलाफ खेले गए दूसरे अनौपचारिक टेस्ट में जुरेल ने दोनों पारियों में शतक ठोके हैं। ध्रुव जुरेल को दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ सिर्फ दूसरे टेस्ट में ही खेलने का मौका मिला। यहां उन्होंने पहली पारी में 175 गेंद पर 12 चौके और चार छक्के की मदद से नाबाद 132 रन बनाए, जबकि दूसरी पारी में उन्होंने 170 गेंद पर 15 चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 127 रन की शानदार पारी खेली। इस टेस्ट में अब तक जुरेल एक बार भी आउट नहीं हुआ हैं। जुरेल एक मैच कम खेलने के बावजूद इस सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने दो पारियों में 259 रन बनाए हैं। (अनंत ज्ञान)

साई सुदर्शन या नीतीश रेड्डी का कटेगा पत्ता

जुरेल को कोलकाता टेस्ट में बल्लेबाज साई सुदर्शन या तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी में से किसी एक कि जगह मौका मिलना तय है, लेकिन इससे एक बार फिर टीम को अपने बैटिंग कॉम्बिनेशन में बदलाव करना होगा। टी-20 सीरीज में भी टीम मैनेजमेंट बार-बार बैटिंग कॉम्बिनेशन बादल रहा था। ऐसे में टेस्ट मैच में यह करना कितना सही होगा, ये वक्त ही बताएगा।

दिल्ली धमाके के बाद भारत और दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम के होटल की सुरक्षा बढ़ाई

एजेंसी, नई दिल्ली। दिल्ली में हुए धमाके के बाद कोलकाता पुलिस ने ईडन गार्डन्स स्टेडियम की सुरक्षा बढ़ा दी है। साथ ही भारत और साउथ अफ्रीका की टीमें जहां ठहरी हुई हैं, उन होटलों के बाहर तैनात पुलिसकर्मियों की संख्या भी बढ़ाई गई है। दरअसल साउथ अफ्रीकी टीम इस समय भारत दौरे पर है। टीम को 2 टेस्ट, 3 वनडे और 5 टी-20 मैच खेलने हैं।

दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला 14 नवंबर से कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा। टीम इंडिया और दक्षिण अफ्रीका पहले ही कोलकाता पहुंच चुकी हैं। सोमवार को हुए दिल्ली धमाके में 12 लोगों की जान चली गई है। इसके बाद कोलकाता पुलिस ने भारत और साउथ अफ्रीका दोनों टीमों की सुरक्षा को लेकर विशेष योजना तैयार की गई है। ईडन गार्डन्स और टीम होटलों के आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

सम्राट राणा ने वर्ल्ड शूटिंग चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

एजेंसी, काहिरा

करनाल के युवा निशानेबाज सम्राट राणा ने वर्ल्ड शूटिंग चैंपियनशिप में भारत को गोल्ड मेडल दिलाया। इजिपत के काहिरा में चल रही चैंपियनशिप तीसरे दिन सम्राट ने पुरुषों के 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में 243.7 अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया। चीन के हू काई (243.7 अंक) को सिल्वर और एक अन्य भारतीय वरुण कुमार (243.7 अंक) को ब्रॉन्ज मेडल मिला है। वहीं, महिलाओं के 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में डबल ओलिंपिक मेडलिस्ट मनु भाकर और ईशा सिंह मेडल जीतने से चूक गईं। भारत को दो गोल्ड, एक सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल मिले हैं। इसके साथ भारत के मेडल टैली में 13 मेडल हो गए हैं। इनमें 3 गोल्ड, 3 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। फिलहाल, भारत मेडल टैली के दूसरे स्थान पर कायम है।

एक खराब निशाने से मनु का मेडल छूटा मनु का फाइनल में प्रदर्शन अच्छा चल रहा था, लेकिन 14वें निशाने में 8.8 का खराब स्कोर करने के कारण वह शीर्ष स्थान से फिसलकर सातवें स्थान पर आ गईं। वह 139.5 अंक के साथ मेडल रेस से बाहर हो गईं। साथ ही ईशा दबाव में दिखीं। फाइनल में 10.7 के शानदार प्रदर्शन के बाद 14वें निशाने में 8.4 अंक ही बना पाईं और छठे स्थान पर रहीं। चीन की 20 वर्षीय याओ कियानक्सुन (243.0 अंक) ने गोल्ड, हांगकांग-चीन की हो चिंग शिंग (241.2) ने सिल्वर और वेई कियान (चीन, 221.4) ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। (अनंत ज्ञान)

भारत 9 मेडल के साथ नंबर-2 पर आया, मनु और ईशा 10 मीटर एयर पिस्टल में मेडल चूकीं

ऐतिहासिक पोल पोजीशन के बाद तीसरे स्थान पर रही अतीका मीर

एजेंसी, अबू धाबी

भारत की युवा ड्राइवर अतीका मीर यहां फॉर्मूला वन अकादमी की सीओटीएफए यूएई कार्टिंग सीरीज के शुरुआती दौर में ऐतिहासिक पोल पोजीशन हासिल करने के बाद तीसरे स्थान पर रही।

दस वर्षीय अतीका पहली भारतीय रेसर हैं, जिन्हें फॉर्मूला वन ने अपने कार्यक्रम के लिए चुना है। चैंपियंस ऑफ द फ्यूचर अकादमी (सीओटीएफए) की अंतरराष्ट्रीय सीरीज का पहले से ही हिस्सा रही अतीका को पिछले महीने फॉर्मूला वन अकादमी ने दो राउंड की सीओटीएफए यूएई चैंपियनशिप के लिए चुना था।

अतीका ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उन्होंने पोल पोजीशन हासिल की और इस तरह से सीओटीएफए मिनी वर्ग में यह उपलब्धि हासिल करने वाली विश्व की पहली महिला बनीं। इसके बाद वह पोडियम पर पहुंचने में भी सफल रही। जम्मू-कश्मीर की रहने वाली अतीका ने कहा कि यह सप्ताहांत मेरे लिए शानदार रहा। मैंने क्वालिफिकेशन में पोल पोजीशन हासिल की। मैं फाइनल में जीतना चाहती थी, लेकिन आखिर में तीसरे स्थान पर रही। यहां से मिली सीख से मैं आगे अपने प्रदर्शन में सुधार करने की कोशिश करूंगी। अतीका के पिता और भारत के पहले राष्ट्रीय कार्टिंग चैंपियन आसिफ मीर का मानना है कि पोल पोजीशन और पोडियम हासिल करने के बावजूद यह मिश्रित सफलता वाला सप्ताहांत रहा। (अनंत ज्ञान)

स्टार खिलाड़ी को नजरअंदाज करने पर टीम इंडिया के सेलेक्टर्स पर भड़के गांगुली

एजेंसी, नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए हाल ही में भारतीय टीम का ऐलान किया है। इस सीरीज का पहला मुकाबला 14 नवंबर से कोलकाता में खेला जाना है। इससे पहले पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने कहा कि मोहम्मद शमी को सभी फॉर्मेट में राष्ट्रीय टीम में वापसी करनी चाहिए। गांगुली ने कहा कि शमी फिट हैं और अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि चयनकर्ता इस तेज गेंदबाज से आगे की सोच रहे हैं, जिन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के लिए नहीं चुना गया है।

शमी ने आखिरी बार मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए खेला था। सौरव गांगुली ने कहा कि मोहम्मद शमी असाधारण रूप से अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। वह फिट हैं और हमने तीन रणजी ट्रॉफी मैचों में देखा है, जहां उन्होंने अपने दम पर बंगाल को जीत दिलाई है। बता दें कि शमी ने इस सीजन के पहले दो रणजी ट्रॉफी मैचों में बंगाल के लिए 15 विकेट लिए। उन्होंने तीन मैचों में 91 ओवर फेंके। हालांकि त्रिपुरा के खिलाफ मैच में एक भी विकेट नहीं ले पाए। उन्होंने 2023 वनडे विश्व कप के बाद टखने की सर्जरी करवाई थी। विश्व कप में उन्होंने 10.70 की औसत से 24 विकेट लिए और सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। मीडिया रिपोर्ट में गांगुली ने कहा कि मुझे यकीन है कि चयनकर्ता नजर रख रहे हैं और मोहम्मद शमी से चयनकर्ताओं की बातचीत चल रही है, लेकिन अगर आप मुझसे पूछें तो फिटनेस और कौशल के मामले में यह वही मोहम्मद शमी है, जिसे हम जानते हैं। इसलिए मुझे वास्तव में कोई कारण नहीं दिखता कि वह भारत के लिए टेस्ट मैच, वनडे क्रिकेट और टी20 क्रिकेट क्यों नहीं खेल सकते? (अनंत ज्ञान)

एटीपी फाइनल्स: जैनिक सिनर ने जीत के साथ की अभियान की शुरुआत

एजेंसी, ट्यूरिन

इटली के टेनिस स्टार जैनिक सिनर ने एटीपी फाइनल्स में अपने खिताब बचाव अभियान की जोरदार शुरुआत की। ट्यूरिन के इनालपी एरेना में खेले गए राउंड-रॉबिन मुकाबले में उन्होंने कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिम को 7-5, 6-1 से हराकर पहला मैच अपने नाम किया। यह मुकाबला सिनर और ऑगर-अलियासिम के बीच अगस्त के बाद से चौथा था, और पिछली भिड़ंत के केवल आठ दिन बाद हुआ।

नतीजा एक बार फिर वही रहा- सिनर ने धीरे-धीरे मैच पर अपनी पकड़ मजबूत करते हुए चोटिल कनाडाई खिलाड़ी को मात दी। दूसरे सेट के दौरान फेलिक्स को बाएं पिंडली में तकलीफ हुई, जिसके चलते उन्हें मेडिकल टाइमआउट लेना पड़ा। इस जीत के साथ सिनर ने इंडोर हार्ड कोर्ट पर अपनी लगातार जीतों की लकीर 27 मैचों तक बढ़ा दी। उनकी आखिरी हार 2023 एटीपी फाइनल्स के फाइनल में नोवाक जोकोविच के खिलाफ आई थी। सिनर अब कार्लोस अल्कराज के साथ वर्ष के अंत में विश्व नंबर 1 बनने की दौड़ में हैं। सिनर को यह खिताब बचाना जरूरी है, ताकि वे शीर्ष स्थान की दौड़ में बने रहें, जबकि अल्कारेज अपने शुरुआती मैच में जीत के बाद अब केवल दो और मैच जीतकर यह स्थान सुरक्षित कर सकते हैं। पहले सेट में सिनर ने बेहतरीन शुरुआत की, पहला गेम बिना कोई अंक गंवाए जीता और अपनी सर्व पर केवल तीन अंक खोए। उन्होंने पांच ब्रेक प्वाइंट बनाए और बैकहैंड तथा फोरहैंड दोनों में शानदार नियंत्रण दिखाया। फेलिक्स ने हालांकि आठ ऐस लगाकर कड़ा मुकाबला किया और चार ब्रेक प्वॉइंट बचाए, लेकिन सिनर ने 6-5 की बढ़त के समय निर्णायक ब्रेक हासिल कर पहला सेट जीत लिया। सिनर ने कहा कि यह मैच काफी कठिन था, खासकर पहले सेट तक। उन्होंने बहुत आक्रामक टेनिस खेली, इसलिए मैं खुश हूं कि मैं यह चुनौती पार कर सका। इस टूर्नामेंट में पहला मैच जीतना बहुत जरूरी होता है। दूसरे सेट में सिनर ने 3-0 की बढ़त बना ली और इसी बीच फेलिक्स को पिंडली की समस्या के कारण मेडिकल टाइमआउट लेना पड़ा। (अनंत ज्ञान)

त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की टीम से जुड़ सकते हैं शादाब

एजेंसी, लाहौर। अनुभवी ऑलराउंडर शादाब खान को 17 नवंबर से लाहौर और रावलपिंडी में होने वाली टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की टीम में शामिल किया जा सकता है। इस श्रृंखला में पाकिस्तान के अलावा श्रीलंका और जिम्बाब्वे की टीम भी शामिल हैं। कंधे की सर्जरी के बाद रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे शादाब ने हाल में लाहौर में एक अभ्यास मैच खेला था। इस दौरान चयनकर्ताओं की उन पर कड़ी नजर थी, जिनमें राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख आकिब जावेद भी शामिल थे।

शादाब अगर वापसी करते हैं तो उन्हें सलमान अली आगा की जगह टी-20 टीम का कप्तान नियुक्त किया जा सकता है। चयनकर्ताओं के एक करीबी सूत्र ने कहा कि ऐसा लगता है कि शादाब कंधे की चोट से पूरी तरह उबर चुके हैं और उन्हें टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए टीम में शामिल किया जा सकता है। शादाब ने कुछ टी-20 मैचों में पाकिस्तान की कप्तानी की है। वह पाकिस्तान की तरफ से आखिरी बार इस साल की शुरुआत में बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में खेले थे। (अनंत ज्ञान)

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला महत्वपूर्ण: सिराज

एजेंसी, कोलकात। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को पूरा विश्वास है कि वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के गत विजेता दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ के शुक्रवार से यहां शुरू होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला में दमदार प्रदर्शन करेंगे।

भारत डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में अभी तीसरे स्थान पर है। उसने इस चक्र के शुरू में घरेलू मैदान पर वेस्टइंडीज को दो टेस्ट मैच में हराने से पहले इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला 2-2 से श्रृंखला बराबर की थी। दूसरी तरफ दक्षिण अफ्रीका ने अपने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खिताब का बचाव करने के अभियान की शुरुआत पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में 1-1 से ड्रॉ के साथ की। सिराज ने जियोस्टार पर कहा कि यह श्रृंखला नए डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए महत्वपूर्ण है, खासकर इसलिए क्योंकि दक्षिण अफ्रीका गत चैंपियन है। भले ही उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला 1-1 से ड्रॉ खेली, लेकिन हम अपनी अच्छी फॉर्म से आश्वस्त हैं। हमने सकारात्मक माहौल तैयार किया है। हमने इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन किया और वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत हासिल की।

सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया और वह 23 विकेट लेकर श्रृंखला में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ भी अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी और दो मैचों में 10 विकेट लिए। उन्होंने कहा कि मैं अच्छी लय के साथ गेंदबाजी कर रहा हूं और इसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश कर रहा हूं। मजबूत टीमों का सामना करने से उन क्षेत्रों की पहचान करने में मदद मिलती है जिनमें सुधार की जरूरत है और मैं इस चुनौती के लिए वास्तव में काफी उत्साहित हूं। (अनंत ज्ञान)

रणजी मैच बड़ा उलटफेर: कामरान इकबाल का शतक, दिल्ली को सात विकेट से हराया

65 साल में पहली बार जेएंडके से हारा दिल्ली

एजेंसी, नई दिल्ली

सलामी बल्लेबाज कामरान इकबाल के शानदार शतक की बदौलत जम्मू-कश्मीर ने मंगलवार को यहां दिल्ली को सात विकेट से शिकस्त देकर इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 65 साल में पहली जीत दर्ज की। दिल्ली क्रिकेट की गिरती साख का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि टीम तीन घरेलू मैचों में सिर्फ चार अंक हासिल कर सकी। टीम कुल सात अंकों के साथ ग्रुप डी में आठ टीमों के बीच छठे स्थान पर है और उसे नॉकआउट के लिए क्वालीफाई के लिए चमत्कार की जरूरत होगी।

सात बार की रणजी चैंपियन दिल्ली की टीम के इस तरह के पतन के कई कारण है, जिसमें संदिग्ध चयन, खराब रणनीतियां, चतुर कप्तानी के अभाव के अलावा दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) में गुटबाजी और अंदरूनी कलह प्रमुख है। दिल्ली और जम्मू-कश्मीर की टीमों ने 1960 से अब तक 43 बार एक दूसरे का आमना सामना किया है और इनमें से 37 मैचों में दिल्ली ने जीत दर्ज की है, जबकि जम्मू कश्मीर की यह पहली जीत है। जीत के लिए 179 रन का पीछा कर रही जम्मू कश्मीर को मैच के आखिरी दिन 124 रन की जरूरत थी। सलामी बल्लेबाज इकबाल ने 147 गेंद में नाबाद 133 रन बनाकर जम्मू-कश्मीर को आसान जीत दिला दी। जम्मू-कश्मीर ने दिन की शुरुआत दूसरी पारी में 55 रन पर दो विकेट से आगे से की। इकबाल ने रात्रि प्रहरी वंशज शर्मा (60 गेंद में आठ रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी कर दिल्ली को जीत से दूर कर दिया। बीते दिन जिस पिच पर बल्लेबाजों को परेशानी का सामना करना पड़ा था, वहां इकबाल ने खुद जिम्मेदारी उठाते हुए मनन भारद्वाज और ऋतिक शौकिन जैसे दिल्ली के स्पिनरों के खिलाफ बेखौफ बल्लेबाजी की। इन स्पिनरों को पिच से कोई खास मदद नहीं मिली। इकबाल ने शतक पूरा करने के बाद एक हाथ से स्लॉग स्वीप पर मन मुताबिक छक्के जड़े। जम्मू कश्मीर के कप्तान 40 साल के दिग्गज पारस डोगरा ने भी इस मैच की पहली पारी में शतक लगाकर टीम की जीत में अहम योगदान दिया। अपने 22वें प्रथम श्रेणी सत्र रणजी ट्रॉफी में रनों के मामले में मुंबई के दिग्गज वसीम जाफर के बाद दूसरे नंबर पर पहुंच गए। डोगरा ने इस सत्र में मुंबई और दिल्ली दोनों के खिलाफ शतक बनाए। दिल्ली के पिछले सत्र में खराब प्रदर्शन के बावजूद एक गुट के दबाव में शरणदीप को मुख्य कोच बनाए रखा गया। कप्तान आयुष बदोनी ने अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित किया, लेकिन डीपीएल में शीर्ष स्कोरर अर्पित राणा अच्छी तेज गेंदबाजी का डटकर सामना नहीं कर पाए। प्रियांश आर्य जैसे सकारात्मक सलामी बल्लेबाज को पहले दो मैचों में बेंच पर बैठाया गया और फिर चौथे नंबर पर खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस हार के बाद डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली के सख्त रुख अपनाने की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)

मैनचेस्टर यूनाइटेड के स्ट्राइकर सेस्को वर्ल्ड कप क्वालीफायर मुकाबलों से बाहर

एजेंसी, मैनचेस्टर

स्लोवेनिया को बड़ा झटका लगा है। टीम के स्टार फॉरवर्ड और मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाड़ी बेंजामिन सेस्को घुटने की चोट के कारण आगामी फीफा वर्ल्ड कप क्वालीफायर मुकाबलों से बाहर हो गए हैं। सेस्को प्रीमियर लीग में टॉटनहैम हॉटस्पर के खिलाफ खेले गए मैच में 88वें मिनट में चोटिल होकर मैदान से बाहर चले गए थे।

हालांकि, क्लब ने कहा कि यह चोट गंभीर नहीं है, लेकिन खिलाड़ी को कैरींगटन ट्रेनिंग कॉम्प्लेक्स में निगरानी में रखा जाएगा और इस सप्ताह उनका मूल्यांकन जारी रहेगा। स्लोवेनिया को विश्व कप क्वालीफिकेशन की उम्मीदें जिंदा रखने के लिए शनिवार को कोसोवो के खिलाफ जीत और 18 नवंबर को स्वीडन के खिलाफ कम से कम ड्रॉ की जरूरत है। वर्तमान में स्लोवेनिया ग्रुप बी में तीन अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। स्विट्जरलैंड (10 अंक) शीर्ष पर है, जबकि कोसोवो (7 अंक) दूसरे स्थान पर है। स्वीडन के पास केवल एक अंक है। (अनंत ज्ञान)